YouTube kanwhizztimes
Facebook @kanwhizztimes lucknow
Twitter @kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-15 | अंक-21 | बुधवार, 18 फरवरी 2026 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12




भारत की एक बड़ी ताकत यह है कि देश की 51 प्रतिशत बिजली उत्पादन क्षमता स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों से आती है। प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता और स्वच्छ ऊर्जा के प्रति प्रतिबद्धता के कारण यह संभव हुआ है। एआई के लिए ऊर्जा परत में निवेश का यह बड़ा लाभ भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएगा। **अश्विनी वैष्णव**

ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा का पांच दिवसीय भारत दौरा आज से 11

धामी सरकार का अभियान तेज शत्रु संपत्तियां होंगी कब्जा मुक्त 12

# तारिक रहमान ने ली पीएम पद की शपथ

## बने बांग्लादेश के 11वें प्रधानमंत्री



एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के अध्यक्ष और 17 साल के निर्वासन के बाद स्वदेश लौटे तारिक रहमान ने मंगलवार को बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने उन्हें अपराह्न 4.15 बजे शपथ दिलाई। तारिक रहमान बांग्लादेश के 11वें प्रधानमंत्री हैं। जुलाई 2025 में प्रधानमंत्री शेख हसीना सरकार के गिरने के बाद मोहम्मद यूनुस बांग्लादेश सरकार के सलाहकार के तौर पर देश संभाल रहे थे। मोहम्मद यूनुस की देखरेख में करीब आठ महीने चले शासन के बाद 12 फरवरी 2026 को बांग्लादेश के आम चुनाव हुए। बीएनपी ने इन चुनावों में 299 में से 209 सीटें जीतकर कर इतिहास बना दिया।

इससे पहले तारिक रहमान को मंगलवार को पार्टी संसदीय दल का नेता चुना गया। पार्टी अधिकारियों ने बताया कि उनके कैबिनेट में 49 सदस्यों के शामिल होने की संभावना है। तारिक रहमान को चुनने का निर्णय पूर्वाह्न 11:30 बजे के बाद नवनिर्वाचित बीएनपी सांसदों की बैठक में लिया गया। यह बैठक उनके सांसद के रूप में शपथ लेने के तुरंत बाद संसदीय दल के कक्ष में हुई। सूत्रों ने कहा कि तारिक रहमान के नेतृत्व में मंत्रिमंडल का आकार बड़ा होगा, जिसमें 25 पूर्ण कैबिनेट मंत्री और 24 राज्य मंत्री ● शेष पेज 11 पर

# नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाना चाहिए : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि देश में विभिन्न राजनीतिक दलों को बंधुत्व को बढ़ावा देकर आपसी सम्मान के आधार पर चुनाव लड़ने चाहिये।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची की पीठ असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के हाल के भाषणों पर नौ लोगों की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई के दौरान देश में राजनीतिक दलों के भाईचारे को बढ़ावा देने और आपसी सम्मान के साथ चुनाव लड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया है और संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों की ऐसी बयानबाजी पर ध्यान देते हुए कहा कि ऐसा आचरण संवैधानिक मर्यादा के अनुकूल नहीं है। याचिकाकर्ताओं की पैरवी कर रहे वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा, ''न्यायालय को इसमें कुछ अवश्य करना चाहिए।'' तो न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि मौजूदा याचिका वापस ली जाए और इसकी जगह जो याचिका आए उसमें संवैधानिक मूल्यों पर ध्यान केंद्रित किया जाए।



याचिकाकर्ताओं की ओर से सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने कहा कि स्थिति अत्यंत विषाक्त होती जा रही है और इस पर न्यायालय को हस्तक्षेप करना चाहिए। हालांकि, सीजेआई सूर्यकांत ने टिप्पणी की कि याचिका वस्तुतः एक विशेष व्यक्ति को लक्ष्य बनाकर दायर की गई प्रतीत होती है, क्योंकि इसमें मुख्यतः उन्हीं के भाषणों का उल्लेख है। सिब्बल ने स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ राहत नहीं मांगी गई है और उन्होंने याचिका से संबंधित संदर्भ हटाने का आश्वासन दिया। सीजेआई ने सुझाव दिया कि याचिका वापस लेकर संवैधानिक सिद्धांतों पर केंद्रित नई याचिका दायर की जाए, ताकि किसी दल या व्यक्ति के खिलाफ पक्षपात का आभास न हो। खंडपीठ ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों को संवैधानिक नैतिकता, संवैधानिक मूल्यों, पारस्परिक सम्मान और आत्मसम्मान का पालन करना चाहिए। जस्टिस नागरत्ना ने भी कहा कि राजनीतिक नेताओं को अंततः देश में भाईचारे को बढ़ावा देना चाहिए और सभी पक्षों को संयम बरतना चाहिए। सिब्बल ने तर्क दिया कि आचार संहिता लागू होने से पहले दिए गए भड़काऊ भाषण चुनाव अवधि में भी प्रसारित होते रहते हैं, जिन पर निर्वाचन आयोग कार्रवाई नहीं करता, इसलिए मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के लिए भी दिशानिर्देश आवश्यक हैं। पीठ ने यह भी उल्लेख किया कि पहले भी ऐसे मुद्दों पर संयम बरतने की अपील की गई है और भारत एक परिपक्व लोकतंत्र है, जहाँ राजनीतिक मतभेद सम्मानपूर्वक व्यक्त किए जाने चाहिए। हालांकि, न्यायालय ने कहा कि वर्तमान याचिका ठीक प्रकार से तैयार नहीं है और इस पर विचार के लिए एक निष्पक्ष तथा वस्तुनिष्ठ याचिका आवश्यक है। ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### कुष्ठाश्रम शब्द हटाने का विधेयक पास

**लखनऊ।** विधानसभा में मंगलवार को उत्तर प्रदेश नगर निगम संशोधन विधेयक 2026 और उत्तर प्रदेश नगर पालिका संशोधन विधेयक सदन में पास हुआ। इन दोनों विधयकों में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 'कुष्ठाश्रम' शब्द हटाने का प्रावधान किया गया है। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने सदन में कहा कि कुष्ठ रोग एक गैर-संक्रामक रोग है और अन्य अनेक रोगों की भांति पूर्णतः इलाज योग्य है। उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 और उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 में धारा 8 में 'कुष्ठाश्रम' शब्द का लिखा हुआ था। यह शब्दावली कुष्ठ रोग से प्रभावित या स्वस्थ हो चुके व्यक्तियों के प्रति भेदभावपूर्ण अभिव्यक्ति मानी जाती रही है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों को ऐसे भेदभावपूर्ण शब्दों को कानूनों से हटाने के निर्देश दिया था। इसके आधार पर दोनों अधिनियमों से इसे हटा दिया गया है।

### पीठ का निर्देश फिर भी अफसर विधायकों का नहीं उठाते फोन

**लखनऊ।** विधानसभा में मंगलवार को विपक्ष ने फिर अधिकारियों पर निशाना साधा है। विपक्षी सदस्यों ने कहा है कि विधानसभा अध्यक्ष की पीठ से निर्देश के बाद भी अधिकारी फोन नहीं उठाते हैं। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि इसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि संसादीय कार्य मंत्री के साथ बैठक कर इसके लिए कोई व्यवस्था बनाते हैं। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि कार्यपालिका व्यवस्थापिका पर हाबी है, यह आरोप बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसी सदन ने चार पुलिस कर्मियों को सजा दी। अधिकारी फोन का जवाब नहीं देते हैं, तो उन्हें देना चाहिए। नंबर का रिकार्ड वे रखें, नहीं तो कार्रवाई होगी। सरकार इसको बर्दाश्त नहीं करेगी।

## भारत फ्रांस साझेदारी की कोई सीमा नहीं, मैक्रों से मुलाकात के बाद पीएम मोदी

# भारत एवरेस्ट तक उड़ने वाला हेलिकॉप्टर बनाएगा : मोदी

एजेंसी

मुंबई। पीएम मोदी ने मंगलवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने मुंबई में जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस मिलकर भारत में ऐसे हेलिकॉप्टर का निर्माण करेंगे, जो माउंट एवरेस्ट जैसी ऊंचाइयों तक उड़ान भरेगा।

इससे पहले दोनों नेताओं ने मिलकर टाटा-एयरबस की H-125 हेलिकॉप्टरों असेंबली लाइन का ऑनलाइन उद्घाटन किया। असेंबली लाइन वो जगह है जहां हेलिकॉप्टर का ढांचा, इंजन, पंखे, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम अलग-अलग स्टेज में जोड़े जाते हैं। यहीं पूरा हेलिकॉप्टर तैयार होता है। मोदी ने फ्रांस को भारत का स्पेशल पार्टनर बताया और कहा कि दोनों देशों ने अपने रिश्तों को 'स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' लेवल तक अपग्रेड करने का फैसला किया है।

'स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' का मतलब है कि दोनों देश सिर्फ व्यापार या हथियारों की खरीद-फरोख्त तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि सुरक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष, समुद्री इलाकों की सुरक्षा और बड़े वैश्विक मुद्दों पर साथ मिलकर काम करेंगे। इससे पहले दोनों देशों के बीच संबंध 'स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' लेवल के थे। यह पार्टनरशिप साल 1998 में शुरू हुई थी। मैक्रों ने कहा कि भारत एक भरोसेमंद साझेदार है और फ्रांस भारत के साथ तकनीक साझा करने में भरोसा रखता है। मैक्रों ने कहा कि भारत और फ्रांस के बीच द्विपक्षीय संबंध सच में खास और अनोखे हैं। यह रिश्ता भरोसे, खुलेपन और महत्वाकांक्षा पर आधारित है।



**साझेदारी**
- फ्रांस को स्पेशल पार्टनर बताया, मैक्रों बोले- भारत पर भरोसा इसलिए टेक्नोलॉजी शेयर करते हैं
- मैक्रों बोले- भारत-फ्रांस के रिश्ते खास और अनोखे
- मोदी बोले- भारत-फ्रांस आतंकवाद खत्म करने के लिए साथ हैं

मैक्रों ने कहा कि आज हमने दोनों देशों की इस साझेदारी को एक नए स्तर पर ले जाने का फैसला किया है। अब इसे 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' का दर्जा दिया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस दोनों लोकतंत्र, कानून का पालन और ऐसी दुनिया में भरोसा रखते हैं जहां कई ताकतें मिलकर संतुलन बनाए रखें। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का मानना है कि वैश्विक संस्थाओं में सुधार जरूरी है, तभी दुनिया की बड़ी समस्याओं का हल निकल पाएगा। उन्होंने कहा कि यूक्रेन हो, पश्चिम एशिया हो या इंडो-पैसिफिक क्षेत्र, हर जगह शांति के प्रयासों का भारत और फ्रांस समर्थन करते रहेंगे। दोनों देश हर तरह के आतंकवाद को खत्म करने के लिए भी साथ हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस अब अहम खनिजों, बायोटेक्नोलॉजी और नई तरह की एडवांस्ड मैटेरियल्स के सेक्टर में मिलकर काम को और आगे बढ़ा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि हेल्थ सेक्टर में एआई के लिए एक भारत-फ्रांस सेंटर शुरू किया जा रहा है। इसके अलावा डिजिटल साइंस और टेक्नोलॉजी के लिए भी एक संयुक्त सेंटर बनेगा और एविएशन स्किल डेवलपमेंट के लिए राष्ट्रीय गठबंधन केंद्र की शुरुआत की जा रही है। मोदी ने कहा कि दुनिया इस समय अनिश्चित दौर से गुजर रही है। ऐसे समय में भारत-फ्रांस की साझेदारी वैश्विक स्थिरता के लिए मजबूत ताकत बन सकती है। उन्होंने कहा कि फ्रांस की विशेषज्ञता और भारत की बड़ी क्षमता को मिलाकर भरोसेमंद तकनीक विकसित की जा रही पीएम मोदी ने कहा कि अब चाहे रक्षा का क्षेत्र हो, स्वच्छ ऊर्जा हो या अंतरिक्ष, हर जगह दोनों देश अपने उद्योगों को आपस में जोड़ेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जॉइंट इनोवेशन के लिए नए सेंटर बनाए जाएंगे। साथ ही क्रिटिकल मिनरल्स और बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी दोनों देश अपना सहयोग और मजबूत कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत-फ्रांस इनोवेशन ईयर की शुरुआत के साथ दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी अब आम लोगों की साझेदारी में बदल रही है। इनोवेशन अकेले ● शेष पेज 11 पर

# विधायक की पत्नी व दूसरे वोटरों के नाम काटने की शिकायतें फर्जी : सीईओ

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। यूपी में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया में विपक्ष की ओर से गलत ढंग से फॉर्म-7 भरकर वोटरों के नाम काटे जाने की शिकायतों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा ने झूठी व बेबुनियाद बताया है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से लगाए गए एक-एक आरोपों की जांच रिपोर्ट मीडिया के सामने रखी। मंगलवार को वह राजधानी स्थित उप्र प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी (उपाम) में 6 जिलाधिकारी व 55 निर्वाचक



रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) के एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद रहे और यहां उन्होंने आरोपों पर जवाब दिया।

उन्होंने कहा कि सपा की ओर से बलिया के सिकन्दरपुर विधानसभा सीट से सपा विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी की पत्नी व 126 वोटरों के नाम काटने की शिकायत पर डीएम व संबंधित ईआरओ से रिपोर्ट मांगी तो यह आरोप गलत पाए गए। ऐसे ही भोजीपुर विधानसभा क्षेत्र में सपा के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) अतीक अहमद का भी नाम नहीं काटा गया है। सकलडीहा विधानसभा क्षेत्र में गोविंद राय के फर्जी दस्तावेज से 16 मतदाताओं के नाम काटे जाने, विधूना में सपा के अध्यक्ष के फर्जी दस्तावेज से सपा के वोटरों के नाम कटवाने, प्रतापगढ़ की बाबागंज विधानसभा सीट पर 65 मतदाताओं के नाम काटे जाने और बस्ती में सैकड़ों की संख्या में वोटरों के

## 'लाल आतंक' का अंत करीब: सुकमा में 22 नक्सलियों ने डाले हथियार

सुकमा। नक्सल मुक्त भारत अभियान के तहत सुरक्षाबलों को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। सुकमा जिले में 22 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर सुरक्षाबलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इसमें एक महिला नक्सली भी शामिल है। इस घटना को नक्सलवाद के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

आत्मसमर्पण की यह प्रक्रिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित शाह और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस बड़ी सफलता में जिला रिजर्व गार्ड, जिला पुलिस बल, क्षेत्रीय फील्ड टीम, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और कोबरा बटालियन की सराहनीय भूमिका रही। सुरक्षाबलों द्वारा लंबे समय से चलाए जा रहे सघन तलाशी व घेराबंदी अभियानों के कारण नक्सली संगठनों पर लगातार दबाव बना हुआ था। ● शेष पेज 11 पर

# मोदी अगले हफ्ते रखेंगे उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर इकाई की नींव : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 21 फरवरी को गौतमबुद्ध नगर में उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाई की नींव रखेंगे और अगले दिन मेरठ मेट्रो के साथ नमो भारत रैपिड रेल कॉरिडोर का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधान परिषद में यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आगामी 21 फरवरी को गौतमबुद्ध नगर में सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाई की आधारशिला रखेंगे। यह राज्य को उच्च तकनीक विनिर्माण का गढ़ बनाने की दिशा में एक अहम कदम होगा।

उन्होंने कहा कि 22 फरवरी को प्रधानमंत्री दिल्ली के सराय काले खां को मेरठ के मोदीपुरम से जोड़ने वाले 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के बाकी हिस्सों का



उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही 13 स्टेशन वाले 23 किलोमीटर लंबे मेरठ मेट्रो कॉरिडोर की शुरुआत भी की जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक कॉरिडोर के बाकी हिस्सों में दिल्ली में सराय काले खां और न्यू अशोक नगर के बीच पांच किलोमीटर का हिस्सा और मेरठ साउथ से मोदीपुरम तक 21 किलोमीटर का हिस्सा शामिल है। इस 21 किलोमीटर के कॉरिडोर में सराय काले खां, आनंद विहार, गाजियाबाद, ● शेष पेज 11 पर

# 27 साल बाद शिया-सुन्नी दंगे में 12 दोषियों को आजीवन कारावास

एजेंसी

आज़मगढ़। जिले के मुबारकपुर थाना क्षेत्र में शिया-सुन्नी दंगे के दौरान हुई अली अकबर की हत्या के 27 साल बाद अदालत ने फैसला सुनाया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश जय प्रकाश पांडेय की अदालत ने मंगलवार को तीन सगे भाइयों समेत 12 लोगों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और प्रत्येक को 66 हज़ार 500 रुपये का अर्थदंड लगाया है। सुनवाई के दौरान चार आरोपितों की पहले ही मौत हो चुकी है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रियदर्शी पीयूष त्रिपाठी ने कहा कि मुबारकपुर थाना क्षेत्र के गांव पूरा सोफी में 10 फीट जमीन के लिए शिया और सुन्नी समुदाय के लोगों में विवाद चल रहा था। 27 अप्रैल 1999 को शिया समुदाय के लोग मोहर्रम का जुलूस निकाल रहे थे। इसी दौरान दूसरे पक्ष की ओर से जुलूस रोकने पर विवाद हो गया। पथराव भी हुआ था। पुलिस प्रशासन



ने किसी तरह हालात काबू किया था। शाम को पूरा ख्वाजा के अली अकबर ताजिया दफन करने हैदराबाद स्थित शाह के पंजे पर गए थे। इसके बाद वह लापता हो गए थे। अली अकबर के पुत्र जैगम ने 28 अप्रैल को थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 30 अप्रैल को अली अकबर की सिर कटी लाश राजा भाट के पोखरे में मिली थी लेकिन सिर आज तक नहीं मिल सका। 30 अप्रैल को ही भतीजे नासिर हुसैन ने मुबारकपुर थाने में हत्या की प्राथमिकी कराई थी। पुलिस की विवेचना में सामने आया कि मोहर्रम के जुलूस से लौटते समय अली अकबर की पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने 16 लोगों के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान हाजी मोहम्मद सुलेमान, नजीबुल्लाह, हमीदुल्लाह उर्फ झीनक और हाजी अब्दुल खालिक की मौत हो चुकी है। अभियोजन पक्ष ● शेष पेज 11 पर

# आज शुरू होंगी यूपी बोर्ड परीक्षाएं

## 8033 केन्द्रों पर 53 लाख से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल, नकलविहीन परीक्षा का लिया संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च, 2026 तक आयोजित की जाएंगी। इस वर्ष कुल 53 लाख 37 हजार 778 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं, जिनमें हाईस्कूल के 27 लाख 61 हजार 696 और इंटरमीडिएट के 25 लाख 76 हजार 82 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। परीक्षाओं को पूर्णतः नकलविहीन, पारदर्शी और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रदेश में कुल 8033 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें 596 राजकीय, 3453 अशासकीय सहायता प्राप्त और 3984 स्ववित्त पोषित विद्यालय शामिल हैं।

माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने परीक्षा से पूर्व मंगलवार को शिक्षा निदेशक (माध्यमिक), लखनऊ शिविर कार्यालय में स्थापित राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के



अनुरूप इस वर्ष परीक्षा व्यवस्था को पूरी तरह तकनीक आधारित और पारदर्शी बनाया गया है। 18 जनपदों को संवेदनशील घोषित किया गया है, जबकि 222 परीक्षा केन्द्रों को अति संवेदनशील और 683 को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। इन केन्द्रों पर एसटीएफ और स्थानीय अभिसूचना इकाई को पूरी परीक्षा अवधि में सक्रिय रखा जाएगा तथा अति संवेदनशील केन्द्रों का दिन में दो बार निरीक्षण सुनिश्चित किया गया है।

परीक्षा की निगरानी के लिए प्रत्येक परीक्षा कक्ष में वॉयस रिकॉर्डरयुक्त दो सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनके साथ राउटर, डीवीआर और हाई-स्पीड इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सम्पूर्ण परीक्षा अवधि की लाइव मॉनिटरिंग वेबकास्टिंग के माध्यम से की जाएगी। परीक्षा केन्द्रों पर बनाए गए स्ट्रांग रूम 24×7 सीसीटीवी निगरानी में रहेंगे। इसके अतिरिक्त सभी 75 जनपदों के प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के स्ट्रांग रूम, प्रश्नपत्र वितरण कक्ष और उत्तर पुस्तिका सीलिंग-पैकिंग कक्ष की भी ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जाएगी।

व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए 8033 केन्द्र व्यवस्थापक, 8033 बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक, 8033 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 1210 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 427 जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। साथ ही 69 मंडलीय और 440 जनपदीय सचल दल गठित किए गए हैं। शासन स्तर से सभी 75 जनपदों और 18 मंडलों के लिए राज्य स्तरीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति भी की गई है, ताकि परीक्षा संचालन में किसी प्रकार की शिथिलता न रहे। परीक्षार्थियों और अभिभावकों की सहायता के लिए राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम, लखनऊ में टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 18001806607 एवं 18001806608 जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त माध्यमिक शिक्षा ● शेष पेज 11 पर

# यूपी के प्रत्येक जिले में बनेंगे दो सीएम मॉडल कम्पोजिट विद्यालय : संदीप सिंह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा में बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष के एक सवाल का उत्तर देते हुए कहा कि हमारी सरकार ने परिषदीय विद्यालयों की तस्वीर बदलने का कार्य किया है। विद्यालयों को बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर से जोड़ा गया। हर जनपद में दो-दो सीएम मॉडल कम्पोजिट विद्यालय निर्मित किये जा रहे हैं।

बेसिक शिक्षा मंत्री ने आज सदन में जानकारी दी कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में दो-दो सीएम मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों की स्थापना की जाएगी। एक विद्यालय पर 25 करोड़ रुपये खर्च किया जाएगा। इन स्कूलों का इंफ्रास्ट्रक्चर किसी भी निजी क्षेत्र के विद्यालयों से कमजोर नहीं होगा। यह निजी विद्यालयों से बेहतर होंगे। प्रश्नकाल के दौरान समाजवादी पार्टी के सदस्य डॉ राकेश कुमार वर्मा के सवाल पर उन्होंने यह उत्तर दिया। विपक्षी सदस्य के अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई कराए जाने के सवाल पर मंत्री ने लिखित उत्तर में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बिंदु संख्या 4.11 में स्पष्ट किया गया है कि जहां तक संभव हो कम से कम ग्रेड पांच तक लेकिन बेहतर यह होगा कि ग्रेड आठ और उससे आगे तक भी हो, शिक्षा का माध्यम घर की भाषा/मातृ भाषा/स्थानीय भाषा/क्षेत्रीय भाषा होगी।

सपा के अतुल प्रधान ने पंचायत चुनाव से जुड़ा सवाल किया। क्या सरकार ब्लॉक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव सीधे जनता से चुने जाने के लिए केंद्र सरकार को कोई ऐसा प्रस्ताव भेजेगी। इस पर मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि यह मुद्दा केन्द्र से जुड़ा है। राज्य सरकार यह निर्णय नहीं कर सकती है। राजभर ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर उन्होंने केन्द्र सरकार को दो बार पत्र लिखा है। केन्द्र सरकार के संबंधित मंत्री से मुलाकात भी की है। यह विषय केन्द्र का है।

संग्राम सिंह यादव के कानून व्यवस्था से जुड़े सवाल पर संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि हमारी सरकार में कानून व्यवस्था दुरुस्त है। यह परसेप्शन भी है। अपराध के मामले में हमारा राज्य 20वें नम्बर पर है। देश के 19 राज्यों में हमसे ज्यादा अपराध हुए हैं। हत्या के मामले में 29वें स्थान पर हैं। उन्होंने राज्य में हुए अपराध के आंकड़ों को रखते हुए प्रदेश की कानून व्यस्था का बेहतर बताया। प्रश्नकाल के बाद शून्य काल में नियम 300 के तहत ग्राह्यता के लिए दो सूचनाएं सुनी गयीं। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि विधायिका पर कार्यपालिका हावी है। कोई भी सरकारी- कर्मचारी फोन नहीं उठाते। थानेदार दलालों से बैठकर बातें करेंगे लेकिन फोन नहीं उठाते जबकि पीठ से इसके लिए निर्देशित किया गया है। अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा निर्देश नहीं माना जाना पीठ की अवहेलना है। इसी मुद्दे पर सपा के सदस्य कमाल अख्तर ने कहा कि अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है। हम लोग विपक्ष के हैं। सत्ता पक्ष के विधायकों की भी नहीं सुनते। मंत्रियों को भी धरना देना पड़ता है। डॉ. संग्राम सिंह ने कहा कि पीठ से व्यवस्था दी गयी है। इसका कड़ाई से पालन कराया जाए। इस पर विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि सबको सुनने के बाद हम इस पर व्यवस्था देंगे। यह व्यवस्था रिजर्व है। संसदीय कार्य मंत्री से बात करने के बाद निर्णय सुनाया जाएगा। मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि कार्यपालिका के विधायिका पर हावी होने का आरोप निराधार है। शासनादेश जारी कर अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। स्पष्टता से अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। यह भी कहा गया है कि यदि कोई अधिकारी इसका पालन नहीं करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# यूपी में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

## विधानसभा का घेराव करने जा रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को खत्म किए जाने और सरकार के कथित कुशासन के खिलाफ कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को विधान भवन के घेराव की कोशिश की। हालांकि पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया।

प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष मनीष हिंदवी ने बताया 'मनरेगा बचाओ अभियान' के तहत और भाजपा के कुशासन के खिलाफ विधान भवन का घेराव कर प्रदर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता पार्टी दफ्तर से निकले लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया। कार्यकर्ताओं ने जब आगे बढ़ने का प्रयास किया तो पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स ने उन पर बलप्रयोग किया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पुलिस प्रदर्शन कर रहे तमाम नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर इको गार्डन ले गयी है। हिंदवी ने बताया कि प्रदर्शन में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश इकाई के प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, सांसद किशोरी लाल शर्मा, कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा, विधायक वीरेंद्र चौधरी सहित वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल थे। उन्होंने बताया कि बाराबंकी से कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया को इस प्रदर्शन में शामिल होने के लिए निकलने से पहले ही उनके घर में नजरबंद कर दिया गया। इसके अलावा रायबरेली, अमेठी तथा प्रदेश के कई अन्य जिलों में भी कांग्रेस नेताओं को इस प्रदर्शन में शामिल होने के लिए लखनऊ आने से रोके जाने की खबरें हैं। हिंदवी ने बताया कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार मनरेगा को खत्म कर सिर्फ उद्योगपतियों के लिये ही काम कर रही है और उत्तर प्रदेश सरकार में कुशासन चरम पर है। उत्तर प्रदेश विधानमंडल में इस वक्त बजट सत्र जारी है। कांग्रेस के विधानभवन के घेराव कार्यक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन पहले से ही खासा सतर्क था।

## संगम क्षेत्र में दो किशोर डूबे, पुल नंबर 3 के पास से शव बरामद

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** संगम नगरी प्रयागराज में मंगलवार को दर्दनाक हादसा हो गया। पुल नंबर 4 और 5 के बीच गंगा में नहाने उतरे दो किशोर गहरे पानी में चले गए और डूब गए। काफी तलाश के बाद दोनों के शव पुल नंबर 3 के पास से बरामद किए गए। बताया जा रहा है कि मृतकों में एक किशोर फूलपुर क्षेत्र का निवासी था, जबकि दूसरा कटका शिवालय के पास का रहने वाला बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और गोताखोर मौके पर पहुंच गए थे। दोनों किशोरों के शव मिलने के बाद परिवारों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। संगम क्षेत्र में लगातार हो रही डूबने की घटनाओं के बीच प्रशासन से सुरक्षा इंतजाम और सख्त किए जाने की मांग उठने लगी है।

## मंडलायुक्त की अध्यक्षता में मंडलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गांधी सभागार में मंगलवार को मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न जनपदों की योजनाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रगति न मिलने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। पीएम सूर्यघर योजना की समीक्षा में प्रयागराज की प्रगति खराब पाई गई, जिस पर मंडलायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई। विद्युत विभाग से समन्वय कर सोलर रूफटॉप स्थापना को लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कौशाम्बी और प्रतापगढ़ को भी ए श्रेणी रैंकिंग हासिल करने के लिए कार्य में तेजी लाने को कहा गया। दशमोत्तर/पूर्वदशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में प्रयागराज व कौशाम्बी की प्रगति धीमी मिलने पर समाज कल्याण, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग विभाग को शिक्षण संस्थानों के साथ बैठक कर सुधार लाने के निर्देश दिए गए। पीएम कुसुम योजना में सोलर पंप स्थापना की धीमी प्रगति पर प्रयागराज, फतेहपुर व कौशाम्बी को स्वीकृत आवेदनों के सापेक्ष शत-प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में प्रतापगढ़ की धीमी प्रगति पर भी नाराजगी जताई गई। मुख्य चिकित्साधिकारियों को सीएचसी व पीएचसी पर साफ-सफाई, संस्थागत प्रसव, गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण और नवजात मृत्यु ऑडिट सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से समन्वय कर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों की मृत्यु की नियमित सूचना संकलन पर भी जोर दिया गया

## सिविल लाइंस के सुभाष चौराहा से पत्रकारों की बेंच हटाए जाने पर उठे सवाल

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सिविल लाइंस स्थित सुभाष चौराहा पर पत्रकारों, छायाकारों और अधिवक्ता साथियों के लिए लगाई गई बेंच को कथित तौर पर दर्जनों जनसुनवाई शिकायतों के बावजूद अगले ही दिन हटवा दिए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। स्थानीय पत्रकारों का कहना है कि सार्वजनिक स्थल पर बैठने की यह व्यवस्था सुविधा के लिए की गई थी, जिसे बिना पूर्व सूचना के हटाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। बताया जा रहा है कि बेंच हटाए जाने के संबंध में कई बार शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन अब तक कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। इस मुद्दे पर विभिन्न पत्रकार संगठनों की चुप्पी भी सवालों के घेरे में है। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा है कि यदि जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के बाद भी कार्रवाई नहीं होती, तो फिर शिकायत प्रणाली की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। नगर निगम प्रशासन और महापौर की जिम्मेदारी तय करने की मांग उठ रही है। लोगों का कहना है कि यदि बेंच हटाना अनिवार्य था, तो उसका वैकल्पिक समाधान भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए था। नागरिकों ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई व्यवस्था के तहत मामले की निष्पक्ष जांच कर पुनः बेंच स्थापित कराने की मांग की है।

## बुनियादी ढांचे को और सुदृढ़ करने में जुटा वाराणसी

वाराणसी। केंद्र व राज्य सरकार वाराणसी शहर के बुनियादी ढांचे को और सुदृढ़ करने में जुटा हुआ है । इस क्रम में शासन वाराणसी नगर निगम के 18 अति-प्रभावित वार्डों और विस्तारित क्षेत्रों के लिए अमृत-2.0 योजना के तहत 259 करोड़ रुपये से अधिक की सीवर व पेयजल की तीन बड़ी परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान कर दी है। साथ ही इसकी प्रथम किस्त भी शासन अवमुक्त कर दिया है। यही नहीं टेंडर की औपचारिकता भी पूरी कर ली गई है । ऐसे में होली के बाद सीवर व पेयजल की पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू होने की संभावना है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्पों से अब शहर की पेयजल और सीवर व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव होना तय है । वहीं नव विस्तारित क्षेत्र रामनगर व सूजाबाद में सीवर और पाइपलाइनों का जाल बिछने जा रहा है । रामनगर जोन में सीवर नेटवर्क और हर घर को सीवर कनेक्शन से जोड़ने के लिए शासन ने 190 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है । रामनगर के तीनों वार्डों में 69. 98 किमी ब्रांच लाइन व 3.4 राइजिंग ( मेन लाइन) लाइन के बिछाई जाएगी । इसके अलावा 10 एमएलडी की एसटीपी, दो सीवर पपिंग स्टेशन (एसपीएस) बनाया जाएगा । इसी तरह, सूजाबाद जोन में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के विस्तार के लिए लगभग 35 करोड़ रुपये की योजना को हरी झंडी मिली है। खास बात यह है कि 13645 घरों में सीवर का कनेक्शन मुफ्त दिया जाएगा । इसका मुख्य उद्देश्य पुराने शहर के उन हिस्सों में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाना है। शासन के संयुक्त सचिव देवेश मिश्र की ओर से जारी आदेश कहा गया है कि वाराणसी के विकास के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। आदेश में कार्य को समय सीमा के भीतर पूरा कराने की सख्त हिदायत दी गई है ताकि लागत न बढ़े और जनता को जल्द से जल्द इन सुविधाओं का लाभ मिल सके। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सीवर व पेयजल की पाइप लाइन करीब 200 साल पुरानी है । इसके कारण शहर में सीवर ओवरफ्लो गंभीर समस्या बनी हुई है । वहीं लीकेज होने के कारण 48 प्रतिशत पानी लाइनलॉस होता है क्र18 वार्डों में सीवर के साथ-साथ पेयजल की भी नई पाइप लाइन भी बिछने से पानी के लाइन लॉस पर लगाम लगना तय है । ऐसे में पेयजल आपूर्ति का प्रेशर भी बढ़ेगा ।

## न्यू कानपुर सिटी भूमि अधिग्रहण मामले में केडीए को बड़ी राहत

**कानपुर।** कानपुर विकास प्राधिकरण (केडीए) को न्यू कानपुर सिटी योजना से संबंधित भूमि अधिग्रहण मामले में बड़ी सफलता मिली है। ग्राम बैरी अकबरपुर कछार से जुड़े प्रकरण में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने प्राधिकरण के पक्ष में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी एवं न्यायमूर्ति कुणाल रवि सिंह की खंडपीठ ने नौ फरवरी को दिए अपने निर्णय में कहा कि अत्यधिक विलंब किसी भी अधिग्रहण की कार्यवाही को चुनौती देने के अधिकार को समाप्त कर देता है। मामला सर्वेश कुमार व अन्य बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य शीर्षक से न्यायालय में विचाराधीन था। प्राधिकरण की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता यश पाड़िया ने न्यायालय को अवगत कराया कि संबंधित भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया वर्ष 1996 में प्रारंभ हुई थी और वर्ष 2010 में पूर्ण हो गई थी, जबकि वादकारियों ने इसे पहली बार वर्ष 2025 में चुनौती दी।

न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि यद्यपि इसी अधिग्रहण से संबंधित अन्य मामलों में कुछ वादकारियों को राहत प्रदान की गई थी, लेकिन वर्तमान मामले में 15 वर्ष से अधिक के विलंब के कारण समान राहत देना न्यायहित में नहीं है।

## घटिया निर्माण मिलने पर विधायक डॉ. नीरज बोरा ने लगाई अधिकारियों को फटकार, बोले-

# बर्दाश्त नहीं होगा जनता के पैसे का दुरुपयोग



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। विधायक डॉ. नीरज बोरा ने फैजुल्लागंज तृतीय वार्ड स्थित सेंट जोसेफ कॉलेज के पीछे मंदिर परिसर एवं आसपास की कॉलोनियों में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की गुणवत्ता और जनसमस्याओं को लेकर अधिकारियों की जवाबदेही तय की।

निरीक्षण के दौरान डॉ. नीरज बोरा ने नाली निर्माण कार्य में प्रयुक्त हो रही सामग्री की गुणवत्ता अत्यंत निम्न स्तर की पाई। इस पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और स्पष्ट किया कि जनता के पैसे का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही साथ प्रियदर्शिनी कॉलोनी में सड़क पर बह रहे सीवर के कारण नागरिकों को हो रही दिक्कतों को विधायक ने गंभीरता से लिया, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस समस्या का तत्काल और स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि स्थानीय लोगों को गंदगी और दुर्गंध से निजात मिल सके। विधायक डॉ. नीरज बोरा ने नागरिकों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है और कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान स्थानीय पार्षद प्रदीप शुक्ला, नगर निगम जोन-3 के अधिशासी अभियंता नजमी मुजफ्फर, सहायक अभियंता विनोद पाठक एवं भाजपा के दिनेश तिवारी, कुलदीप तिवारी, शैलेन्द्र मौर्य(मंडल अध्यक्ष), अनिल मिश्रा, किशोर प्रजापति व निर्देश दीक्षित सहित अन्य मौजूद रहे।

# मछुआ समाज के हक पर समझौता नहीं : डॉ संजय

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषाद राज बोट योजना समेत केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही मछुआ समाज के लिए कल्याणकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार, हीलाहवाली व शिथिलता बरतने के आरोप पर मंत्री, मत्स्य विभाग डॉ संजय कुमार निषाद ने बड़ी कार्रवाई की। उनकी कार्यवाही में कानपुर मंडल की उपनिदेशक सुनीता वर्मा समेत मंडलीय कार्यालय के समस्त कर्मचारियों श्रेणी-1, 2, 3 व 4 के सभी कर्मचारियों को मुख्यालय से अटैच किया गया। साथ ही सहायक निदेशक मत्स्य, कानपुर के कार्यालय के श्रेणी-1, 2, 3 व 4 के कर्मचारियों को भी मुख्यालय से अटैच किया गया।

इसके अतिरिक्त सहायक निदेशक मत्स्य कार्यालय में तैनात ट्ठक्क्सुनील कुमार को निलंबित किया गया। शासन द्वारा लखनऊ मंडल की उपनिदेशक सृष्टि यादव, जो मत्स्य विभाग की तेज-तर्रार अधिकारियों में आती हैं, उन्हें कानपुर मंडल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। साथ ही 2021 बैच के सहायक निदेशक मत्स्य, बुलंदशहर जितेंद्र कुमार को जनपद कानपुर समेत कानपुर मंडल के सभी जनपदों के आहरण-वितरण का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। श्री निषाद ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। आम जनता को होने वाली किसी भी परेशानी का सरकार के संज्ञान में आते ही तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। कानपुर प्रकरण में अधिकारियों की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं और इसकी प्रारंभिक जांच में पाया गया कि ट्ठक्क्सुनील कुमार शासन की मंशा के अनुरूप कार्य नहीं कर रहे थे तथा भ्रष्टाचार में संलिप्तता पाई गई। साथ ही मंडलीय अधिकारी भी उन्हें प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई करने के बजाय उन्हें संरक्षण दे रहे थे, इसी चलते सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत मंडलीय एवं जनपदीय कार्यालयों के समस्त स्टाफ को मुख्यालय से अटैच किया गया है।

# न्याय रथ को न्यायाधीश ने दिखाई हरी झंडी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



प्रयागराज। राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार, 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जनपद न्यायालय परिसर से विधिक सेवा प्राधिकरण के न्याय वाहन/न्याय रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज सत्य प्रकाश त्रिपाठी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त न्याय रथ के माध्यम से पूरे जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रचार वाहन के साथ समस्त बैंकों के प्रबंधकगण एवं जिला अग्रणी प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा भी उपस्थित रहे। पराविधिक स्वयंसेवकों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन को लोक अदालत में अपने मामलों के त्वरित निस्तारण हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम राम प्रताप सिंह राणा, नोडल ऑफिसर लोक अदालत/एडीजे रविकांत, अपर जनपद न्यायाधीश राहुल सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृषा मिश्रा तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शशि कुमार सहित अन्य न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शशि कुमार ने जनमानस से अपील की है कि वे 14 मार्च 2026 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने वादों को चिन्हित कर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण का लाभ उठाएं।

## कृष्ण मृग क्षेत्र में काले हिरण को दौड़ाना पड़ा भारी

# वन विभाग ने दर्ज कराया मुकदमा, तीन को जेल



यदि कोई कृष्ण मृग वन क्षेत्र चाद खंभरिया में काले हिरणों के साथ शिकार करेगा या कोई अन्य अपराध करता पाया जाएगा तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी

**अजय सिंह**
**वन क्षेत्राधिकारी मेजा प्रयागराज**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कोरांव प्रयागराज। कृष्ण मृग वन क्षेत्र चाद खंभरिया रेंज मेजा में 16 फरवरी को शाम लगभग 05 बजे के आसपास एक काली स्कार्पियो से तीन लोग शिकार करने व हिरणों को कुचलने की नियत से प्रतिबंधित क्षेत्र में बिना किसी वैध पास अनुमति के घुसकर दौड़ा रहे थे वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तत्परता के साथ काली स्कार्पियो सहित लोगों को पकड़ लिया और तीनों लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2/9/51 एवं धारा 26/52 भारतीय वन अधिनियम के तहत पंजीकृत करके मेडिकल परीक्षण कराकर जेल भेजा गया जिसमें शामिल मुख्यरूप से दुर्गेश पांडे पुत्र अकबाल बहादुर निवासी पताई मेजा , सुनील पटेल पुत्र उमा शंकर पटेल निवासी पाती मेजा, अमित मिश्र पुत्र प्रभाकर निवासी कठौली मेजा को स्कार्पियो जब्त करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया गिरफ्तार करने में मुख्य रूप से शामिल टीम में वन क्षेत्राधिकारी मेजा अजय सिंह , श्याम प्रकाश तिवारी वन रक्षक,देवेश पांडे,आशुतोष सिंह ,आदर्श त्रिपाठी शामिल थे वन क्षेत्राधिकारी अजय सिंह ने बताया कि कुचलने की नियत से काली स्कार्पियो से दौड़ाया जा रहा था संयोग बस टिम ने पकड़ लिया और आगे की विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

## दोषी को 20 वर्ष की कठोर कैद

**सोनभद्र।** करीब तीन वर्ष 11 माह पूर्व 10 वर्षीय नाबालिग बालक के साथ हुए अप्राकृतिक दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने मंगलवार को दोषी विजय उर्फ टीपू साहनी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या NER-BSB0SnT-OT-07-2026**

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग. एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये "खुली ई-निविदा" आमंत्रित की जाती है :- **क्रमांक-1,** निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नामः NER-BSB0SnT-OT-07-2026: कार्य का नामः वाराणसी मंडल के स्टेशनों पर VHF आधारित स्टेशन कम्यूनिकेशन के लिये वॉयस लॉगिंग सुविधा प्रदान करना। **विवरणः** अनुमानित लागत (रू० में): ₹ 3,30,18,192.97, बयाना की राशि (रू० में): ₹ 3,15,100/-, निविदा प्रपत्र की कीमतः ₹ 00.00, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 180 दिवस, निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समयः 09-03-2026 को 15:00 बजे।
**(1)** ई-निविदा दिनांक 09-03-2026 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा।
**(2)** पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेलवे की वेबसाईट i.e. www.ireps.gov.in देखें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/सिंग. एवं दूरसंचार**
मुजाधि/सिगनल-105 **वाराणसी**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।


# बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी, संतों ने किया सामूहिक प्रयास का आह्वान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




प्रयागराज। माघ मेला क्षेत्र में संगम अपर मार्ग स्थित महावीर चौराहा, सेक्टर एक के नागा संत शिरोमणि सती अनुसुइया आश्रम, चित्रकूट धाम के शिविर में भावना अमावस्या के अवसर पर बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न संत-महात्माओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

पूज्य नागा संत दामोदरदास महाराज ने कहा कि भारत में बाल भिक्षावृत्ति एक अभिशाप बन चुकी है। इसके उन्मूलन के लिए कानून बने हैं, लेकिन उनका प्रभावी पालन आवश्यक है। उन्होंने साधु-संतों से एकजुट होकर समाज में जागरूकता फैलाने और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया।

परिवर्तन संस्था के प्रदेश अध्यक्ष मोनू गुप्ता ने कहा कि यदि समाज संकल्प ले ले तो देश से बाल भिक्षावृत्ति पूरी तरह समाप्त की जा सकती है। उन्होंने बच्चों को शिक्षा से जोड़ने और जन-जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया।

संगोष्ठी के उपरांत माघ महोत्सव विदाई समारोह आयोजित हुआ तथा भंडारा प्रसाद वितरण किया गया। समापन अवसर पर संतों ने मां गंगा को प्रदूषण मुक्त बनाने और बाल भिक्षावृत्ति के समूल उन्मूलन के लिए संगठित पहल की आवश्यकता पर जोर दिया।

कार्यक्रम में दामोदरदास महाराज, मोनू गुप्ता, देवदास, ओमदास, रघुनाथ ज्योतिष, गोवर्धन, हरिदास, कृष्ण मोहन, राधा गोविंद कृष्णा सहित बड़ी संख्या में साधु-संत उपस्थित रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

उप-मुख्य अभियंता/निर्माण-V/ लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर मोहर बन्द ई-निविदाएँ दो पैकेट में आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | उप-मुख्य अभियंता/निर्माण-V/लखनऊ के अंतर्गत उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के मरियाहू-जंघई सेक्शन के बीच बरसेठी हॉल्ट स्टेशन को क्रॉसिंग स्टेशन में परिवर्तित करने के कार्य के संबंध में अर्थवर्क (मिट्टी का कार्य), फॉर्मेशन में ब्लैंकेटिंग, लघु पुल का विस्तार, स्टेशन भवन एवं प्लेटफॉर्म का निर्माण तथा अन्य संबद्ध सहायक कार्यों का निष्पादन । |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 1,044.11 लाख |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 6,72,100.00 |
| 5 | ई निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनाँक 10.03.2026 को 15.00 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनाँक 10.03.2026 को समय 15.00 बजे खोली जाएगी । |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक 17.02.2026 से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगें व दिनाँक 24.02.2026 से 10.03.2026 तक ई-निविदा अपलोड की जा सकती है। |

**संख्या 16-टेण्डर/उप-मुख्य अभियन्ता/नि.-V/लखनऊ दिनाँक 16.02.2026**

526/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मड़ियांव क्षेत्र में लग रहा भीषण जाम

## फेल हुए सारे फार्मूले, ओवरब्रिज का निर्माण भी नहीं दिला सका राहत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ, धीरेन्द्र मिश्रा। शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए सरकार और स्थानीय जिम्मेदारों के साथ पुलिस प्रशासन भी बड़ी मशक्कत कर रहा है कि शहर को किस तरह से जाम से मुक्ति दिलाई जा सके। लेकिन तमाम प्रयासों के बाद भी शहर में जाम की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। जिसके चलते जाम से मुक्ति के लिए प्रयोग किए गए सारे फार्मूले फ़ेल साबित होते नजर आ रहे है। सीतापुर रोड पर थाना मड़ियांव क्षेत्र के अंतर्गत भिठौली तिराहे पर लगने वाला भीषण जाम अब लोग के लिए नासूर बन चुका है। स्थिति यह है कि जाम की समस्या तकरीबन सुबह 09 से ही शुरू हो जाती है जो शाम होते होते विकराल रूप धारण कर लेती है, वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। ऐसे में जाम से मुक्ति के लिए अपनाए गए तमाम जिम्मेदारों के सारे फार्मूले फ़ेल साबित हो रहे हैं। हालांकि इसी जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए तिराहे पर ओवरब्रिज का निर्माण भी कराया गया था, लेकिन ओवरब्रिज के निर्माण के बावजूद जाम की समस्या जस की तस बनी हुई है। वाहन चालक ओवरब्रिज के दोनों तरफ सर्विस रोड पर फंसे नजर आते हैं। जाम के चलते राहगीरों, दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, तिराहे पर लगातार बढ़ता वाहनों का दबाव, अव्यवस्थित ट्रैफिक संचालन और सड़क किनारे खड़े वाहन जाम का मुख्य कारण हैं। इसके अलावा, ऑटो और ई-रिक्शा चालकों द्वारा बीच सड़क सवारी भरने से स्थिति और बिगड़ जाती है। कई बार तो एंबुलेंस और स्कूल बसें भी जाम में फंस जाती हैं। ऐसे में लगभग 500 मीटर की दूरी तय करने में भी आधे घंटे से अधिक समय लग जा रहा है। लोगों ने बताया कि ओवरब्रिज निर्माण से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद थी, परंतु तिराहे की अव्यवस्था के कारण जाम की समस्या खत्म नहीं हो सकी। लोगों का आरोप है कि पुलिस की अनदेखी की वजह से यहां जाम लगती है। जबकि तिराहे पर एक अजीज नगर पुलिस चौकी, ओवरब्रिज के नीचे तिराहे पर और क्रॉसिंग पर यातायात पुलिस चौकी, वहीं क्रॉसिंग पर जानकीपुरम की पुलिस चौकी होने के बाद भी कंट्रोलिंग व्यवस्था फ़ेल हो रही है। ओवरब्रिज के नीचे बड़ी संख्या में गाड़िया पार्क होती है तो वहीं कुछ लोगों ने अपना व्यापार फैला रखा है। तो वही तिराहे पर ही बड़ी संख्या में ऑटो ई रिक्शा समेत अन्य वाहन बीच सड़क पर खड़े हो रहे है इन पर भी पुलिस की कोई कार्यवाही नहीं है।

### भिठौली क्रॉसिंग बंद होने पर रांग साइड खड़े होते है वाहन, मूकदर्शक बने जिम्मेदार

भिठौली क्रॉसिंग बंद होने के दौरान लोग अपनी सुविधा के अनुसार अपने वाहन उल्टी दिशा यानी रांग साइड पर खड़े कर लेते है ताकि क्रॉसिंग खुलने पर वह जल्दी से निकल जाए, ऐसे में दोनों तरफ से वाहन आमने सामने हो जाते है और स्थिति भीषण जाम का रूप ले लेती है। जिसके वजह से ओवरब्रिज के नीचे भी जाम लग जाती है और जाम से निकलने के लिए लोग घंटों मशक्कत करते है। क्रॉसिंग पर पुलिस चौकी और चंद कदमों की दूरी पर ट्रैफिक पुलिस चौकी होने के बाद भी उल्टी दिशा में लग रहे वाहनों को ना रोका जाता है और न ही उन पर कोई कार्यवाही या उनका चालान होता है।

# एआई इम्पैक्ट समिट में एकेटीयू के स्टार्टअप्स का दमदार प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। तकनीकी नवाचार और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में नई ऊर्ज़ा का संचार हो रहा है। इसी क्रम में राजधानी दिल्ली में भव्य इंडिया इक्र इम्पैक्ट समिट का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश-विदेश की अग्रणी तकनीकी कंपनियां, स्टार्टअप्स, शिक्षण संस्थान और नीति-निर्माता भाग ले रहे हैं।

समिट का उद्देश्य इक्रआधारित समाधानों को उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, साइबर सुरक्षा और सुशासन के क्षेत्र में प्रभावी रूप से लागू करने पर व्यापक विचार-विमर्श करना है,आयोजन स्थल पर नवाचार और तकनीकी संभावनाओं की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। इसी कड़ी में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा हॉल संख्या 6 में विशेष स्टॉल स्थापित किया गया है, जो प्रतिभागियों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। विश्वविद्यालय के इनोवेशन हब से सहायता प्राप्त इक्र आधारित स्टार्टअप्स ने अपने अभिनव उत्पादों और तकनीकी मॉडलों का प्रदर्शन किया। इन स्टार्टअप्स ने हेल्थकेयर एनालिटिक्स, स्मार्ट एग्रीकल्चर, ई-गवर्नेंस सॉल्यूशंस, एडटेक प्लेटफॉर्म, साइबर सुरक्षा और स्मार्ट सिटी मॉडल जैसे क्षेत्रों में विकसित तकनीकों को प्रस्तुत किया, जिन्हें विशेषज्ञों द्वारा सराहा गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जे.पी. पांडेय ने स्टार्टअप प्रतिनिधियों एवं विश्वविद्यालय अधिकारियों के साथ मिलकर हॉल 6 में स्थापित इनोवैशन हब एकेटीयू के स्टॉल का गहन निरीक्षण किया तथा प्रत्येक इक्र आधारित स्टार्टअप से संवाद कर उनके उत्पादों की उपयोगिता, तकनीकी संरचना और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। विज़िट में कुलपति के साथ वित्त अधिकारी केशव सिंह, डीन इनोवेशन प्रो बी एन मिश्र, असोशीएट डीन इनोवेशन डा अनुज कुमार शर्मा एवं विभिन्न राजकीय एवं शासकीय संस्थानों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## अवैध पिस्टल व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी के मड़ियांव थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध असलहा रखने और दुकानदार को धमकाने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है।आरोपी के कब्जे से एक अवैध 32 बोर पिस्टल तथा दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं।पुलिस के अनुसार 16 फरवरी को अजीजनगर चौकी क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि आईआईएम तिराहे के पास एक युवक असलहा लेकर घूम रहा है और हाल ही में एक पान मसाला दुकानदार को धमकी दी थी। सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर पुलिस ने सर्विस रोड से संदिग्ध युवक को पकड़ लिया।पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अनूप प्रजापति पुत्र शशिकांत प्रजापति निवासी बुद्धेश्वर मायापुरम डीटी खेड़ा लखनऊ उम्र करीब 22 वर्ष बताया। तलाशी में उसके पास से एक अवैध 32 बोर पिस्टल व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। इस संबंध में थाना मड़ियांव पर धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस उसके आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है।थाना प्रभारी मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। गिरफ्तारी करने वाली टीम में अजीज नगर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक नितिन कुमार, उपनिरीक्षक पुष्पेंद्र चौधरी व हेड कांस्टेबल गौरव कुमार सिंह शामिल रहे।

## आज मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 86 जोड़े एक-दूजे के होंगे

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज ब्लॉक के तत्वावधान में बुधवार को चांद सराय स्थित विशाल लॉन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत भव्य सामूहिक विवाह एवं निकाह समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक आयोजन में कुल 86 नवविवाहित जोड़े एक साथ विवाह बंधन में बंधकर नए जीवन की शुरुआत करेंगे। ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समारोह स्थल पर मंडप, बैठने की व्यवस्था, भोजन-पानी, साफ-सफाई, विद्युत व सुरक्षा समेत सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि नवदंपतियों और उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब व जरूरतमंद परिवारों के लिए एक बड़ा सहारा है। यह आयोजन न केवल बेटियों के विवाह में आर्थिक मदद प्रदान करता है, बल्कि समाज में समरसता और भाईचारे का भी संदेश देता है।

## सरांय गुदौली में क्रिकेट का रोमांच चौथे दिन चरम पर

**नगराम , लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज ब्लॉक अंतर्गत सरांय गुदौली में आयोजित तृतीय युवा ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट का चौथा दिन दर्शकों के लिए बेहद रोमांचक रहा। टूर्नामेंट में खेले गए दोनों मुकाबलों में खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया, जिससे क्वार्टर फाइनल की दौड़ और भी दिलचस्प हो गई। टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक गोसाईगंज ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा रहे। वहीं मोनू मीडिया ने बताया कि दिन का पहला मुकाबला सिकंदरपुर बनाम गोसाईगंज के बीच खेला गया। सिकंदरपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 7 विकेट पर 107 रन बनाए और गोसाईगंज को 108 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोसाईगंज की टीम दबाव में बिखर गई और 95 रन पर ऑलआउट हो गई। शानदार प्रदर्शन के लिए सचिन को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दिन का दूसरा मुकाबला टिकनिया मऊ बनाम सिकंदरपुर के बीच खेला गया। इस मैच में सिकंदरपुर की टीम संघर्ष करती नजर आई और 12 ओवर में मात्र 54 रन ही बना सकी। जवाब में टिकनिया मऊ की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए बिना विकेट गंवाए 7 ओवर में 58 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ टिकनिया मऊ ने पहले क्वार्टर फाइनल में अपनी मजबूत दावेदारी पेश कर दी है।

## महिला यौन उत्पीड़न रोकथाम पर चर्चा

**, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डॉ राजेंद्र प्रसाद मेमोरियल डिग्री कॉलेज के परिसर में महिला यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम 2013' कार्यक्रम किया गया । जिसमें कार्यक्रम समन्वयक डॉ यतीन्द्र कुमार झा समाजशास्त्र विभाग द्वारा इस कार्यक्रम से संबंधित छात्राओं को जागरूकता कार्यक्रम की रिपोर्ट चित्र की



वीडियो दिखाई गई एवं इससे संबंधित जानकारी दी गई। यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम एवं लैंगिक संवेदनशीलता हेतु कॉलेज एम्बेसडर शालिनी जायसवाल, अंशिका राय, महक गुप्ता,नीलाद्री मित्रा,हिमांशु विश्वकर्मा ने शपथ लिया । लैंगिक संदेनशीलता हेतु संकल्प शपथ छात्र - छात्राओं द्वारा कराया गया। जिसमें 50 से अधिक छात्र -छात्रा ने सहभागिता की ।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ वी.के.श्रीवास्तव एवं प्रवक्ता भावना सेठी, राखी सिंह, टी के चौधरी, डॉ रोली श्रीवास्तव, डॉ सुशीला पाण्डेय, दिव्या, प्रिया , प्रकाशिनी ,नवेद आलम उपस्थित रहे ।

## गोसाईगंज क्षेत्र में चल रहा है पशुओं का टीका करण

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इन दिनों गोसाईगंज और नगराम इलाकों में पैरावेट के माध्यम से पशुओ के टीका करण का काम किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पशुओं को ख़ुरपका और मुंह पका आदि बीमारियों से बचाने के लिए 10 मार्च तक तक चलता रहेगा। इसकी शुरुआत 22 जनवरी 2025 से की गई थी। इस मामले में अधिकांश गांवों के नागरिकों की ओर से पशुओं को टीका नहीं लगाने की बात कही गई है। गांव मीसा, मलौली, शिवलर, बगरिया मऊ, गंगागंज सहित कुछ अन्य गांवों के लोगों की ओर से भी पशुओं को टीका नहीं लगाए जाने की बात कही गई है। स्थितियों को देखते हुए यह कार्य समय से पूरा हो पाएगा या नहीं इस बात में जिम्मेदारों की ओर से संदेह व्यक्त किया गया है। नगराम के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार नोडल अधिकारी के रूप में इस कार्यक्रम की बागडोर संभाले हुए हैं। उन्होंने बताया कि अनुसार 36 गांवों में 31750 पशुओं को टीका लगाया जा चुका है। अभी 40 गांवों में शेष है। डॉक्टर के अनुसार स्टॉफ के कुछ लोगों को बीएलओ और कुछ को बोर्ड परीक्षा को ड्यूटी में काम करने के लिए लगाया गया है । डॉक्टर का मानना है यह संभव है कि पशुओं के टीका करण का काम समय से पूरा न हो पाए।

## जीसीआरआर ने जीता डीपीएल सीजन-5 का खिताब

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज क्षेत्र के गांव लछिमनपुर स्थित डीजीआई (दयाल ग्रुप इंस्टिट्यूट) के क्रिकेट स्टेडियम में डीपीएल सीजन-5 का भव्य समापन किया गया। फाइनल मुकाबले में जीसीआरजी ने आशियाना इलेवन को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। विजेता जीसीआरजी को 21,000/- और उपविजेता आशियाना इलेवन को 11,000/- रुपये नकद व ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम में फाइनल के हीरो ऋषभ रहे। उन्होंने मात्र 36 गेंदों में 80 रन बनाकर 'मैन ऑफ द मैच' का खिताब हासिल किया। आशियाना इलेवन के विवेक को पूरे टूर्नामेंट में शानदार बल्लेबाजी के लिए 'मैन ऑफ द सीरीज' चुना गया। पांच दिनों तक चले इस टूर्नामेंट में डीजीआई ,एस आआर एम सी आ एम, एस बी एस टाइटन्स और कैम्ब्रिज जैसी टीमों के बीच कड़े नॉकआउट मुकाबले हुए। पुरस्कार वितरण, संस्थान के निदेशक डॉ. अमित कुमार सिंह और डिप्टी डायरेक्टर तफ़ज़ील अहमद खान द्वारा किया गया। उन्होंने विजेता टीम को बधाई देते हुए छात्रों में खेल भावना और अनुशासन पर जोर दिया।

# भाकियू जिलाध्यक्ष ने से एडीओ पंचायत की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुप्ता संगठन के जिला अध्यक्ष सरदार सिंह गौतम ने क्षेत्रीय किसानों मजदूरों की समस्यायों को लेकर खण्ड विकास कार्यलय गोसाईगंज पर एडिओ पंचायत कमल किशोर शुक्ला से मुलाकात की। उन्होंने क्षेत्रीय किसानों मजदूरों की समस्यायों पर विस्तार से चर्चा की ।इसी में ग्राम पंचायत कासिमपुर बिरुहा में नटखेडा से झारखंडेश्वर मंदिर तक जाने वाली सम्पर्क मार्ग पर चोक हो चुकी सीवर लाइन की भी चर्चा की। उनके अनुसार यही से गांव में रोड पर पानी के साथ मल-मूत्र गंदगी फैलती है। इससे आने जाने वालों को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है लेकिन एडिओ पंचायत कमल किशोर शुक्ला द्वारा समय के अंदर ही काम पूरा हो ने की बात कही गई है। ग्राम देईटीकर में सार्वजनिक शौचालय में पानी नहीं है । शौचालय चालू नहीं है ।ग्रामीणो को को शौच के लिए दिक्कतों का सामाना करना पड रहा है। नाली खंडजा कच्चा रास्ता नाला निर्माण कार्य स्टील लाईट विधा पेंशन,जल मिशन सुरक्षा,राशनकार्ड वृद्धा पेंशन जन्म प्रमाण पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र आदि समस्याओं का समाधान कराने हेतु 20 दिन का आश्वासन दिया गया। पूरा हो जाने की बात कही गई है।इस मौके पर संगठन के प्रदेश प्रवक्ता रज्जन लाल रावत जिला अध्यक्ष सरदार सिंह गौतम व जिला महामंत्री जगदीश खलीफा जिला सचिव गिरीश कुमार रावत ब्लाक महामंत्री बिजय बहादुर रावत मीडिया प्रभारी रवीन्द्र सिंह यादव अनुज शर्मा महिला जिला जागेश्वरी प्रधानिन चाची महिला जिला संगठन मंत्री जगरानी गौतम महिला ग्राम अध्यक्ष नन्की माता ग्राम अध्यक्ष दूधनाथ यादव महिला ग्राम राजरानी यादव महिला ग्राम अध्यक्ष राजरानी रावत ग्राम अध्यक्ष महादेव गौतम ग्राम अध्यक्ष रमेश कुमार रावत ग्राम अध्यक्ष ग्राम अध्यक्ष राजमोहन आदि किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीएसआईआर ने मनाया 75वाँ वार्षिक दिवस समारोह



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीएसआईआर केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान ने संस्थान परिसर में अपने 75वें वार्षिक दिवस के साथ प्लेटिनम जुबली समारोह मनाया, जो औषधि खोज, जैव-चिकित्सा अनुसंधान और जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में पचहत्तर वर्षों की समर्पित सेवा का प्रतीक है। कार्यक्रम में वैज्ञानिकों, शोधार्थियों, तकनीकी एवं प्रशासनिक कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा आमंत्रित अतिथियों ने भाग लेकर संस्थान की वैज्ञानिक उपलब्धियों और चल रही पहलों को स्मरण किया। संस्थान की निदेशक डॉ. राधा रंगराजन ने मुख्य अतिथि डॉ. एन. कलैसेल्वी, महानिदेशक, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद तथा सचिव, डीएसआईआर, भारत सरकार; पद्मश्री डॉ. अभय बंग, प्रख्यात जनस्वास्थ्य विशेषज्ञ, गढ़िचरोली के सह-संस्थापक तथा डॉ. सत्य दाश, सीईओ, आईकेपी नॉलेज पार्क, हैदराबाद का स्वागत किया। वहीं प्लेटिनम जुबली समारोह के अंतर्गत रिसर्च विद द पीपल विषय पर पद्मश्री डॉ. अभय बंग ने विशिष्ट व्याख्यान दिया।

संबोधन में डॉ. बंग ने कहा कि अनुसंधान का वास्तविक उद्देश्य उन समुदायों की वास्तविक जरूरतों को पूरा करना होना चाहिए जिनकी सेवा शोधकर्ता करते हैं, न कि केवल अकादमिक या संस्थागत प्राथमिकताओं से संचालित होना। निदेशक डॉ. राधा रंगराजन ने संस्थान का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें हाल की वैज्ञानिक उपलब्धियाँ, प्रमुख शोध मील के पत्थर तथा भविष्य की दिशाओं का उल्लेख किया गया। उन्होंने वर्षभर चलने वाले प्लेटिनम जुबली समारोह और वर्ष की प्रमुख उपलब्धियों की भी जानकारी दी। डॉ. रंगराजन ने वैज्ञानिकों के समर्पित योगदान के लिए आभार व्यक्त किया तथा उन्हें संस्थान के मूल्यों को बनाए रखते हुए ्थिंकिंग बिग, एमिंग हाईङ्क के मंत्र के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। संबोधन में डॉ. सत्य दाश ने वैज्ञानिक खोजों के सामाजिक प्रभाव को अधिकतम करने में ट्रांसलेशनल रिसर्च और उद्यमिता विकास के महत्व पर बल दिया।

# विकास नगर लखनऊ व्यापार मंडल का भव्य शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी के विकास नगर क्षेत्र स्थित लक्ष्मी मार्केट, मामा चौराहा के पास मंगलवार को विकास नगर व्यापार मंडल द्वारा भव्य शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के व्यापारियों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता नीरज सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमरनाथ मिश्रा (अध्यक्ष, लखनऊ व्यापार मंडल/चीफ वार्डन सिविल डिफेंस) ने की। इस अवसर पर विकास नगर व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को विधिवत शपथ दिलाई गई।नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहम्मद शोएब जलाली (घटना नियंत्रक अधिकारी, सिविल डिफेंस) के नेतृत्व में नई टीम ने व्यापारियों के हितों की रक्षा, क्षेत्र के समग्र विकास तथा संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में सिविल डिफेंस प्रखंड लोहिया नगर के डिविजनल वार्डन सुनील तिवारी को व्यापार मंडल की ओर से प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं पोस्ट वार्डन ऋषि श्रीवास्तव, पोस्ट वार्डन (आरक्षित) सौरभ अग्रवाल एवं सेक्टर वार्डन आमिर अब्बास ने समारोह के दौरान यातायात एवं व्यवस्था प्रबंधन को सुचारु रूप से संभाला।इस अवसर पर सेक्टर वार्डन लोहिया नगर आमिर अब्बास को विकास नगर लखनऊ व्यापार मंडल का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## 20 फ़रवरी को होगा डाक सेवा समाधान दिवस का आयोजन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जीपीओ में 20 फ़रवरी को ''डाक सेवा समाधान दिवस'' का आयोजन पोस्टमास्टर जनरल मुख्यालय सुनील कुमार राय की उपस्थिति में किया जाएगा। डाक सेवा समाधान दिवस की शुरुआत लखनऊ परिक्षेत्र के सभी मंडलों में डाक सेवाओं को बेहतर बनाने व शिकायत निवारण तंत्र को अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से किया गया है। बताते है कि हर महीने के पहले व तीसरे शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक ''डाक सेवा समाधान दिवस'' का आयोजन लखनऊ परिक्षेत्र के प्रत्येक मंडल में संबन्धित मंडलाध्यक्षों की अध्यक्षता में अनवरत किया जा रहा है एवं ग्राहकों कि समस्याओं का त्वरित निस्तारण उसी दिन किया जाता है। इसी क्रम में अगला डाक सेवा समाधान दिवस लखनऊ में 20 फ़रवरी को आयोजित होना है जिसमें लखनऊ जिले से संबन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया जाएगा। बताया कि डाक सेवा समाधान दिवस के इस अवसर पर कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अपनी समस्यायें दर्ज करा सकते हैं।

## इन्दिरा नहर में उतराता मिला शव

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत एक गाँव निवासी लापता युवक का 17 दिन बाद इन्दिरा नहर में उतराता शव मिला। इस मामले में स्थानीय थाने में दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर गुमशुदगी की एफआईआर दर्ज कराई गई थी उसके बाद लगातार खोजबीन जारी थी। गोसाईगंज कोतवाली के अंतर्गत गांव कबीरपुर निवासी सुधीर कुमार पुत्र स्वर्गीय सूरजभान की ओर से पुलिस उच्चाधिकारियों के अलावा मुख्यमंत्री को ऑन लाइन भेजी गई थी। शिकायत कर्ता सुधीर कुमार के अनुसार उसका उसका भाई प्रियांशु (21) गांव के ही अल्फा पब्लिक स्कूल में जानवरों की देख-भाल किया करता था। वह रात में वहीं सोता भी था। वह एक फरवरी को सुबह 7 बजे कहीं चला गया था और उसका मोबाइल फोन वहीं रखा हुआ था, काफी ढूंढने के बाद 17 फरवरी को शाम 4 बजे इन्दिरा नहर में उदवत खेड़ा नई जेल के पास उसका शव उतराता हुआ मिला। इस मामले में 2 फरवरी को गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। सुधीर कुमार के अनुसार उसके भाई का कोतवाली पीजीआई क्षेत्र के गांव देव सिंह खेड़ा निवासी भगवानदीन की बेटी नेहा के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों की मोबाइल फोन पर बातें भी हुआ करती थी। इस बात की जानकारी उसे (सुधीर को) भाई के फोन की रिकॉर्डिंग सुनने के बाद हुई थी। शिकायत कर्ता के अनुसार उसके भाई की प्रेमिका नेहा का अंश नाम के अन्य लड़के से भी प्रेम प्रसंग चल रहा था। वह अक्सर उसी से बात किया करती थी। नहर में शव उतराता देख राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने प्रियांशु का शव देख बिलख पड़े। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# युवक की संदिग्ध मौत पर कार्रवाई की मांग, प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब,लखनऊ। इटौंजा थाना परिसर में मंगलवार को लाखन आर्मी संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पुलिस की कार्यशैली के खिलाफ प्रदर्शन किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज पासी के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने ढिलवासी गांव में युवक की संदिग्ध मौत के मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

सूरज पासी ने बताया कि इटौंजा क्षेत्र के ढिलवासी गांव निवासी बब्लू (25) पुत्र राम शरण का शव 31 जनवरी को आम के पेड़ से संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। परिजनों ने इसे हत्या बताते हुए नामजद तहरीर दी थी, लेकिन दो सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।संगठन का आरोप है कि, 30 जनवरी की शाम बब्लू ने कुछ लोगों को ऑटो में बैठाने से मना कर दिया था, जिसको लेकर विवाद हुआ और कथित तौर पर गांव के कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान उसकी मां और बहन भी बीच-बचाव करने पहुंचीं, जिनके साथ भी अभद्रता और मारपीट की गई। आरोप है कि हमलावर बब्लू का मोबाइल फोन भी छीन ले गए थे।अगली सुबह ग्रामीणों ने बब्लू का शव आम के पेड़ से लटका देखा। परिजनों ने इसे हत्या कर शव को फांसी पर लटकाने की साजिश बताया है। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर मामले को दबाने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की।सूरज पासी ने चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे के भीतर पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन हजारों समर्थकों के साथ थाने का घेराव कर व्यापक आंदोलन करेगा।

## छात्राओं को सिखाया गया आग से बचाव और बनावटी स्ट्रेचर बनाना

# आपदा से निपटने की जानकारी आवश्यक: मनोज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। एक मजबूत और जागरूक राष्ट्र के निर्माण के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आपदा से निपटने की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। यह बात सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर एवं सिविल डिफेंस अधिकारी, राष्ट्रपति पदक से अलंकृत मनोज वर्मा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को संबोधित करते हुए कही।

जानकीपुरम के सेक्टर-आई स्थित सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव एवं रचनात्मक प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विषयों पर छात्राओं को उपयोगी जानकारियां दी जा रही हैं। इसी क्रम में आपदा प्रबंधन विषय पर विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।मनोज वर्मा ने छात्राओं को विभिन्न प्रकार की आपदाओं एवं उनसे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग जैसी घटनाओं पर तभी प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है, जब हमें उसके कारणों और बचाव के तरीकों की सही जानकारी हो। इस अवसर पर छात्राओं को विद्यालय में उपलब्ध अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) के संचालन की विधि का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान बांस और कंबल की सहायता से अस्थायी (बनावटी) स्ट्रेचर तैयार करने का तरीका सिखाया गया तथा घायल व्यक्ति को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने का अभ्यास भी कराया गया। छात्राओं ने पूरे उत्साह और रुचि के साथ प्रशिक्षण में भाग लिया।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या सुधा तिवारी ने मनोज वर्मा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षिकाएं निधि राय, निशा मिश्रा, स्मृति बिसरिया, शुभ्रा, झरना यादव तथा एडवोकेट कंचन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# डीएम ने फाइलेरिया आईडीए कार्यक्रम को लेकर की बैठक

❒ 20 फरवरी को समस्त पंचायत घरों में खिलाई जाएगी फाइलेरिया की दवा-डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर । डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद में 10 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक चल रहे फाइलेरिया आईडीए कार्यक्रम को लेकर कलेक्ट्रेट के बिस्मिल सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि 20 फरवरी को दोपहर 12 बजे जनपद के समस्त 1068 पंचायत घरों में एक साथ अधिक से अधिक लोगों को फाइलेरिया दवा अधिकारियों के सामने खिलाई जाए।

लोगों को जागरूक किया जाए कि फाइलेरिया की दवा खाली पेट न लें तथा 01 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार मरीजों को यह दवा न दी जाए। इस कार्यक्रम में लापरवाही बरतने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कहा कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाली बीमारी है। इसे हाथीपांव के नाम से भी जाना जाता है। ये एक बार हो जाए, तो इसे ठीक नहीं किया जा सकता। इस बीमारी में हाथ-पैर, स्त्रियों के स्तन एवं पुरुषों के अंडकोष में सूजन आ जाती है। इस बीमारी को खत्म करने के लिए सरकार हर साल अभियान चलाती है। ये दवाइयां पूरी तरह सुरक्षित हैं और हर पात्र व्यक्ति को साल में एक बार जरूर खानी चाहिए। यह दवाई जनपद को फाइलेरिया मुक्त कर सकती है। सीएमओ डॉ विवेक कुमार मिश्रा ने बताया कि फाइलेरिया आईडीए कार्यक्रम जनपद के चयनित 13 ब्लाकों में चलाया जा रहा है। इसमें लाभार्थियों को 03 प्रकार की औषधियों का सेवन कराया जाएगा। प्रतिदिन प्रत्येक 02 सदस्यीय टीम को 25 घरों लगभग 125-130 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं आशा के घर को कार्यक्रम हेतु डिपो के रूप में स्थापित किया जाएगा। जिससे छूटे हुए लोग बाद में आयुष्मान आरोग्य मंदिर व आशा के घर जाकर आशा के सामने औषधि का सेवन कर सकें। इस अवसर पर सीडीओ डॉ अपराजिता सिंह, डीडीओ ऋषिपाल सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सरकारी कार्य में बाधक बना हिस्ट्रीशीटर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ सरकारी रास्ते पर अवैध रूप से कब्जा कर आवागमन करने वाले ग्रामीणों पर हमला करने का होता है प्रयास

सीतापुर। तहसील लहरपुर की ग्राम पंचायत टकेली ग्राम रानीपुर जिला सीतापुर में ग्राम समाज की भूमि पर आज़ादी से पूर्व से चला आ रहा एक सार्वजनिक रास्ता स्थित है, जिसका उपयोग ग्रामीण वर्षों से आवागमन हेतु करते आ रहे हैं। वर्तमान में गजराज पुत्र भगौती तथा उनके परिवारीजन, जो थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं, द्वारा उक्त सार्वजनिक रास्ते पर पुनः अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है। इससे ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो गया है तथा आए दिन विवाद एवं तनाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में पुलिस बल एवं लेखपाल की संयुक्त टीम द्वारा उक्त अतिक्रमण हटवाया जा चुका था, परंतु अब पुनः उसी स्थान पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की आशंका है।साथ ही, जिला पंचायत निधि से गाँव में बन रहे खड़ंजा निर्माण कार्य को भी आरोपी द्वारा दबाव बनाकर रुकवाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है और ग्रामीणों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उक्त अतिक्रमित रास्ते के नीचे जल जीवन मिशन की पाइपलाइन भी डाली गई है, जो गाटा संख्या 619 के पूर्व स्थित ग्राम समाज की भूमि पर बने सार्वजनिक रास्ते से होकर गुजरती है। अतिक्रमण के कारण पाइपलाइन को नुकसान पहुँचने की आशंका बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों की पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो सकती है।अतः वर्तमान सार्वजनिक रास्ता ही ग्रामीणों के आवागमन का एकमात्र मार्ग है ग्रामीणों का कहना है कि उक्त मामले को गंभीरता जांच कर विधि कार्यवाही कर ग्राम वासियों का सुचारू रूप से रास्ता चालू किया जाए जब भी राजस्व विभाग का कोई अधिकारी या कर्मचारी मौके पर अकेले जांच अथवा कार्यवाही हेतु आता है, तब आरोपी पक्ष के घर की महिलाएं उन्हें अशोभनीय एवं गंदी-गंदी गालियां देती हैं तथा बांका जैसे धारदार हथियार लेकर उन्हें मारने-पीटने के लिए दौड़ती हैं। इस कारण सरकारी कर्मचारियों में भय का वातावरण बना हुआ है और वे स्वतंत्र रूप से अपना शासकीय कार्य नहीं कर पा रहे हैं।

गाटा संख्या 619 का भूलेख अभिलेखों में दर्ज वास्तविक क्षेत्रफल जितना है, उससे कई गुना अधिक भूमि पर गजराज तथा उनके परिवारीजनों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है। इससे ग्राम समाज की भूमि का अतिक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है। अतः गाटा संख्या 619 की विधिवत पैमाइश कराकर वास्तविक क्षेत्रफल के अनुसार कब्जा हटवाने की कार्रवाई भी कराई जाए।

अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि प्रकरण की जांच कराते हुए भारतीय न्याय संहिता (उगट्ट) की धारा 324, धारा 221, धारा 223 तथा अन्य उपयुक्त धाराओं में मुकदमा दर्ज कर, तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) के प्रावधानों के अंतर्गत आवश्यक कार्रवाई करते हुए, स्थायी रूप से अतिक्रमण हटवाकर सार्वजनिक रास्ता सुरक्षित कराया जाए, तथा गाटा संख्या 619 की पैमाइश कराकर अवैध कब्जा हटवाया जाए, जिससे खड़ंजा निर्माण कार्य सुचारु रूप से पूरा हो सके।

# मॉडल ग्राम पंचायत में हुआ रस्सा-कसी खेल आयोजित, विजेताओं को किया सम्मानित

❒ खेल की 6-6 टीम बनाई गई। जिसमें जेपी पब्लिक स्कूल की सभी 06 टीमें विजेता बनी


कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जनपद की मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर स्थित बीआरपी क्लब खेल मैदान में ग्राम पंचायत की ओर से रस्सा-कसी के खेल का आयोजन हुआ। जिसमें जेपी पब्लिक स्कूल और संविलियन विद्यालय से 50-50 बच्चे खेल में शामिल हुए।

खेल की 6-6 टीम बनाई गई। जिसमें जेपी पब्लिक स्कूल की सभी 06 टीमें विजेता बनी। सभी विजेता छात्र-छात्राओं को ग्राम प्रधान अनिल कुमार गुप्ता के साथ सहयोग संस्था की अध्यक्ष रजनी गुप्ता, महासचिव विकास सक्सेना ने शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान ग्राम प्रधान अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए खेलों का बहुत ही बड़ा योगदान है, इसलिए हमारी ग्राम पंचायत समय-समय पर भिन्न-भिन्न खेलों का आयोजन करती रहती है। जिससे हमारी ग्राम पंचायत के बच्चों की दिमागी व शरीर की कसरत हो और वो मजबूत बन सकें। सहयोग संस्था की अध्यक्ष रजनी गुप्ता व महासचिव विकास सक्सेना ने बताया कि सहयोग संस्था के द्वारा बराबर पूरे जनपद में जनहित के कार्यक्रम कराए जा रहे है और जिस व्यक्ति का समाज सेवा करने का मन है, वह उनकी संस्था से जुड़ सकता है। कार्यक्रम में जेपी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य हिना खान, अध्यापिका निदा नाज, लक्ष्मी गुप्ता, मंजू, अंजली यादव, साइमा खान, मंतशा, प्रांशिका आर्या, नीतू, फिजा नाज, अनामिका सिंह, नाएमा नईम, अनाफशा अख्तर, रिंकी, देवीना गुप्ता, मीनू गुप्ता, रोली द्विवेदी, एकता, उजमा, माला द्विवेदी, पायल दीक्षित, अंजलि राठौर, संविलियन विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिश्चंद्र, अध्यापक मशकूर, अभिषेक सिंह, मीनाक्षी मिश्रा, सत्य प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## मछरेहटा थाना सवालों के घेरे में! किसान की फसल मिट्टी में दफन, दबंग बेखौफ, पुलिस मूकदर्शक




मछरेहटा, सीतापुर। थाना मछरेहटा क्षेत्र से सामने आया मामला शासन-प्रशासन के दावों की पोल खोलने के लिए काफी है। ग्राम मिर्ज़ापुर उत्तरी निवासी रामू पुत्र तुला की महीनों की मेहनत पर एक ही झटके – ईंट भट्ठा संचालक ने कई ट्रालियों मिट्टी डलवाकर उसकी गेहूं की खड़ी फसल को मिट्टी में दफना दिया। इतना ही नहीं, उसी रास्ते पर अपनी ईंटों का जबरन ढुलान भी कराया जा रहा है। किसान की रोजी-रोटी छीनी जा रही है, लेकिन पुलिस की नींद अब तक नहीं टूटी। पीड़ित किसान का आरोप है कि उसने थानाध्यक्ष मछरेहटा को लिखित शिकायत दी और लगातार दो दिन थाने के चक्कर लगाए जिसकी कॉल रिकार्डिंग मौजूद है।, लेकिन मौके पर न ही जांच, न ही कोई कार्रवाई। अब निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि क्या पीड़ित किसान को न्याय मिलेगा या फिर यह मामला भी फाइलों में दफन कर दिया जाएगा?

# रामचन्द्र मिशन आश्रम में प्रवाहित हुई ध्यान, भक्ति और साधना की त्रिवेणी

❒ पूर्व राष्ट्रपति सहित देश- विदेश के हजारों अभ्यासियों ने की ध्यान साधना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । रामचन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडिटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक पूज्य कमलेश डी. पटेल 'दाजी' के सान्निध्य में रामचन्द्र मिशन आश्रम में आयोजित बसंत उत्सव-2026 के दूसरे चरण के दूसरे दिन का शुभारंभ सामूहिक ध्यान साधना से हुआ।

देश-विदेश से आए हजारों अभ्यासियों ने एकात्म भाव से ध्यान में लीन होकर मानव कल्याण एवं विश्व शांति की मंगलकामना की। इस दौरान पूज्य दाजी ने कहा कि आत्मा अपनी जंजीरों से मुक्त होना चाहती है और यही सर्वोच्च स्तर की महत्वाकांक्षा का स्वरूप है। हम वही बनना चाहते हैं, जो वास्तव में हम हैं, लेकिन जिसे हम विस्मृत कर बैठे हैं। कहा कि हमारा लक्ष्य ईश्वर के साथ पूर्ण रूप से एकमय होना है और जब तक ध्येय की प्राप्ति न हो, तब तक विश्राम नहीं करना चाहिए। लक्ष्य के प्रति जागरूकता बनी रहे, तो आलस्य स्वयं ही पराजित हो जाता है। ध्यान सत्र के बाद मिशन के अभ्यासी एवं ख्यातिलब्ध भजन गायक चरनप्रीत ने अपने मधुर स्वर और संगीत से ङ्कसजा दो घर गुलशन सा मेरे सरकार आए हैंङ्क तथा ङ्कलालाजी की याद में हम सब खो जाएंङ्क जैसे भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी। सायंकालीन ध्यान सत्र में भी पूज्य दाजी ने साधकों को ध्यान कराया। आयोजन को सफल बनाने में कान्हा आश्रम प्रबंधक विनीत राणावत, माधो गोपाल अग्रवाल, एके गर्ग, सुयश सिन्हा, राजीव श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार सिंह, शुभम सक्सेना, जोन प्रभारी सौमेंद्र त्यागी सहित कई साधकों का सराहनीय योगदान रहा।

## तीन दिन के प्रवास पर ध्यान साधना करने आश्रम पहुंचे पूर्व राष्ट्रपति

शाहजहांपुर। श्री रामचन्द्र मिशन आश्रम में चल रहे बसन्त उत्सव में आज देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद भी अपने तीन दिन के प्रवास पर ध्यान साधना करने पहुंचे। रिलायंस में बने हैलीपैड में जब उनका हैलीकॉप्टर पहुंचा, तो यहां जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद पूर्व राष्ट्रपति का काफिला आश्रम पहुंचा। जहां उनका मिशन के सचिव उमा शंकर बाजपेई, संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, केंद्र प्रभारी सर्वेश चंद्रा, राज गोपाल अग्रवाल आदि ने उनका स्वागत किया। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने आश्रम पहुंचकर पूज्य दाजी को पुष्पगुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया। इसके बाद पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने पूज्य दाजी से मुलाकात की और ध्यान किया।

# डीएम ने फूलबेहड़ ब्लॉक के विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

❒ निरीक्षण के दौरान डीएम ने कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों से सवाल-जवाब किए और उनकी शैक्षणिक प्रगति परखी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने आज ब्लॉक फूलबेहड़ क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परिषदीय विद्यालय कुंवरापुर, सांडा, सकरन और सैदापुर का निरीक्षण करते हुए शिक्षण गुणवत्ता, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, नामांकन स्थिति तथा आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों से सवाल-जवाब किए और उनकी शैक्षणिक प्रगति परखी। शिक्षकों को निर्देश दिए कि नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और पढ़ाई की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी न रहे।जिलाधिकारी ने मिड डे मील (MDM) की गुणवत्ता, भोजन वितरण व्यवस्था, रसोईघर की स्वच्छता और खाद्यान्न भंडारण की भी जांच की। उन्होंने बच्चों को पौष्टिक व निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने के सख्त निर्देश दिए।इसके बाद डीएम ने आंगनबाड़ी केंद्र अंजनापुर और हजरतपुर का निरीक्षण कर बच्चों के पोषण, टीकाकरण, उपस्थिति रजिस्टर तथा गर्भवती व धात्री महिलाओं को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। कार्यकर्ताओं को योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।डीएम ने स्पष्ट किया कि शिक्षा और पोषण से जुड़ी व्यवस्थाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को कमियां दूर कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

# मासूम से छेड़छाड़ के प्रकरण में सख्ती: आरोपी की गिरफ्तारी के साथ गरजा बुलडोजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पलिया खीरी। पलिया कस्बे में 7 वर्षीय मासूम बच्ची से छेड़छाड़ के मामले में प्रशासन ने त्वरित और सख्त कार्रवाई करते हुए आरोपी से जुड़े प्रतिष्ठान पर बुलडोजर चलवा दिया। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बन गया, जिसके चलते सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगरपालिका के समीप स्थित एक हेयर कटिंग की दुकान पर काम करने वाले सद्दाम नामक युवक पर पड़ोस में कॉस्मेटिक की दुकान चलाने वाले दंपत्ति की 7 वर्षीय बच्ची से दो बार शारीरिक छेड़छाड़ करने का आरोप है। बताया जा रहा है कि बच्ची ने घटना की जानकारी अपनी मां को दी, जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी और मामला उजागर हुआ।सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। साथ ही मामले की



गंभीरता को देखते हुए प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची। आरोपी जिस नाई की दुकान पर काम करता था, उस दुकान पर जेसीबी मशीन की मदद से टीन शेड और ढांचा गिराकर ध्वस्त कर दिया गया।घटना से आक्रोशित लोगों ने कोतवाली का घेराव कर कड़ी कार्रवाई की मांग की। स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया और लोगों को समझाकर शांत कराया गया।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही बच्ची के परिजनों को आवश्यक सहयोग और सुरक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## अंजलि, सोनाली और कलपी का राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन



**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डी.ए.वी. इण्टर कॉलेज, मोती नगर, ऐशबाग, जनपद लखनऊ में एच.सी.एल. फाउंडेशन के द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता के फाइनल ट्रायल में श्री रघुराज सिंह हायर सेकेंड्री स्कूल की तीन खो खो खिलाड़ियों अंजलि, सोनाली और कलपी का चयन हुआ।बताते चले कि एच.सी.एल. फाउंडेशन के खो खो खेल विशेषज्ञों द्वारा प्रारंभिक ट्रायल दिनांक 27.01.2026 को आर.एम.पी. इंटर कॉलेज के मैदान पर आयोजित किया गया था। जिसमें श्री रघुराज सिंह हायर सेकेंड्री स्कूल की तीन खो खो खिलाड़ियों अंजली, सोनाली, और कलपी ने प्रतिभाग किया था। जिनमें से तीनों खिलाड़ियों का चयन फाइनल ट्रायल के लिए हुआ। इससे पहले दिनांक 03.02.2026 को एच.सी.एल. फाउंडेशन द्वारा मिनी स्टेडियम, गोमती नगर, जनपद लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के फाइनल ट्रायल में इसी विद्यालय की तीन बालिका खिलाड़ियों सुगंधी, आदर्शनी और शगुन का चयन हो चुका है।श्री रघुराज सिंह हायर सेकेंड्री स्कूल की यह तीनों ही बहुत प्रतिभावान और होनहार खिलाड़ी हैं और कई जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त कर चुकी हैं तथा विद्यालय के शारीरिक शिक्षक/क्रीड़ा प्रभारी डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी की देख रेख में खेल का प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं।एच.सी.एल. फाउंडेशन के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता का आयोजन आगामी मार्च माह में जनपद लखनऊ में किया जाएगा। विद्यालय की बालिकाओं की इस उपलब्धि पर खेल शिक्षक डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य ऋषि कुमार मिश्र ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी अच्छे प्रदर्शन के लिए आशीर्वाद प्रदान किया।

## डायरिया से डर नहीं अभियान के तहत स्कूल में पोस्टर व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद-सीतापुर में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इण्डिया) और केन्वयू के सहयोग से स्कूल जागरूकता गतिविधि के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय हुसैनगंज सीतापुर में पोस्टर प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रत्नेश मिश्रा जी द्वारा की गई और संचालन पीएसआई इण्डिया के कमलेश कुमार ने किया। पोस्टर प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता गतिविधि के माध्यम से रोटा वायरस, साफ सफाई, ओआरएस, जिंक की महत्वता को दर्शाया गया।पोस्टर प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम सरिता, द्वितीय अंशु राज, तृतीय जीनत और जैनब सांत्वना पुरुस्कार के साथ बच्चों को पुरुस्कृत किया गया।इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ0 शानू वर्मा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी नगरीय स्वास्थ्य केंद्र सदर सीतापुर व श्री कैलाश नाथ मिश्रा, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी सीतापुर द्वारा ओआरएस, जिंक, के महत्व और विटामिन ए, खसरा रूबेला कार्यक्रम के बारे में बताया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र-छात्राओं को डायरिया रोकथाम और प्रबंधन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से डायरिया से बचाव के जरूरी संदेश दिए गए।सम्पूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएमओ आफिस से शिवकांत समन्वय राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम सीतापुर क्षेत्रीय ए0एन0एम0 मीना और पीएसआई के प्रतिनिधि अश्वनी कुमार मिश्रा एवं ऐ0आर0पी0 संतोषी गुप्ता, स्कूल टीचर नेहा श्रीवास्तव अन्य का सहयोग रहा।

## सिधौली में डॉ. अम्बेडकर संवैधानिक महासंघ की विशाल जनसभा

**सिधौली ,सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** के बहादुरापुर स्थित डॉ. आंबेडकर पार्क में मंगलवार को डॉ. आंबेडकर संवैधानिक महासंघ के तत्वावधान में एक विशाल एवं शांतिपूर्ण जनसभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में सैकड़ों छात्र, किसान, मजदूर और आमजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभा में शिक्षा में समान अवसर, यूजीसी के नियमों को प्रभावी ढंग से लागू कराने तथा किसानों और स्थानीय युवाओं के अधिकारों की रक्षा जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने शिक्षण संस्थानों में भेदभाव रोकने, छात्रवृत्ति, छात्रावास एवं शोध सुविधाओं की निष्पक्ष व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग उठाई। साथ ही भूमि अधिग्रहण के बाद प्रभावित किसानों को रोजगार उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। राज भारती, अनुज कुमार गौतम और सोनम गौतम ने छात्रों, किसानों व महिलाओं के अधिकारों को लेकर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में संदीप राठौर, कुलदीप गौतम, विनोद गौतम, रंजनी रावत, रामनरेश गौतम, राजू गौतम, गजोधर प्रसाद बादल, संदीप यादव, रामचंद्र गौतम, मीना भारती, इंद्रसेन सिद्धार्थ, अतीक भार्गव, प्रमोद गौतम, बिंदेश्वरी यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम के माध्यम से भेजने हेतु तहसीलदार मुकेश कुमार शर्मा को सौंपा गया, जिन्होंने ज्ञापन प्राप्त कर आगे प्रेषित करने की बात कही ।

# हज यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण व टीकाकरण सम्पन्न


कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के निर्देश पर जनपद से हज यात्रा पर जाने वाले आजमीन-ए-हज का स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण कार्यक्रम पुराना जिला चिकित्सालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत चिकित्सकों की टीम ने सभी हज यात्रियों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक टीके लगाए। चिकित्सा टीम में डॉक्टर शोएब अली चिकित्सा अधिकारी, मोहम्मद जावेद, अहमद सिद्दीकी, जहीम खान एवं स्टाफ नर्स पिंकी, शालिनी शर्मा, स्नेहा सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने मौजूद रहकर टीकाकरण किया। इस दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीपी श्रीवास्तव ने हज यात्रियों को यात्रा के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों, खान-पान, स्वच्छता तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी। इस अवसर पर कुल 67 हज यात्रियों का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया गया। इस मौके पर मदरसा नुरुलहुदा बिजलीपूरा के प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां, मोईन खान, शारिक अली खान, साजिद अली खान, अब्दुल कादिर खान, निफासत अली खान, सविहा सुल्ताना, गुलाम कादिर, हज ट्रेनर मोहम्मद मशकूर खान आदि मौजूद रहे।

# बीडीओ मितौली ने किया 50 लाख की लागत से बन रहे कस्ता बाजार का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मितौली खीरी। विकास खंड मितौली क्षेत्र के कस्ता बाजार में लगभग 50 लाख रुपये की लागत से व्यापक विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। बाजार को आधुनिक और सुव्यवस्थित स्वरूप देने के उद्देश्य से चल रहे इन कार्यों का निरीक्षण बीडीओ मितौली मनीषा धार्वे ने मौके पर पहुंचकर किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, उपयोग की जा रही सामग्री तथा प्रगति की स्थिति की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और तय समयसीमा के भीतर पूरे किए जाएं। किसी भी प्रकार की लापरवाही या घटिया सामग्री पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।कस्ता बाजार में चल रहे विकास कार्यों के तहत मुख्य सड़कों का निर्माण एवं मरम्मत, इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाने, नाली निर्माण एवं जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने, बाजार क्षेत्र में साफ-सफाई और सुंदरीकरण के कार्य शामिल हैं। साथ ही आवश्यक स्थानों पर प्रकाश व्यवस्था को भी बेहतर किया जा रहा है, जिससे बाजार क्षेत्र अधिक सुरक्षित और आकर्षक बन सके।स्थानीय व्यापारियों और क्षेत्रवासियों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया है। उनका कहना है कि लंबे समय से बाजार की सड़कों और नालियों की स्थिति जर्जर थी, जिससे ग्राहकों और दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब विकास कार्यों के पूर्ण होने के बाद व्यापार को नई गति मिलने की उम्मीद है।प्रशासन का उद्देश्य कस्ता बाजार को स्वच्छ, सुगम और आधुनिक सुविधाओं से युक्त बाजार के रूप में विकसित करना है, जिससे क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिल सके और आम जनता को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु व्यापार बंधु समिति की बैठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ **बैठक के अन्तर्गत सर्वप्रथम उपायुक्त जीएसटी लोकेन्द्र कुमार द्वारा प्रमुख ऐजेंडा बिन्दुओं के विषय में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया**

सम्भल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु व्यापार बंधु समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत सर्वप्रथम उपायुक्त जीएसटी लोकेन्द्र कुमार द्वारा प्रमुख ऐजेंडा बिन्दुओं के विषय में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। बैठक के अन्तर्गत सर्वप्रथम पीएम विश्वकर्मा योजना के कुल आवेदन, आवेदन की संस्तुति, अनुमोदित आवेदन के विषय में जानकारी प्राप्त की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को लेकर चर्चा की एवं लक्ष्य के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा प्रगति कम पाये जाने पर एलडीएम को कठोर चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। सर्वाधिक लंबित आवेदनों वाले 5 बैंकों को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी आवेदन किसी भी रुप में 7 दिन से ज्यादा ना रुके। बिजली कटौती के बिन्दु पर समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने टैरिफ चेंज तथा सीएफसी सम्भल में ट्रिपिंग अधिक होने पर आस पास की जगह पर छापेमारी को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह ( जीबीसी) 5.0 के आयोजन के संबंध में चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि लक्ष्य पूर्ण कराया जाए। अक्रूर जी इन्फ्रा डवलेपर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नर्मदेश्वर धाम चंदौसी में विद्युतीकरण किया जाने के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई एवं विद्युत विभागीय स्तर पर लंबित होने के कारण समस्त संबंधित अधिशासी अभियंता विद्युत को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। निवेश मित्र पोर्टल पर समय सीमा के बाद लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि अगली बार लाभार्थी भी बैठक में उपस्थित रहें। बैठक के अंतर्गत उद्योग बंधु के सदस्यों की समस्याओं को सुना गया चंदौसी के उद्योग बंधु मनु शिखर शर्मा के द्वारा अवगत कराया गया कि विद्युत विभाग द्वारा खाली प्लाटों पर लोड का आकलन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि इस प्रकरण की जांच अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व द्वारा की जाए। उद्योग बंधु कमल कौशल वार्ष्णेय द्वारा गंगा एक्सप्रेस के नजदीक इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में छोटे व्यवसायियों को छोटे प्लाट आवंटित कराने की बात रखी। जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इसके उपरांत व्यापार बंधु की बैठक का आयोजन किया गया व्यापार बंधु के अंतर्गत चंदौसी स्टेशन रोड पर ठेले वालों के कारण अतिक्रमण की समस्याओं को रखा गया जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को कठोर चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। नाले नालियों की तली झाड़ साफ सफाई को लेकर भी जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि नाले नालियों की तली झाड साफ सफाई सुनिश्चित करें तथा बैठक में अनुपस्थित रहने पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बहजोई को कठोर चेतावनी जारी करने का निर्देश दिए।

चंदौसी में ई रिक्शा से लगने वाले जाम को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि चौराहों से 30 मीटर तक ई रिक्शा ना खड़े हों यह सुनिश्चित किया जाए तथा जाम से निजात के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि चंदौसी में 2 वर्ष पहले वनवे की जो योजना चलाई गई थी उसको पुनः लागू करवाने की कार्यवाही की जाए। अतिक्रमण को लेकर भी जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि दुकान नाली से पीछे रहे इसको देखें तथा प्लास्टिक पॉलिथीन रोकने के लिए एक अभियान चलाने को लेकर भी निर्देशित किया।

# हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों का लिया जायजा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




रायबरेली। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों का जायजा लेने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट जिला पूर्ति अधिकारी उबैदुर्रहमान ने चार परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षाओं को सकुशल, पारदर्शी और नकलविहीन संपन्न कराने के उद्देश्य से व्यवस्थाओं की जांच की।

निरीक्षण के दौरान जिला पूर्ति अधिकारी उबैदुर्रहमान ने राजकीय इण्टर कालेज हलोर, स्वदेश सरस्वती विद्या मंदिर महराजगंज, राजकीय बालिका इंटर कालेज महराजगंज, न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू व राजा चंद्रचूड़ सिंह इंटर कालेज महराजगंज में बने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं में प्रकाश व्यवस्था,मानक के अनुरूप सीटिंग अरेंजमेंट, पेयजल व शौचालयों को दुरुस्त करने के के अलावा डेस्क-बेंच सुव्यवस्थित लगाने और परीक्षा नियमों के अनुसार उचित दूरी बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान सभी केंद्रों के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, पेयजल, शौचालय, बिजली, सुरक्षा व्यवस्था और नकल रोकने के इंतजामों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने पुलिस प्रशासन को स्ट्रांग रूम की कड़ी निगरानी रखने के लिए भी सचेत किया है।

## थम नहीं रही चोरी की घटनाएं

रायबरेली। जिले के बछरावां क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। पानी टंकी रोड पर बाइक चोरी के बाद अब तिलेंडा गांव में बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। जानकारी के अनुसार, चोरों ने घर में घुसकर लगभग 7 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और कुछ नगदी पार कर दी। घटना की जानकारी सुबह होने पर परिवार के लोगों को हुई, जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पीड़ित परिवार ने पुलिस को सूचना देकर जल्द कार्रवाई की मांग की है। लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द सख्त कदम नहीं उठाए गए तो अपराधियों के हौसले और बढ़ सकते हैं।ग्रामीणों ने प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच करने और चोरी की घटनाओं का जल्द खुलासा करने की मांग की है। अब देखना यह है कि पुलिस इन घटनाओं का खुलासा कब तक कर पाती है और क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

# विद्यालयों के ऊपर से निकल रही हाईटेंशन लाइन के विस्थापित किये जाने के सम्बन्ध में बैठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में परिषदीय विद्यालयों के ऊपर से जा रहे हाईटेंशन विद्युत लाइन विस्थापित करने के सम्बन्ध में एक बैठक कलेक्ट्रेट कक्ष में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने बताया कि जनपद के 204 परिषदीय विद्यालयों को चिन्हित किया गया है, जिनके ऊपर से जा रहे हाईटेंशन विद्युत लाइन विस्थापित किया जाना है। उक्त कार्य के सापेक्ष 97 विद्यालयों में हाईटेंशन लाइन को विस्थापित किये जाने हेतु विद्युत विभाग को बजट जारी किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि उक्त कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए हाईटेंशन विद्युत लाइन विस्थापन का कार्य शीघ्र पूर्ण करायें, इसके साथ ही यह भी निर्देश दिये गये कि ऐसे विद्यालय जिनके परिसर के ऊपर से विद्युत लाइनें गुजर रही है, यदि अभी भी शेष हैं तो उनकी सूची तैयार कर ली जाए, जिससे कोई विद्यालय ऐसा न रहें जिसके परिसर के ऊपर से विद्युत लाइन गुजर रही हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ नवीन चन्द्रा, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल कुमार यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह सहित विद्युत विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

## तेज़ रफ़्तार कार की टक्कर से बाइक सवार की दर्दनाक

रायबरेली। तेज़ रफ़्तार कार की टक्कर से बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं किशोर की मौत की जानकारी होते ही परिजनों सहित गांव में कोहराम मच गया। मंगलवार सुबह महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के मकरंदपुर मजरे जमुरांवा गांव निवासी सचिन पुत्र जगदेव 18 वर्ष बाइक से रायबरेली की तरफ से महराजगंज आ रहा था कि मिल एरिया थाना क्षेत्र के हरदासपुर शारदा नहर पुल के पास तेज रफ्तार अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार सचिन गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों व पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायल सचिन को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। टक्कर मारने वाले कार सवार मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों समेत गांव में कोहराम मच गया। मिल एरिया थाना प्रभारी विंध्य विनय ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत की सूचना मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

# मण्डल स्तरीय परिषदीय विद्यालयों की क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

संभल। मण्डल स्तरीय परिषदीय विद्यालयों की क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिलाधिकारी राजेन्द्र पैंसिया एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा द्वारा किया गया एवं मंडलीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक(बे.), बुद्धप्रिय सिंह जी द्वारा किया गया प्रतियोगिता में'बालिका वर्ग'उच्च प्राथमिक विद्यालय 100 मी0 दौड़ः निक्की (बिजनौर) - प्रथम200 मी0, 400 मी0 व 600 मी0 दौड़ः पलक (बिजनौर) - प्रथमहॉकीः मुरादाबाद - प्रथमवॉलीबॉलः अमरोहा - प्रथमक्रिकेटः रामपुर - प्रथमयोगाः उझारी कलाँ (बिजनौर) - प्रथमअन्त्याक्षरीः मुरादाबाद - प्रथमप्राथमिक विद्यालयः50 मी0 दौड़ः शगुन (बिजनौर) - प्रथम100 मी0 दौड़ः नीतू (सम्भल) व आलिपा खान (रामपुर) - प्रथम200 मी0 व 400 मी0 दौड़ः कशिश (मुरादाबाद) - प्रथमकबड्डीः बिजनौर - प्रथमशतरंजः बिजनौर - प्रथम'बालक वर्ग'उच्च प्राथमिक विद्यालयः200 मी0, 400 मी0 व 600 मी0 दौड़ः अर्जुन (रामपुर) - प्रथम100 मी0 दौड़ः मो0 समीर (रामपुर) - प्रथमचक्का फेंकः अंशुल (अमरोहा) - प्रथमवॉलीबॉलः बिजनौर - प्रथमहॉकीः मुरादाबाद - प्रथमटेबिल टेनिस (एकल)ः मो0 उवैस (मुरादाबाद) - प्रथमयोगाः बिजनौर - प्रथमप्राथमिक विद्यालयः50 मी0 दौड़ः अनमोल (अमरोहा) - प्रथम100 मी0 दौड़ः दक्ष (बिजनौर) - प्रथम200 मी0 व 400 मी0 दौड़ः कार्तिक - प्रथमक्रीड़ा प्रतियोगिता में प्राथमिक शिक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चन्द्र शर्मा,जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष संतोष यादव (प्र.),राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिला अध्यक्ष विकास यादव, अंजीव श्रोतिय, मुकेश गोयल आदि पदाधिकारी,समस्त खंड शिक्षा अधिकारी जनपद सम्भल, शैलजा मिश्रा (जिला सम.), दीनदयाल शर्मा(जिला सम.),जिला व्यायाम शिक्षक अनिल कपूर,जिला स्काउट मास्टर प्रफुल्ल कुमार,डॉ.गौरव मिश्रा, भूदेव शंखधार, अशोक पाठक, संदीप कुमार (कनिष्ठ सहायक),अंकित कुमार, मुकेश कुमार सुनील कुमार, अनुज कुमार, अमित शर्मा, अमित कुमार, राजीव कुमार, संजीव कुमार, अंकित शर्मा आदि उपस्थित रहे।संचालन श्रीमती दुर्गा टंडन द्वारा किया गया।

## हैदराबाद में कृषि निर्यात हेतु प्रशिक्षण

**सभल, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रदेश से कृषि के निर्यात को बढ़ाने के लिए कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग द्वारा हैदराबाद में स्थित मैनेज (खइगइक्ख) में एक निर्यात प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है जिसमें मुरादाबाद मंडल सहारनपुर मंडल एवं मेरठ मंडल के 18 सदस्य मण्डलीय अधिकारी श्री राहुल यादव की अगुवाई में प्रतिभाग कर रहे हैं।अवनीश कुमार सिंह, निरीक्षक कृषि विपणन विभाग के द्वारा जानकारी दी गई किजनपद संभल के एफपीओ सीएससी सरसी यूपी एग्रीकल्चर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के सीईओ मोहम्मद फहीम का चयन हुआ है।इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कृषि निर्यात के क्षेत्र में किसानों एवं एफपीओ के साथ-साथ कृषि निर्यातकों को सक्षम बनाना है। कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग द्वारा निर्यात हो रहे कृषि उत्पाद पर परिवहन अनुदान भी प्रदान किया जाता है।

## आज होगा किसान दिवस का आयोजन

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उप कृषि निदेशक ने जानकारी देते हुए बताया कि विकास भवन सभागार में माह के तृतीय बुधवार 18 फरवरी 2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस आयोजित किया जायेगा, जिसमें जनपद के समस्त सम्बन्धित अधिकारीगण किसानों की समस्याओं के निराकरण हेतु उपस्थित रहेगें। कृषक अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए किसान दिवस में उपस्थित होकर लाभ उठाएं।

## सैदपुर में विराट हिंदू सम्मेलन

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सैदपुर के प्राचीन शिव मंदिर पर सनातन संरक्षण समिति द्वारा आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में भारी भीड़ जुटी। संत धर्मदास महाराजः जात-पात छोड़कर केवल हिंदू पहचान अपनाने और अगली पीढ़ी को संस्कारित करने पर जोर।विभाग प्रचारक सुधांशु अत्रिः संगठन और एकजुटता के महत्व को रेखांकित किया। प्रधानाचार्या पल्लवी शर्मा और अभाविप के आशीष देव मिश्रा धर्म रक्षा और राष्ट्रहित में सक्रिय रहने की आवश्यकता जताई। कार्यक्रम अध्यक्ष कृपाशंकर शर्मा संचालन शशांक शर्मा उपस्थित हिमांशु पाराशरी, अनुजकांत मिश्रा, सोनपाल मौर्य, लेखराज मौर्य, सुनील राठौर, मोहित शर्मा, विक्की मौर्य, प्रिंस देव शर्मा आदि।

## महाविद्यालय में रिलेसन रेस के साथ हुआ ओरतियोगिता का समापन

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजकीय महिला महाविद्यालय, बदायूं में दिनांक 17/02/ 2026 को दशम् क्रीडा प्रतियोगिता समारोह के तृतीय दिवस का रिले रेस कराने के पश्चात समापन हुआ। रिले रेस का आयोजन कु. सरिता गौतम द्वारा किया गया। रिले रेस में प्रथम स्थान पर आने वाली टीम में हिबा बी, मंजरुल फात्मा, इल्मा एवं अंशिका ने प्रतिभाग किया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री अमित कुमार रिछारिया मुख्य अतिथि के रूप में रहे। रिछारिया जी ने छात्राओं को क्रीडा का महत्व, अनुशासन एवं सार्थकता के विषय में बताया, उन्होंने छात्राओं को यह बताया की स्टेडियम में कई प्रकार की खेल सिखाए जाते हैं जिस छात्रा का जिस खेल में रुचि है वह जाकर कुशल प्रशिक्षक के साथ अभ्यास कर उसे सीखने की कोशिश करे। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ वंदना ने छात्राओं को बताया कि खेल को अनुशासन और खेल की भावना से खेलने वाला खिलाड़ी ही अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है। अंत में विगत तीन दिवसों में संपन्न हुए क्रीड़ा प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रतियोगिता के परिणाम में बी.एससी षष्ठ सेमेस्टर की छात्रा अंशिका को चैंपियन। घोषित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर क्रीड़ा प्रभारी डॉ सतीश कुमार जी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## गंगोरा में समाधि को लेकर हिंदूवादी संगठनों में उबाल, पुलिस को दिया शिकायती पत्र

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उझानी कोतवाली क्षेत्र में बरेली मथुरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव गंगोरा की सरकारी भूमि पर स्थित सिद्ध बाबा समाधि स्थल को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों संग ही हिंदूवादी संगठनों में गंभीर असंतोष उत्पन्न हो गया है। यह समाधि पहले सड़क की दूसरी ओर स्थित थी, जिसे सड़क चौड़ीकरण के दौरान गांव वालों की आपसी सहमति से हटाकर वर्तमान स्थान पर पुनः स्थापित किया गया। बताते हैं कि यह नई समाधि मात्र 1S2 दिन पहले ही बनाई गई थी और तब से वहां पूजा-अर्चना की जा रही थी। इसी दौरान वहां उर्दू में लिखावट, हरे झंडे और हरी चादरें चढ़ा दी गईं, जिससे स्थल की पहचान को लेकर भ्रम और तनाव की स्थिति बन गई।क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह स्थल वर्षों से सिद्ध बाबा समाधि स्थल के रूप में आस्था का केंद्र रहा है और इसके स्वरूप से किसी भी तरह का छेड़छाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस विषय को लेकर आज गांव के प्रधान, उझानी के एसएचओ और तहसीलदार के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई गई और लगाए गए झंडों व चादरों को हटाने की मांग की गई।मामले को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने भी प्रशासन से शिकायत की।

## उझानी पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट से संबंधित गिरफ्तार

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उझानी पुलिस द्वारा पॉक्सों एक्ट से संबंधित प्रकाश में आए 01 अभियुक्त को मय एक मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया गया । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,बदायूँ डॉ0 बृजेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना उझानी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 50/26 धारा 137(2) उगद्ब व 9(ख्र)/10 पाक्सो एक्ट में प्रकाश में आए अभियुक्त विजय पुत्र महीपाल निवासी कृष्णा कालोनी टावर के पास थाना उझानी जनपद बदायूँ को मुखबिर की सूचना पर गौशाला पाठक कस्बा व थाना उझानी से मय मो0 सा0 हीरो होण्डा आई स्मार्ट का चैसिस न0 06इड्डक्क्ख0 7358 के साथ गिरफ्तार किया गया । अभि0 की मो0 सा0 को अन्तर्गत धारा 207 ख्रद्ब इएद्ब में सीज किया गया । गिरफ्तार शुदा अभि0 को नियमानुसार कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-विजय पुत्र महीपाल निवासी कृष्णा कालोनी टावर के पास थाना उझानी जनपद बदायूँअभियुक्त का आपराधिक इतिहासमु0अ0स0 50/2026 धारा 137(2)/74 उगद्ब व 9(ख्र)/10 पाक्सो एक्ट अभियुक्त से बरामदगी का विवरण मो0 सा0 हीरो होण्डा आई स्मार्ट बिना नम्बर प्लेट जिसे धारा 207 ख्रद्ब इएद्ब में सीजगिरफ्तार करने वाली टीमः-1. उ0नि0 श्री प्रवीन कुमार थाना उझानी जनपद बदायूँ मय टीम ।

## स्काउट-गाइड शिविर में बच्चों को मिला सेवा, साहस और राष्ट्रभक्ति का प्रशिक्षण

**संभल , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारत स्काउट और गाइड के तत्वावधान में बदायूं के उच्च प्राथमिक विद्यालय मझिया में आयोजित त्रिदिवसीय स्काउट Sगाइड शिविर के दूसरे दिन विद्यार्थियों को अनुशासन, सेवा, साहस और राष्ट्रभक्ति का प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों ने प्राथमिक चिकित्सा, आपदा प्रबंधन, मॉक ड्रिल, तंबू निर्माण और बचाव कार्यों की जानकारी प्राप्त की। प्रधान अध्यापिका गीता सिंह ने बच्चों को अपनी शक्ति राष्ट्रहित में लगाने का संदेश दिया, जबकि संजीव कुमाद्गर शर्मा ने संकट के समय धैर्य और सही निर्णय लेने की सलाह दी।

# रमजान व होली को लेकर जिला शांति समिति की बैठक, निर्बाध बिजली और कड़ी निगरानी के निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

जौनपुर । उत्तर प्रदेश के जौनपुर में पवित्र माह रमजान एवं होली के मद्देनजर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में मंगलवार शाम जिला शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस विभाग, धर्मगुरुओं तथा शांति समिति के सदस्यों ने भाग लेकर त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने पर चर्चा की।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पर्वों के दौरान जनपद में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग एवं संबंधित अधिकारियों को शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों की तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए, ताकि आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।नगर क्षेत्र में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अधिशासी अधिकारी (ईओ) को तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में नई परंपरा की शुरुआत नहीं की जाएगी और सभी पर्व पूर्व से चली आ रही परंपराओं के अनुरूप ही मनाए जाएंगे। धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर व माइक की आवाज परिसर तक ही सीमित रखने के निर्देश भी दिए गए।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस विभाग पूरी तरह से तैयार है। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और न ही उसे साझा करें। जौनपुर अमन और शांति का जनपद है, जहां सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ मिलकर त्योहार मनाते आए हैं। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक आयुष श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) परमानंद झा, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट, नगर मजिस्ट्रेट इन्द्र नंदन सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# भाकियू के मंडल प्रवक्ता सिक्स लाइन पर अंडरपास बनाने के लिए करेंगे, महापंचायत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। एआरटीओ ऑफिस चौराहे बाबा स्विमिंग पुल के निकट भारतीय किसान यूनियन टिकैत के मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना बुधवार को अंडरपास को लेकर कई गांवों मिलकर महापंचायत करेंगे।

मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने कहा सिक्स लाइन का निर्माण होना अच्छी बात है कई गांव के लोगों को मौत का मुंह देखना पड़ रहा है।मार्ग पर हजारों करोड़ रुपया खत्म किया जा रहा है परंतु ग्रामीणों को बचाने के लिए अंडरपास के लिए कंजूसी करना उन्हें मौत के मुंह में धकेलना है।उन्होंने कहा प्रशासन को लिखित पत्र दे दिया है और इसमें सिक्स रोड केपरियोजना निदेशक पंचायत स्थल पर पहुंचे। मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने बताया की फूलपुर बटुला बोर्ड जिरौली गुनौरा बाजीपुर बहेड़ी कुरूउ मार्ग के पास अंडरपास जरूरी बने हैं इन जगहों से दर्जनों गांव के लोगों का आना-जाना लगा रहता है। ग्रामीण को अपने खेतों पर जाने के लिए कई किलोमीटर का रास्ता तय करना पड़ेगा है इस समस्या का निदान को लेकर कल बुधवार को बहडी पर बड़ी पंचायत होगी इस पंचायत में मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी सौदान सिंह आएंगे प्रवक्ता ने दलबल के साथ कई गांव में संपर्क करके पंचायत में आने का आवाहन किया है।उनके साथ विनोद कुशवाहा विनोद कुशवाहा अमरेश मौर्य रमेश पाल फौजी दर्जनों लोग मौजूद रहे आज उन्होंने जिरौली सिरसौली कुरूअ अब्दुल्ला गंज फूलपुर बटुला खंजन कई गांव का भ्रमण किया।

# फूड विभाग की विसंगतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ **फूड एक्ट का लाइसेंस न पाए जाने पर सजा का प्राविधान खत्म किया जाये :नवनीत गुप्ता शोंटू**

बदायूँ। 18 सूत्रीय ज्ञापन मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिल्ली के नाम संबोधित मांगपत्र सहायक आयुक्त ग्रेड 2सी एल यादव को किया प्रेषित उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के प्रांतीय आहवान पर जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता शोंटू,प्रदेश मंत्री अवधेश वर्मा एवं जिला महामंत्री हाजी राशिद सैफी के संयुक्त नेतृत्व में दर्जनों व्यापारियों ने फूड विभाग की विसंगतियों को लेकर गगनभेदी नारो के साथ विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी खाद्य य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, नई दिल्ली के नाम संबोधित 18सूत्रीय मांगपत्र जिला मुख्यालय स्थित खाद्य सुरक्षा एवं औषधि कार्यालय पर सहायक आयुक्त ग्रेड 2 सी एल यादव को प्रेषित किया। जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता शोंटू ने मांग करते हुए कहा कि सभी प्रकार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में रजिस्ट्रेशन के लिए 12 लाख टर्न ओवर के स्थान पर 40 लाख वार्षिक टर्न ओवर तक का काम करने वाले व्यापारियों की रजिस्ट्रेशन की सीमा में रखा जायें साथ ही खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में फूड एक्ट का लाइसेंस न पाए जाने पर सजा का प्राविधान खत्म किया जाये सभी ऑन लाइन व फूड चेन सप्लाई डिलीवरी करने वाले व्यक्यिं के खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के नियमों के अनुसार रजिस्ट्रैशन व लाइसेंस बनवाये जाने के आदेश पारित किया जाए प्रदेश मंत्री पवन जैन ने कहा कि प्रत्येक जिले में एक ही रजिस्ट्रेशन अर्थोरिटी नियुक्त किया जाए एवं किसी भी प्रकार की कमी पाई जाने पर सिर्फ पैकिंग करने वाले फर्म या कम्पनी को ही दोषी माना जाए, होलसेलर व रिटेलर को दण्डित न किया जाये।

ऑनलाइन फूड सप्लाई चेन की सैम्पलिंग भी नियमानुसार की जाये, जिससे आम जनता को सही सामान मिलना सुनिश्चित हो सके। प्रदेश मंत्री अवधेश वर्मा ने कहा कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किये जाऐं कि सैम्पिल भरे जाते समय फार्म-5 क पूरी तरह से भरकर व्यापारी को मौके पर उपलब्ध कराऐं तथा सैम्पिल के लिए प्राप्त किये गये सामान का भुगतान व्यापारी को करना सुनिश्चित करें एवं सील बंद वस्तु की संपलिंग की जाने की दशा में निर्माता को फार्म 5 क पंजीकृत डाक द्वारा तुरंत भेजा जाए तथा सैम्पलिंग के समय व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों को मौके पर बुलाया जाए जिला महामंत्री हाजी राशिद सैफी ने कहा कि फर्जी शिकायतों के आधार पर की जा रही सैम्पलिंग बन्द की जाए। शिकायतकर्ता की सत्यता की जांच व मिलावट के पुख्ता सबूत होने पर ही सैम्पलिंग की जाए साथ ही औद्योगिक इकाइयों में केन्द्रीय लाइसेंस होने पर केन्द्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी व प्रान्तीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी दोनों विभागों द्वारा अलग-अलग जॉच, सर्वे सैम्पलिंग के अधिकार दिए गए हैं एक देश एक कानून एक अधिकारी एक दफ्तर की व्यवस्था को लागू किया जाए। जिला कोषाध्यक्ष अमित वैश्य ने कहा कि अंधाधुंध कीट नाशक व रासायनिक खादों का प्रयोग खेती में किया जा रहा है। सिंचाई के लिए प्रयोग किये जाने वाला जल पूरी तरीके से दूषित हो चुका है, जिससे हमारे यहॉ के खेती से प्राप्त होने वाले खाद्ययान में रासायन व कीटनाशक भारी मात्रा में पाए जा रहे हैं, जिससे कैंसर जैसी घातक बीमारियों को बढ़ावा मिल रहा है इसलिए वर्तमान परिस्थिति के अनुसार खाद्यय पदार्थों के मानक तय किये जायें तथा कृषि विभाग को खेती में प्रयोग होने वाले कीटनाशक व रासायनिक खाद के मानक होने के बाद ही व्यापारियों के सैम्पिल भरे जाएं। जिला उपाध्यक्ष रूपेंद्र सिंह लाम्बा सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में निर्माताओं से ऑनलाइन सालाना व छमाही रिटर्न मॉगी जा रही है। निर्धारित समय पर जमा न करने पर रू0 100 प्रतिदिन लेट फीस लगाई जा रही है 5 करोड़ तक टर्न ओवर वाले निर्माताओं से ऑन लाइन सालाना व छमाही रिटर्न की व्यवस्था समाप्त की जाए जानकारी के अभाव में बहुत सारे व्यापारी समय से एनुवल रिटर्न (डी-वन फार्म) नहीं जमा कर पाए हैं। ऐसे व्यापारियों से भारी जुर्माना वसूला जा रहा है समाधान योजना चलाकर पिछला जुर्माना माफ किया जाये तथा जुर्माने के रूप में जमा कराई गई धनराशि व्यापारी को वापिस की जाए। नगर चेयरमैन दिनेश गुप्ता ने कहा कि खाद्य विश्लेषण अधिकारी द्वारा मानको के आधार पर नमूना फ़ेल होने परअधोमानक की जगह असुरक्षित लिख कर रिपोर्ट भेजी जा रही है इसलिए जब तक नमूने की जांच में कोई हानिकारक वस्तु न पायी जाए, नमूने को असुरक्षित घोषित न किया जाए प्रदेश मंत्री भूपेंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी अपर जिला मजिस्ट्रेट आदि को न्याय निर्णयक अधिकारी राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किये गये हैं। प्रशासनिक अधिकारी प्रशासनिक कार्यों में व्यस्त रहते हैं, जिससे न्याय निर्णय में समय लगता है। समय लगने से व्यापारी उत्पीड़न को बढ़ावा मिलता है तथा तकनीकी जानकार न होने के कारण प्रशासनिक अधिकारी मात्र अधिकतम जुर्माना वसूल करना चाहते हैं वह वाद को गुण दौषों के आधार पर तय करने की इच्छा नहीं रखते जिला उपाध्यक्ष जावेद खान ने कहा कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के सभी मामलों को अदालतों में भेजा जा रहा है। एक्ट में दी गई धारा-69 के अनुसार अधिकांश मामलों को शमन शुल्क जमा कराकर समाप्त किया जा सकता है।

# जिला स्तरीय त्रैमासिक टीबी टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

❑ छह वर्ष से कम आयु के टीबी ग्रस्त बच्चों को दोगुना पोषाहार देने के दिये गये निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच । कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय त्रैमासिक टीबी टास्क फोर्स बैठक की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने टीबी उन्मूलन अभियान को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने विशेष रूप से छह वर्ष से कम आयु के टीबी से ग्रसित लगभग 28 बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से मानक से दोगुना पोषाहार उपलब्ध कराने पर जोर दिया, ताकि उनकी रिकवरी तेज हो सके और कुपोषण की समस्या दूर हो। सीडीओ ने टीबी मरीजों को गोद लेने की पहल को और व्यापक बनाने के लिए पोषण किट की मानक सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सूची अन्य विभागों को उपलब्ध कराई जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण सहयोग प्रदान कर सकें और उपचार के दौरान उनका मनोबल बढ़ाया जा सके।टीबी मुक्त ग्राम पंचायत की दिशा में प्रयासों को तेज करने के लिए उन्होंने पंचायती राज विभाग को सक्रिय सहयोग देने को कहा। बैठक में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एम.एल. वर्मा ने बताया कि जनपद की लगभग 121 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि वर्ष 2025 में 264 लोगों ने आगे आकर 7200 टीबी मरीजों को गोद लिया और उन्हें पोषण किट व मानसिक संबल प्रदान किया। बैठक के दौरान शरणं संस्थान के प्रतिनिधियों ने एचआईवी/एड्स पर प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि माइग्रेंट आबादी, नशे की लत से ग्रसित लोग और सेक्स वर्कर्स के माध्यम से इस रोग के प्रसार की संभावना अधिक रहती है। एचआईवी/एड्स से पीड़ित व्यक्तियों में टीबी होने की संभावना अधिक होती है, इसलिए ऐसे रोगियों की अनिवार्य रूप से टीबी जांच कराई जानी चाहिए।सीएमओ डॉ संजय कुमार ने बताया कि जनपद में निजी क्षेत्र से टीबी नोटिफिकेशन लक्ष्य से कम है। वर्ष 2025 के लिए निर्धारित 2919 के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 2443 मरीजों का ही पंजीकरण हो पाया है। उन्होंने आईएमए/आईएपी के चिकित्सकों से सभी टीबी मरीजों का निःक्षय पोर्टल पर अनिवार्य पंजीकरण सुनिश्चित करने और अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की। इस अवसर पर डीएचईआईओ बृजेश सिंह, पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण विभाग, जेल प्रशासन, पुलिस विभाग, रेड क्रॉस सोसायटी, बाल एवं पुष्टाहार विभाग तथा शिक्षा विभाग सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु व नाली निर्माण की शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रातः 10 बजे से 02 बजे तक सिस्टेमैटिक एडमिनस्ट्रेटिव, मैकेनिज्म, ब्रिगिंग, हैपीनेन्स एण्ड वैल्यू (सम्भव) के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जन-सुनवाई दिवस में लोगों ने साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया। नगर आयुक्त ने लोगों की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबन्धित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुए ससमय निस्तारण कराया जाए। जनसुनवाई दिवस में 10 समस्यायें व शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर ही 02 समस्याओं व शिकायतों का निस्तारण हुआ। शेष समस्याओं के निस्तारण के लिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए गए। इस दौरान अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी व क्षेत्रीय पाषर्द आदि मौजूद रहे।

## पर्यावरण संरक्षण को वेस्ट से वेल्थ की जरूरत पर हुआ विशद मंथन

गोरखपुर । उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को आयोजित 'विकास के साथ पर्यावरणीय चुनौतियां : साझा प्रयास से सतत विकास' विषयक संगोष्ठी में दो विषय केंद्रित पैनल सत्रों का भी आयोजन किया गया। दोनों सत्रों में अधिकारियों और विशेषज्ञों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए वेस्ट को वेल्थ में परिवर्तित करने पर जारी सरकारी प्रयासों और इसमें और कुछ किए जाने की गुंजाइश पर विशद मंथन किया।सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट विषय पर पहले पैनल सत्र में स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण अनिल कुमार, भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय में एक्सपर्ट एप्रेजल कमेटी के चेयरमैन राजीव कुमार ने चर्चा में हिस्सा लिया।

# हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड ने उद्यमी कुलदीप मिश्रा किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड ने इंडस्ट्री पार्टनरशिप को मज़बूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए कंपनी के मैनेजिं ग डायरेक्टर डॉ.एस.पी. मोहंती ने लखनऊ में हुई एक मेगा बिज़नेस एसोसिएट्स मीट का आयोजन किया गया।

इस इवेंट में लगभग उत्तर प्रदेश क़े एक सौ नब्बे टॉप बिज़नेस एसोसिएट्स ने जोश के साथ हिस्सा लिया।जो हिंदुस्तानउर्वरक एवं रसायन लिमिटेड की ग्रोथ स्टोरी की रीढ़ बने मज़बूत नेटवर्क और भरोसेमंद रिश्तों को दिखाता है। इस मीटिंग ने गहरी बातचीत स्ट्रे टेजिक बिज़नेस को आगे बढ़ाने के लिए आइ डिया और लेन-देन के लिए एक शानदार प्लेट फ़ॉर्म को मजबूत करने का भरोसा दिया। वही सेशन के दौरान डॉ.मोहंती ने मिलकर ग्रोथ ऑ परेशनल एक्सीलेंस और लगातार स्टेकहोल्डर एंगेजमेंट के लिए ऑर्गनाइज़ेशन के लगातार कमिटमेंट पर ज़ोर दिया और कहाँ ने गों डा जनपद क़े उद्यमी कुलदीप मिश्रा को बेस्ट अचीवर अवार्ड से सम्मानित किया है।वही स्टेट हेड ने कहा कि हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड विश्वास का सबूत है कि लंबे समय त क चलने वाली पार्टनरशिप और ट्रांसपेरेंट बात चीत लंबे समय की सफलता की चाबी हैं।हम सब साथ मिलकर तय किए गए पक्के इरादे और एक जैसे लक्ष्यों के साथ, ऑर्गनाइज़ेशन से आगे बढ़ रहा है,और अपने सभी स्टेकहोल्ड र्स के लिए एक मज़बूत और भविष्य के लिए तैयार इकोसिस्टम बना रहा है। कि बातचीत से ही आपसी भरोसा और मज़बूत हुआ है और हम सब लोग साथ मिलकर तरक्की करने के शेयर्ड विज़न को पक्का किया है। हिन्दुस्तान उर्वरक एव रसायन लिमिटेड क़े एमडी एस. बी. मोहंती,स्टेट हेड अरूनी कुमार, मार्केटिंग हेड धीरज मिश्रा,एरिया मैनेजर अरू पुनिया

## कोरल जुबली पर आईआईटी कानपुर को एलुमनाई का 13 करोड़ 20 लाख रुपये का योगदान

कानपुर । संस्थान को अपने पूर्व छात्रों की उपलब्धियों और उनके निरंतर जुड़ाव पर गर्व है। 1990 बैच का कोरल जुबली रीयूनियन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि आईआईटी कानपुर के साथ आजीवन सम्बंध और भविष्य के प्रति साझा जिम्मेदारी का सशक्त प्रतीक है। पूर्व छात्रों द्वारा घोषित 13 करोड़ 20 लाख रुपये का योगदान छात्रवृत्तियों को मजबूत करेगा। उच्चस्तरीय शोध को बढ़ावा देगा और संस्थागत विकास को नई गति देगा। यह बातें मंगलवार को आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल ने कही।भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के 1990 बैच के पूर्व छात्र अपने स्नातक होने के 35 वर्ष पूरे होने पर कोरल जुबली रीयूनियन के अवसर पर परिसर में लौटे। भारत और विदेशों से आए पूर्व छात्रों ने पुराने सहपाठियों से मुलाकात की, छात्र जीवन की यादें ताजा कीं और अपनी मातृ संस्था के साथ सम्बंधों को और मजबूत किया। इस अवसर पर 1990 बैच ने संस्थान की शैक्षणिक, शोध एवं छात्र-केंद्रित पहलों के समर्थन के लिए तेरह करोड़ बीस लाख रुपये के सामूहिक योगदान की घोषणा की।

# लखीमपुर न्यायालय परिसर में सुरक्षा चाक-चौबंद, सभी गेटों पर तैनात अतिरिक्त पुलिस बल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर। न्यायालय परिसर में सुरक्षा चाक-चौबंद, सभी गेटों पर तैनात अतिरिक्त पुलिस बल*लखीमपुर खीरीऽ प्रदेश के कई जिलों के न्यायालयों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद जनपद लखीमपुर खीरी में भी सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हो गई हैं। आज सुबह से लखीमपुर जिला सत्र न्यायालय परिसर में हाई अलर्ट घोषित कर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।प्रभारी निरीक्षक सुरक्षा न्यायालय राकेश कुमार कश्यप के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा पूरे न्यायालय परिसर की गहन तलाशी ली जा रही है। मुख्य प्रवेश द्वार पर आने-जाने वाले सभी वादकारियों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों की रजिस्टर में एंट्री की जा रही है। इसके साथ ही प्रत्येक व्यक्ति की सघन तलाशी लेकर ही परिसर में प्रवेश दिया जा रहा है।पुलिस टीम द्वारा बैग, फाइलें और अन्य सामानों की भी बारीकी से जांच की जा रही है। संदिग्ध वस्तुओं और व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है तथा न्यायालय के संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।अधिकारियों के अनुसार, सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। आमजन से अपील की गई है कि वे जांच प्रक्रिया में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।फिलहाल न्यायालय परिसर में स्थिति सामान्य है, लेकिन संभावित खतरे को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह मुस्तैद हैं।

# प्रशिक्षण से वैचारिक उत्थान और व्यक्तित्व विकास : सन्तराज यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । भारतीय जनता पार्टी द्वारा 7 मार्च से 15 अप्रैल तक जिला एवं मण्डल स्तर पर व्यापक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में मंगलवार को रानीडीहा स्थित पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी की अध्यक्षता में 'दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान' को लेकर जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया गया।कार्यशाला को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं भूमि विकास बैंक के निवर्तमान सभापति सन्तराज यादव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है, जो समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यशालाओं के माध्यम से अपने कार्यकर्ताओं को न केवल संगठनात्मक रूप से सशक्त बनाती है, बल्कि उनके व्यक्तित्व का भी समग्र विकास करती है।उन्होंने कहा कि वैचारिक उत्थान के लिए कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही सरकार की नीतियों और योजनाओं को धरातल पर उतारते हुए जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। श्री यादव ने 'पंच परिवर्तन' विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का संदेश दिया।केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने अपने सम्बोधन में सोशल मीडिया के उपयोग में सावधानी बरतने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि एआई के इस दौर में विरोधियों द्वारा एडिटेड वीडियो और फोटोग्राफ के माध्यम से दुष्प्रचार किया जा रहा है, ऐसे में कार्यकर्ताओं को सतर्क रहना होगा और आमजन को भी जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि यदि सोशल मीडिया का सकारात्मक और जिम्मेदाराना उपयोग किया जाए, तो यह पार्टी के लिए एक सशक्त माध्यम सिद्ध हो सकता है।

# प्रयाग माघ मेले से काशी विश्वनाथ धाम पधारे भगवान 'कुंभेश्वर महादेव', शास्त्रोक्त विधि से पूजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी । सनातन धर्म की दो महान तीर्थ नगरियों काशी और प्रयाग के आध्यात्मिक समन्वय के प्रतीक, भगवान श्री कुंभेश्वर महादेव माघ मेले की पूर्णाहुति के पश्चात मंगलवार को पुनः श्री काशी विश्वनाथ धाम में विराजमान हुए। प्रयागराज त्रिवेणी तट पर लगभग 45 दिवसीय प्रवास के उपरांत सुबह उन्हें ससम्मान काशी वापस लाया गया, जहाँ उनका भव्य स्वागत और शास्त्रोक्त विधि से पूजन संपन्न हुआ।

मान्यतानुसार, श्री काशी विश्वनाथ महादेव के 'कुंभ स्नान स्वरूप' के रूप में भगवान कुंभेश्वर महादेव काशी में विराजमान रहते हैं। प्रतिवर्ष माघ मेले और कुंभ के अवसर पर वे विशेष रूप से प्रयाग क्षेत्र में विराजते हैं। इसी परंपरा के निर्वहन के लिए 01 जनवरी 2026 को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने विधि-विधान से पूजन के उपरांत उन्हें विशेष वाहन से प्रयागराज भेजा था। वहाँ वे न्यास शिविर में निर्मित विशेष मंदिर में कल्पवासियों और देश-विदेश से आए असंख्य श्रद्धालुओं को दर्शन दे रहे थे। यह जानकारी मंदिर न्यास की ओर से दी गई। बताया गया कि प्रातःकाल विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच त्रिवेणी संगम के पावन जल से महादेव का अभिषेक किया गया। इसके पश्चात उन्हें भावपूर्ण विदाई दी गई। काशी धाम पहुँचने पर मंदिर न्यास के अधिकारियों, कार्मिकों और वेदपाठी विद्वानों ने पुष्प वर्षा के साथ उनका स्वागत किया। शास्त्रोक्त रीति से पुनः पूजन, अभिषेक और विशेष आरती के उपरांत भगवान को उनके नियत स्थान पर प्रतिष्ठित किया गया।

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के अर्चक आचार्य पं0 ओमप्रकाश ने बताया कि ''शास्त्रों के अनुसार, कुंभ की अवधि में पवित्र नदियों में स्नान से जो पुण्य फल प्राप्त होता है, वहीं फल श्रद्धापूर्वक 'श्री कुंभेश्वर महादेव' के दर्शन मात्र से प्राप्त हो जाता है। यह स्वरूप काशी और प्रयाग की सांस्कृतिक निरंतरता का अनुपम उदाहरण है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ विश्व भूषण मिश्र नेसफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## डा.केपी गुप्ता ने खुद को सीएमओ का दोस्त बताकर दी जान से मारने की धमकी: कमलजीत कौर



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आशाओं के बकाया भुगतान को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहीं आशा संगठन की जिलाध्यक्ष कमलजीत कौर ने अर्नब अस्पताल के डा. केपी गुप्ता पर धमकाने का आरोप लगाया है। उन्होंने एसपी को शिकायती पत्र भेजा है साथ ही आईजीआरएस पर भी शिकायत दर्ज कराई है।कमलजीत कौर का आरोप है कि 14 फरवरी की शाम करीब साढ़े छह बजे उनके पास डा केपी गुप्ता का फोन आया, डा. केपी ने खुद को सीएमओ का दोस्त बताया और जान से मारने की धमकी देते हुए धमकाया। कहा कि सीएमओ के खिलाफ धरना प्रदर्शन करोगी, तो तुम्हारे साथ हादसा हो सकता है। शिकायती पत्र में जांच कर विधिक कार्रवाई की मांग की गई है।वहीं, सीएमओ ने बताया कि डॉ. केपी गुप्ता उनके दोस्त नहीं हैं और ना ही उनका डा. केपी से कोई संबंध है। इधर, डा. केपी गुप्ता ने बताया कि आरोप निराधार हैं, वो नोटिस भेजकर मानहानि का मुकदमा दर्ज कराएंगे। एसपी ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## गैंगस्टर के दोषी को चार वर्ष एक माह का कारावास

**फिरोजाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** न्यायालय ने मंगलवार को गैंगस्टर के दोषी को चार वर्ष एक महीने की सजा सुनाई है। उस पर अर्थ दंड लगाया है। अर्थ दंड न देने पर उनको अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।थाना रामगढ़ पुलिस ने वर्ष 2011 में दिलफूल पुत्र चुन्ने खाँ निवासी नगला कोठी थाना रामगढ़ के खिलाफ गैंगस्टर की कार्यवाही की थी। पुलिस ने विवेचना के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।मुकदमा अपर सत्र न्यायधीश, विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर कोर्ट संख्या 9 अर्चना गुप्ता के न्यायालय में चला। अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकदमे की पैरवी विशेष लोक अभियोजक मुरारी लाल लोधी ने की।मुकदमे के दौरान न्यायालय ने दिलफूल को गैंगस्टर का दोषी माना। न्यायालय ने उसे चार वर्ष एक महीने की सजा सुनाई है। उस पर 15 हजार रुपये का अर्थ दंड लगाया है। अर्थ दंड न देने पर उसे अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

## हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल आएंगे गोरखपुर

**गोरखपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल 18 फरवरी को गोरखपुर आएंगे। वे 19 और 20 को विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद 21 फरवरी को वापस शिमला लौट जाएंगे। उनके आगमन को लेकर प्रोटोकॉल जारी हो गया है।शिव प्रताप शुक्ल 18 फरवरी को शाम 7:10 बजे फ्लाइट से गोरखपुर एयरपोर्ट पर उतरेंगे। वहां से अपने बेतियाहाता स्थित आवास पर जाएंगे। 19 को सुबह 9:30 बजे खजनी के सरया तिवारी निवासी एडवोकेट धरनीधर त्रिपाठी के आवास पर पहुंचेंगे। वहां से 10:40 बजे खजनी क्षेत्र के ही रुद्रपुर स्थित उदय मिश्र के आवास पर पहुंचेंगे। वहां से पूर्वाह्न 11:05 बजे खजनी स्थित कोटही माता मंदिर और 11:30 बजे समाधिनाथ मंदिर जाएंगे। दोपहर 12:30 बजे वह अपने बेतियाहाता स्थित आवास पर लौटेंगे। शाम 7:05 बजे कौड़ीराम के दुबौली रामनगर स्थित राम गिरीश राय पीजी कॉलेज जाएंगे। वहां लगभग आधे घंटे रहेंगे। उसके बाद अपने आवास पर लौट आएंगे।20 फरवरी को सुबह 10:45 बजे महराजगंज रोड स्थित रेडिएंट रिसॉर्ट में कार्यक्रम में पहुंचेंगे। वहां से 11:15 बजे निकलकर दोपहर एक बजे संत कबीर नगर जिले के धनघटा क्षेत्र के कटार शुक्ल गांव स्थित पूर्व सांसद अष्टभुजा शुक्ल के आवास पर जाएंगे। वहां से शाम 4:40 बजे बस्ती जिले के बढ़नी मिश्र स्थित महर्षि वशिष्ठ मंदिर पहुंचेंगे। वहां से चलकर शाम 6:05 बजे बस्ती सर्किट हाउस जाएंगे। वहां से शाम 7:15 बजे होटल प्रकाश, बस्ती में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वहां से रात 8:30 बजे चलकर रात 10 बजे अपने बेतियाहाता स्थित आवास पर पहुंचेंगे। अगले दिन यानी 21 फरवरी को सुबह गोरखपुर एयरपोर्ट से नई दिल्ली के लिए निकलेंगे।

## धान खरीद पर किसानों को न किया जाये परेशान, डीएफएमओ को प्रतिकूल प्रविष्टि

**कानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** किसानों को उनके धान का उचित मूल्य दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है और क्रय केंद्रों पर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों को अनावश्यक दौड़ाया गया या खरीद में टालमटोल की गई तो जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होगी। यह बातें जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को कही।डीएम ने नवीन मंडी स्थल, उत्तरीपुरा में संचालित चार धान क्रय केंद्रों का औचक जायजा लेते हुए व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। इस दौरान किसानों की शिकायतें सही पाई गईं।

# मोदी-योगी सरकार में दुनिया भर में बज रहा सनातन धर्म और संस्कृति का डंका : स्वामी अधोक्षजानंद महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चित्रकूट । भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से आयोजित प्रान्तीय कृत राष्ट्रीय रामायण मेला के 53वें महोत्सव के तीसरे दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद महाराज ने कहा कि जहां तक हिन्दुस्तान की सम्प्रभुता है वह क्षेत्र स्वतः ही हिन्दू राष्ट्र ही है।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिस ढंग से कार्य कर रहे है वो बेशक घोषित हिन्दू राष्ट्र का विधान न भी हो तो भी वो अघोषित तौर से हिन्दुत्व और सनातन को पूरी दुनिया में बढाने के लिए जो कुछ किया जा सकता है वो राज सत्ता की मर्यादा में रहकर कर रहे हैं।डॉ राममनोहर लोहिया प्रेक्षागृह में आयोजित रामायण मेला महोत्सव में मंगलवार को मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने पहुंचे जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद महाराज का आयोजन अध्यक्ष प्रशांत करवरिया ,महामंत्री डॉ करुणा शंकर द्विवेदी ,पूर्व विधायक दिनेश प्रसाद मिश्रा ,बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे ,समाजसेवी राजा करवरिया ,डॉ संतोष मिश्रा ,अरुण तिवारी]सूरज सोनी आदि ने फूल मालाओ से लादकर स्वागत किया। इस मौके पर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद महाराज ने कहा मेरा ऐसा मानना है कि एक बार फिर से एक बार अखंड भारत के पुनर्निर्माण की जरूरत है। आज से 25 सौ वर्ष पहले आदि गुरु शंकराचार्य जब यहां आये थे तब भारत विभिन्न रूपों में विभाजित था। क्षेत्रवाद,वेशभूषा और अन्य विषयों पर खंडित था भारत। आदि गुरु शंकराचार्य ने उनको एकोहम,एको ब्रह्म द्वितीयो नास्ति वैदिक सूत्रों का हवाला देकर जो उन्होंने पदयात्राएं की। उनका दिव्य ज्ञान व दिव्य दर्शन ने राजाओं एवं प्रजाओं को प्रभावित किया जो आपसी टकराव थी वो आपसी तालमेल और सामन्जस्य में बदल गई। इसलिए किसी के अस्तित्व को मिटाये बगैर आदिगुरू शंकराचार्य ने उन सबके ऊपर एक ऐसा आध्यात्मिक अंबर प्रदान किया। जिसके नीचे रहने के समस्त राजा एकमत हुए और फिर से भारत अखंड बन गया। आज एक बार फिर 25 सौ साल बाद जब अखंड भारत के 18 स्वतंत्र देश बन चुके है और जो अभी भारत है वहां भी तरह तरह के मतभेद उभर रहे थे तो अब समय बदला है भेद खत्म हो रहे है। मेरा ऐसा विश्वास है कि हम सांस्कृतिक और आध्यात्मिक तौर पर उस 18 देशों में फैले हुए पूर्व के अखंड भारत को फिर से एकजुट करेंगे और अखंड भारत का निर्माण होगा।

# अमेरिका, रूस, लेबनान, कोरिया, जापान के खरीददारों को भा रहे मुरादाबाद के हस्तशिल्प उत्पाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद । पीतलनगरी मुरादाबाद के निर्यातकों को नोएडा में चल रहे आईजीएफ दिल्ली मेले में मंगलवार को चौथे दिन मसाजर और साउंड थेरेपी जैसे तमाम हस्तशिल्प उत्पादों के काफी आर्डर मिले हैं। फ़ेयर में अमेरिका के अलावा रूस, लेबनान, कोरिया, जापान के खरीददारों को मुरादाबाद के हस्तशिल्प उत्पाद बहुत भा रहे हैं। निर्यातकों ने बताया कि कई खरीददारों ने सैंपल खरीदा है। इसके साथ ही खरीददारों से ऑर्डर मिलने की सहमति भी बन रही है।दिल्ली फ़ेयर में जिले के 1500 निर्यातकों ने स्टाल लगाया है। पीतलनगरी के हस्तशिल्प उत्पादों की डिमांड ज्यादा है। निर्यातकों ने बताया कि फ़ेयर में भारी संख्या में खरीददार आ रहे हैं। निर्यातक विवेक अग्रवाल का कहना है कि खरीददारों का ध्यान तनाव कम करने वाले उत्पादों पर ज्यादा है। खरीददार सिंगिंग बाउल्स, घंटियों और मंत्रोच्चारण जैसे उपकरणों खूब पसंद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले तीन दिनों में खरीददारों ने होम डेकोर, फर्नीचर, गिफ्ट आइटम्स, फैशन एक्सेसरीज से सम्बंधित हस्तशिल्प उत्पादों की भी पूछताछ की है। फ़ेयर में फर्नीचर से सम्बंधित उत्पादों की संख्या ज्यादा है। इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में निर्यातकों और उद्योग हितधारकों को एक विशेष प्रस्तुति के लिए एकत्र किया गया।एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसलिंग हैंडीक्राफ्ट (ईपीसीएच) के चेयरमैन मुरादाबाद निवासी डॉ. नीरज विनोद खन्ना ने कहा कि अधिक से अधिक निर्यातक एक्सपो बाजार टीआईसीए साझेदारी से लाभान्वित हों। उन्होंने आगे कहा कि टीआईसीए के दो अलग-अलग बिजनेस माडल कैश एंड कैरी और प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया जा रहा है।ईपीसीएच के संयोजक व मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट एसोसिएशन के महासचिव अवधेश अग्रवाल ने कहा कि हम केवल बड़े खरीददारों को ही नहीं बल्कि छोटे और मध्यम को भी सेवा दे रहे हैं।

# सपा में शामिल होने के बाद पहली बार पहुंचे जनपद, फूलबाबू का हुआ जोरदार स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश सरकार में कई बार मंत्री रहे अनीस अहमद खा उर्फ 'फूलबाबू' के लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय से जनपद पीलीभीत में प्रथम आगमन के अवसर पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों द्वारा अभूतपूर्व,ऐतिहासिक एवं भव्य स्वागत किया गया।

उनके आगमन की सूचना मिलते ही पूरे जिले में उत्साह की लहर दौड़ पड़ी और कार्यकर्ताओं में खासा जोश देखने को मिला। खनंका पुल से शुरू हुआ स्वागत काफिला रोहनिया, बीसलपुर चांद मस्जिद, ईदगाह, पटेल नगर पुलिया, पुराना पीलीभीत बस स्टैंड, बरखेड़ा,सिमरिया, पौटा तथा केजीएन52 नकटादाना स्थित समाजवादी पार्टी कैम्प कार्यालय पीलीभीत तक भव्य रूप से जारी रहा। विभिन्न स्थानों पर फूलमालाओं,गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा और नारों के साथ उनका जोरदार अभिनंदन किया गया।युवा साथियों ने बाइक रैली के माध्यम से स्वागत किया, वहीं वरिष्ठ नेताओं और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने उन्हें अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। पूरे मार्ग में ल्लसमाजवादी पार्टी जिंदाबादङ्क और ल्लफूलबाबू का स्वागत हैङ्क के नारों से वातावरण गूंजता रहा।इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता,युवजन सभा के साथी तथा क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही। जगह-जगह लोगों ने उनका आत्मीय अभिनंदन कर यह संदेश दिया कि पीलीभीत की जनता उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

> अनीस अहमद खा उर्फ 'फूलबाबू' आगमन की सूचना मिलते ही पूरे जिले में उत्साह की लहर दौड़ पड़ी और कार्यकर्ताओं में खासा जोश देखने को मिला

कार्यक्रम के अंत में कैम्प कार्यालय पर आयोजित सभा में उन्होंने सभी समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे क्षेत्र के विकास, भाईचारे और सामाजिक न्याय की भावना को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। यह स्वागत कार्यक्रम जिले की राजनीति में एक ऐतिहासिक क्षण के रूप में देखा जा रहा है।स्वागत समारोह में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने पूर्व मंत्री जनाब अनीस अहमद खा के पार्टी में शामिल होने पर स्वागत एवं हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उनका आगमन संगठन के लिए अत्यंत शुभ संकेत है।उन्होंने कहा कि अनीस अहमद खां के लंबे राजनीतिक अनुभव, व्यापक जनाधार और प्रशासनिक क्षमता से पार्टी को जनपद में नई मजबूती मिलेगी। उनके जुड़ने से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है तथा संगठन और अधिक सशक्त होकर जनता की आवाज बुलंद करेगा।पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां ने अपने भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत से भावुक होकर पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं , पदाधिकारियों,वरिष्ठ नेतागणों एवं क्षेत्र की सम्मानित जनता का हृदय से आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि यह अभूतपूर्व स्वागत उनके व्यक्तिगत सम्मान का नहीं, बल्कि समाजवादी विचारधारा, संघर्ष और जनसेवा की राजनीति का सम्मान है। उन्होंने कहा कि जिस आत्मीयता और जोश के साथ जनपदवासियों ने उनका स्वागत किया है, वह उनके लिए जीवनभर की अमूल्य पूंजी है।

उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे पार्टी नेतृत्व के मार्गदर्शन में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान की रक्षा करने और हर वर्ग किसान, नौजवान, व्यापारी, मजदूर एवं अल्पसंख्यककी आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य करेंगे।फूलबाबू जी ने कहा कि जनपद के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी और रोजगार जैसे मूलभूत मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी।इस दौरान स्वागत समारोह में सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर,पूर्व प्रत्याशी बीसलपुर दिव्या गंगवार, पीलीभीत विधानसभा अध्यक्ष हाजी इम्तियाज अल्वी,अकील अहमद अंसारी,फैजान अली खां एडवोकेट, सयुस राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू,गयासुद्दीन मंसूरी,धनपति वर्मा एडवोकेट,अमित पाठक एडवोकेट, सपा हाजी अकबर अहमद अंसारी, संदीप सक्सेना, मुक्तदिर हयात खां, बालकराम सागर,काशीराम सरोज, यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष संजय खान,नरेश कुमार सागर,चौधरी प्रदीप पटेल,महेश पटेल,शालू खान, शोयब खान, अनीस बेग, जीशान खान,मुन्ने शाह , मुन्ने खान, अंसार खां राइस मिलर,सोहेल हुसैन,सय्यद फरहान,शफी उर्रहमान, कमर अंसारी,नदीम अंसारी, रेहान रजा, अंसार मंसूरी,नूरहसन मंसूरी, गुड्डू बाजपेयी आदि तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे हैं।

## 'हमारा आंगन, हमारे बच्चे' उत्सव का बीआरसी परिसर में आयोजन

> नन्हे बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी को अपनी ओर किया आकर्षित




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर । खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत पूर्व प्राथमिक शिक्षा को सशक्त बनाने और जन समुदाय को जागरूक करने के उद्देश्य से 'हमारा आंगन, हमारे बच्चे' उत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी,जनप्रतिनिधि, शिक्षक,आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पुत्र ऋतुराज पासवान तथा विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख मानसी अपूर्व सिंह रहीं। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि बचपन की शिक्षा बच्चे के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास की नींव होती है। निपुण भारत मिशन का उद्देश्य बच्चों को पढ़ने, लिखने और गणित की बुनियादी समझ प्रारंभिक स्तर पर ही सुदृढ़ करना है। ताकि आगे की शिक्षा सरल और प्रभावी हो सके। ब्लॉक प्रमुख मानसी अपूर्व सिंह ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण मंच हैं। ल्लहमारा आंगन, हमारे बच्चेङ्क जैसे कार्यक्रम न केवल बच्चों को सीखने के लिए प्रेरित करते हैं, बल्कि अभिभावकों को भी शिक्षा के महत्व से जोड़ते हैं। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने कविताएं, बाल गीत और छोटी-छोटी प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें देखकर उपस्थित अभिभावक भावविभोर हो उठे। बच्चों की आत्मविश्वास भरी प्रस्तुति ने यह संदेश दिया कि सही मार्गदर्शन और वातावरण मिलने पर वे बड़ी आसानी से सीख सकते हैं। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी विजय विरेन्द्र सिंह ने शिक्षा विभाग द्वारा पूर्व प्राथमिक शिक्षा को और बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई और सभी से बच्चों की शिक्षा में सक्रिय सहभागिता की अपील की है।इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी,एआरपी अजय तोमर,विवेक भारती, सुरेश गंगवार, शिक्षिका डॉक्टर सुगंध अग्रवाल, शिक्षिका निराजना शर्मा,सुमन लता संकुल शिक्षक सूर्य प्रकाश गंगवार,महेश पाल,कपिल मिश्रा सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा है।

## भाजपा नेता अचलेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में पूर्व मंत्री डॉक्टर विनोद तिवारी ने रोडवेज बसों हरी झंडी दिखाकर किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर । सेहरामऊ क्षेत्र के लोगों को आवागमन की बड़ी सुविधा मिली है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की दो रोडवेज बसों का मंगलवार को पूर्व मंत्री डॉ. विनोद तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। ये बसें सेहरामऊ उत्तरी से शाहजहांपुर तथा महुआ गुंदे से पीलीभीत जिला मुख्यालय के लिए संचालित की जाएंगी।

बताया गया कि जिला पंचायत वार्ड संख्या 8 से सदस्य पद के भाजपा से प्रबल दावेदार अचलेन्द्र मिश्रा अचल के अथक प्रयासों से बस सेवा शुरू कराई गई है। महुआ गुंदे से पीलीभीत होते हुये बरेली के लिए रोडवेज बस सेवा का यह पहला शुभारम्भ है। महुआ गुंदे में पूर्व मन्त्री डॉ. विनोद तिवारी एवं अचलेन्द्र मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ कियब।जबकि सेहरामऊ उत्तरी से शाहजहांपुर के लिए पूर्व मंत्री विनोद तिवारी, निखिल मिश्रा एवं अचलेन्द्र मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। यह बस करीब दो वर्ष से बंद पड़ी थी जिसे अब दोबारा चालू कराया गया है।बस सेवा शुरू होने से क्षेत्र के ग्रामीणों, छात्रों, मरीजों और व्यापारियों को जिला मुख्यालय तक आने-जाने में काफी सहूलियत मिलेगी। शुभारम्भ के दौरान क्षेत्रवासियों में खुशी और उत्साह का माहौल देखा गया।इस अवसर पर परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक विपुल पारासरी, भाजपा नेता अचलेन्द्र मिश्रा अचल,निखिल मिश्रा, अचल मोहन पाण्डेय, अनुज दीक्षित, सोनू दीक्षित, समरेंद्र मिश्रा, नवनीत मिश्रा निखिल मिश्रा,धीरज मिश्रा, संजीव बाजपेई, शेरसिंह, प्रवीण सिंह, महेश, पवन, अरविन्द, राजेश शर्मा, मनोज, अमित शुक्ला विशन चंद्र, भूपराम प्रधान सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## सीबीएसई: कड़ी सुरक्षा के बीच सीबीसई परीक्षाएं शुरू,केंद्रों पर अलर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। सीबीएसई 10 वीं की बोर्ड परीक्षा गणित विषय के साथ मंगलवार से शुरू हो गई सीबीएसई के नोडल अधिकारी एनसी पाठक ने बताया कि परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं सीबीएसई 10 वीं की बोर्ड परीक्षा मंगलवार को तहसील के 3 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गई पहले दिन गणित विषय में बेसिक मैथ्स व स्टैंडर्ड मैथ्स की परीक्षा थी इसमें तहसील क्षेत्र के विद्यालयों के लगभग 800 छात्र-छात्राएं ने प्रतिभाग किया सीसीटीवी की नजर में आयोजित नकल विहीन परीक्षा के लिए फ्लाइंग स्क्वायड थे, जो परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर निरीक्षण करने को तैयार रहे सुबह 10:30 बजे शुरू होने वाली परीक्षा के लिए परीक्षार्थी को हर हाल में 10 बजे तक परीक्षा भवन में प्रवेश करना अनिवार्य था इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया गया परीक्षार्थी अपना स्कूल परिचय पत्र, परीक्षा एडमिट कार्ड, पारदर्शी पेन, पाउच व वाटर बॉटल के साथ समय से पूर्व परीक्षा केन्द्र पर पहुंचे सेंट जोसेफ स्कूल पूरनपुर, स्वामी एजुकेशनल पूरनपुर लकी चिल्ड्रन स्कूल पूरनपुर इन केंद्रों पर स्कूलों के बच्चे ने परीक्षा दी जिले हाईस्कूल में 2503 और इंटरमीडिएट में 1721 बच्चे पंजीकृत हैं इसके बाद किसी को अंदर जाने नहीं दिया गया। 10:15 बजे पेपर दिए गए और 10:30 बजे पेपर का शुरू हो गया। सुरक्षा व्यवस्था आदि के लिए हर केंद्र पर पुलिस फोर्स लगाया गया है इस बार व्यवस्था और कड़ी की गई है परीक्षा सीसीटीवी की नजर में होगी वहीं, दूसरी ओर कक्षा 12वीं की परीक्षा 18 फरवरी बुधवार से शुरू होगी। पहले दिन फिजिकल एजुकेशन विषय की परीक्षा होगी परीक्षा केंद्र में घड़ी, मोबाइल या कोई भी इलेक्ट्रॉनिक सामान साथ लेकर न जाएं,प्रवेशपत्र, पेन व पेंसिल के साथ ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश मिलेगा,प्रश्नपत्र मिलने पर पहले सभी प्रश्नों को पढ़ें और उसके बाद लिखना शुरू करें,सभी प्रश्नों के उत्तर सिलसिलेवार रूप से ही दें। परीक्षा के दौरान तनाव को खुद पर हावी न होने दें।

## सर्राफा व्यवसायी अपने प्रतिष्ठानों पर अंदर और बाहर दोनों तरफ लगवायें कैमरा : एसपी




कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में जनपद के व्यापारी बन्धुओं के साथ गोष्ठी की गयी और व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों पर कैमरा लगवाने की अपील किया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा मंगलवार को पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में जनपद के विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों, बर्तन व सर्राफा व्यवसायियों, पेट्रोल पम्प संचालकों, गेस्ट हाउस संचालकों आदि जनपद के व्यापारी बन्धुओं के साथ गोष्ठी की गयी।

बैठक में व्यापारी बन्धुओं को ''आपरेशन त्रिनेत्रङ्क के तहत जागरूक करते हुए सुरक्षा के दृष्टिगत अपने अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने हेतु अपील की गई विशेषतः ज्वैलर्स की दुकानों पर अंदर साथ बाहर की ओर भी सीसीटीवी कैमरे लगवाये जाने हेतु अपील की गई ताकि किसी भी प्रकार की घटना होने पर खुलासा करने में मदद मिल सके।गोष्ठी में व्यापारी बन्धुओं से बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सुझाव लिये गये तथा सड़कों से अतिक्रमण हटाने सम्बंधी आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गई।व्यापारी बन्धुओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के निराकरण हेतु संबन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये व उनकी सुरक्षा के सम्बन्ध में आश्वस्त किया गया। व्यापारी बन्धुओं को अपने प्रतिष्ठान से बड़ी धनराशि का परिवहन करते समय स्थानीय पुलिस की सहायता लेने हेतु अवगत कराया गया।गोष्ठी में व्यापारी बन्धुओं द्वारा कुछ विशेष बिन्दुओं पर कार्यवाही की मांग की गई है जिसके संबन्ध में एसपी द्वारा संबन्धित को आवश्यक निर्देश दिये गये हैं।गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक को अपने अपने थाना क्षेत्र के व्यापारी बन्धुओं के साथ प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में तथा समस्त क्षेत्राधिकारीगण को अपने सर्किल के व्यापारी बन्धुओं के साथ प्रत्येक माह के प्रथम पखवारे में समन्वय गोष्ठी आयोजित कर उनकी समस्याओं को सुनते हुये उनके निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## एसपी का बन्धुआकला थाने पर औचक निरीक्षण माफियाओं पर सख्त कार्रवाई के निर्देश




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर । पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने थाना बन्धुआकला का औचक निरीक्षण कर पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला हेल्प डेस्क,कार्यालय अभिलेख, हवालात, रिसेप्शन रूम,पुलिस मैस व थाना परिसर का बारीकी से जायजा लिया।एसपी ने महिला हेल्प डेस्क पर पहुंचकर पीड़िताओं की शिकायतों के त्वरित निस्तारण और फीडबैक व्यवस्था की समीक्षा की। मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को जागरूक करने और उनकी शिकायतों पर निष्पक्ष व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। टॉप 10 अपराधियों व हिस्ट्रीशीटर्स की निगरानी की स्थिति की समीक्षा करते हुए एसपी ने शराब,खनन व भू-माफियाओं के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए।अपराध रजिस्टर व त्योहार रजिस्टर का अवलोकन कर आवश्यक सुधार करने को कहा। थाना परिसर में खड़े लावारिस वाहनों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए।पुलिस मैस में भोजन की गुणवत्ता व साफ-सफाई की जांच कर थाना प्रभारी व स्टाफ का कुशलक्षेम भी जाना। साथ ही आगंतुकों के लिए स्वच्छ वातावरण,पेयजल व प्रसाधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा परिसर में वृक्षारोपण व स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश क्षेत्राधिकारी सौरभ सामंत व थाना प्रभारी प्रमोद कुमार को दिए गए।

## शिक्षकों के परिश्रम से शैक्षिक गुणवत्ता में आया सुधार : हरिओम तिवारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई, अमेठी। परिषदीय विद्यालयों में शिक्षारत बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है। यहां के बच्चे कान्वेंट स्कूलों के बच्चों से किसी मामले में पीछे नही है।कायाकल्प योजना से भवनों की खूबसूरती बढ़ी है तो शिक्षकों के परिश्रम से बच्चों में भी निखार आया है।

यह बात प्राथमिक विद्यालय कुकहा रामपुर में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में सिंहपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने कही।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों में जो वार्षिकोत्सव कराये जाने का निर्णय लिया गया इसकी जितनी प्रशंसा की जाय वह कम है।उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से बच्चों में छिपी प्रतिभाएं निखर कर समाज के सामने आती है।खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने अभिवावकों से अपील करते हुये कहा कि आप सब लोग अपने पाल्यों को नियमित विद्यालय भेजें। प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को भाव विभोर कर दिया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बाल वाटिका का फीता काटकर शुभारम्भ किया और विद्यालय के पुरातन छात्रों की माताओं को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया।प्रधानाध्यापक राशिद खान ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन जय श्री सैनी ने किया।इस मौके पर एआरपी जय शंकर मिश्र, प्रबंध समिति अध्यक्ष शिव बहादुर,उबैद अहमद, आलोक शुक्ला,रियाज अहमद, प्रिया तिवारी, संतोष कुमार,राम केवल,शकील, धीरज मौर्या, राम विशुन मौर्या,वारिस अली,सीताकांत तिवारी,ललिता विश्वकर्मा,सीमा,श्रीमती, सविता,कपिल देव ,पुष्पा सिंह , अर्चना सहित अन्य तमाम अभिभावकगण मौजूद रहे।

## खंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में संकुल स्तरीय बैठक का हुआ आयोजन



पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। संकुल स्तरीय बैठक का उच्च प्राथमिक विद्यालय भगवंतापुर में हुआ आयोजन बैठक के उपरांत कक्षा एक में पढ़ने वाले समस्त शिक्षक साथियों को प्रत्येक विद्यालय से अधिकतम उपस्थिति वाले एक बच्चे को जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक बच्चे को चार उत्कृष्ट शिक्षक केशव कुमार अशोक कुमार मुकेश कुमार,अखलाख अहमद ने स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया है। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह , संकुल शिक्षक सूर्य प्रकाश गंगवार, बुधराम, केशव कुमार, आदेश कुमार शर्मा, सहायक अध्यापक नूपुर पांडे,सुरेश चंद्र गंगवार, विशाल चौहान, शुभम शुक्ला, योगेंद्र कुमार, जमालुद्दीन मंसूरी, विजयलक्ष्मी श्रीवास्तव, सहित कई अन्य शिक्षक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे है।

## महिला कल्याण विभाग के मिशन वात्सल्य को लेकर नगर पालिका में आयोजित हुई समीक्षा बैठक




पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पालिका परिषद पूरनपुर में महिला कल्याण विभाग जनपद पीलीभीत द्वारा संचालित मिशन वात्सल्य बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन नगर पालिका परिषद सभागार में आयोजित किया गया बैठक में अधिशासी अधिकारी एजाज अहमद,लेखाकार दिनेश भारती,जिला संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक, सभासद नादिर रजा बरकाती, अनुज गुप्ता, शेर सिंह यादव सहित कई सभासद एवं नागरिक मौजूद रहे हैं।

## चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने की बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए मुफ्त ठहरने व भोजन की व्यवस्था, प्रवेश पत्र दिखाने पर मिलेगी सुविधा

पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर नगर पालिका चेयरमेन शैलेन्द्र गुप्ता ने दूर दराज से आने वाले बोर्ड परीक्षा के छात्र छात्राओं के लिये एक अनूठी पहल की जिसकी लोग काफी प्रशंसा करते थक नही रहे है पूरनपुर नगर पालिका में बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए निःशुल्क ठहरने और भोजन की व्यवस्था की गई है पूरनपुर नगर पालिका अध्यक्ष ने 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए यह पहल की है यह सुविधा दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले उन छात्रों के लिए है, जिन्हें परीक्षा के दौरान ठहरने और भोजन की समस्या का सामना करना पड़ता है परीक्षार्थियों के लिए नगर पालिका में निःशुल्क ठहरने का इंतजाम किया गया है इसके साथ ही छात्रों को निःशुल्क भोजन, जलपान और अन्य आवश्यक सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी यह सभी सुविधाएं पूरी तरह मुफ्त होंगी इन सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए परीक्षार्थियों को अपना प्रवेश पत्र दिखाना अनिवार्य होगा इस पहल पर शैलेन्द्र गुप्ता ने कहा कि उन्हें छात्रों को परीक्षा के दौरान होने वाली परेशानियों का अनुभव है। उन्होंने बताया कि छात्रों के रहने, भोजन और जलपान की निःशुल्क व्यवस्था की गई है ताकि वे बिना किसी चिंता के अपनी परीक्षाएं सुचारु रूप से दे सकें और सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## चीनी मिल का जिला गन्ना अधिकारी एवं एसडीएम ने किया निरीक्षण देखी व्यवस्था

पूरनपुर , कैनविज टाइम्स संवाददाता। लगातार मिल रही शिकायतों और किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव एवं उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने पूरनपुर दि किसान सहकारी चीनी मिल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने मिल परिसर, गन्ना तौल केंद्र, भुगतान व्यवस्था,साफ-सफाई और सुरक्षा इंतजामों का बारीकी से जायजा लिया। जिला गन्ना अधिकारी एवं एसडीएम ने अधिकारियों से गन्ना आपूर्ति, तौल में पारदर्शिता और किसानों को समय पर भुगतान से जुड़ी जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और सभी व्यवस्थाएं नियमों के अनुरूप संचालित की जाएं। मंगलवार सुबह 11 बजे एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि चीनी मिल से जुड़ी समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और किसानों को किसी भी तरह की समस्या नहीं होने दी जाएगी।

## दरोगा पर भ्रष्टाचार का आरोप सीओ को सौपा ज्ञापन

पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली में तैनात एक दरोगा पर गंभीर आरोप लगाते हुए भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी ने मंगलवार दोपहर लगभग एक बजे पुलिस क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने बताया कि पूरनपुर कोतवाली में तैनात एक दरोगा पर भ्रष्टाचार में लिप्त होकर गांव सबलपुर खास में दबंगों को खुला संरक्षण देने का आरोप है, कि कमजोर वर्ग के लोगों के निजी रास्तों पर जबरन कब्जा कराया जा रहा है और विरोध करने पर पीड़ितों को धमकाया जा रहा है। संगठन के अनुसार, पीड़ितों द्वारा बार-बार लिखित शिकायतें देने के बावजूद दबंगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे उनके हौसले बुलंद हैं और गांव में किसी भी समय अप्रिय घटना की आशंका बनी हुई है। पहला मामला काजल पत्नी ओमपाल का है, जिन्होंने गांव के ही कुछ लोगों के खिलाफ 5 अक्टूबर 2025 और 5 फरवरी 2026 को प्रार्थना पत्र दिए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। दूसरा मामला असलम पुत्र अब्दुल्ला निवासी ग्राम सबलपुर खास का है, जिन्होंने 17 अक्टूबर और 26 अक्टूबर 2025 को शिकायत दी, परंतु दोनों मामलों में आज तक पुलिस ने कोई कदम नहीं उठाया। ज्ञापन में दरोगा के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।

## 27 साल बाद बनी जेलर की सड़क, लोकार्पण, क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर

पीलीभीत,, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पालिका परिषद पीलीभीत के 28 दिन, 28 लोकार्पण अभियान के अंतर्गत वार्ड नंबर 25 के मोहल्ला पूरणमल में महेश नारायण सक्सेना के मकान से रमेश चंद्र अग्रवाल के मकान तक बनी जेलर वाली गली का मंगलवार को लोकार्पण किया गया। गली निर्माण पूर्ण होने के बाद डॉ आस्था अग्रवाल ने फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर गली का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उनका ढोल-नगाड़ों और फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

इस मौके पर डॉ. आस्था अग्रवाल ने बताया कि जेलर वाली गली के निर्माण की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। लोगों की समस्या को देखते हुए प्राथमिकता के आधार पर गली को ऊंचा बनवाया गया है, जिससे बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी और आवागमन सुगम हो सकेगा।वार्ड के सभासद साकेत सक्सेना ने कहा कि यह गली काफी समय से जर्जर अवस्था में थी और मुख्य मार्ग से नीचे होने के कारण बारिश के दिनों में कई-कई दिन तक पानी भर जाता था, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब गली के ऊंचा बनने से क्षेत्रवासियों को काफी सुविधा मिलेगी।लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान भागीरथ प्रजापति, महेश नारायण प्रधान, दीनू प्रजापति, रमेश चंद्र अग्रवाल, उमेश प्रजापति, प्रदीप सक्सेना, राघव गोयल, उमेश चंद्र अग्रवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष इंद्रेश सिंह चौहान, सभासद गोकुल प्रसाद मौर्य, साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, अनस अंसारी, निर्मल सिंह टीटू, विपिन राजू फौजी, राशिद हुसैन, निजाकत अली कादरी, अवतार सिंह मोनू, इकबाल हजरत, मोहम्मद शरीफ, इमरान अंसारी, विकास बाबू, मोहन स्वरूप, ओम प्रकाश राजपूत, विपिन मिश्रा, पंकज राजपूत, कमलेश वर्मा, दीप अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## फरीद अहमद को मिली पीएचडी की उपाधि

सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के सेमरी पुरुषोत्तमपुर निवासी फरीद अहमद को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या द्वारा अंग्रेजी विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने ल्लबप्सी सिधवा के साहित्य में महिला और विभाजन संबंधी कथाएँङ्क विषय पर अंग्रेजी विभाग, के.एन.आई.पी.एस.एस., सुल्तानपुर की प्रो. (डॉ.) सुनीता राय के निर्देशन में शोध कार्य सम्पन्न किया। विश्वविद्यालय में आयोजित शोध मौखिकी परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने के उपरांत उन्हें यह उपाधि प्रदान की गई। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से परिवार, गुरुजनों एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर डॉ. सुभाष यादव, डॉ. एच.एस. गौतम, डॉ. सुधाकर शुक्ला, डॉ. अब्दुल हफीज, डॉ. वंदना सिंह, डॉ. प्रभात सिंह, डॉ. जितेंद्र पाठक आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## भजनों का महाकुंभ 21फरवरी को

सुल्तानपुर , कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रत्येक वर्ष जिसका सभी को इंतजार रहता है वह श्याम भक्तों का महाकुंभ (श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव) दिनांक-21फरवरी,दिन शनिवार को खुर्शीद क्लब में बड़े ही धूम धाम से मनाया जाएगा। इस वर्ष महोत्सव का रजत जयंती वर्ष मनाया जा रहा है,जिसमें खाटू मंदिर के गर्भ गृह के भव्य स्वरूप का दरबार बनाया जा रहा है।इस वर्ष प्रथम बार श्याम प्रभु का बहुत ही सुंदर श्रृंगार विभिन्न प्रकार के मेवे से किया जाएगा जिसे कोलकाता से विशेष कारीगरो द्वारा बनवा कर मंगवाया गया है। इसके अतिरिक्त और भी बहुत कुछ नए रूप में महोत्सव में देखने को मिलेगा। प्रभु को रिझाने के लिए देश प्रसिद्ध भजन प्रवाहक इस वर्ष प्रथम बार आ रहे हैं,जिनमें सनातनी भजन प्रवाहिका अंजली द्विवेदी(नाथ नगरी बरेली) तथा रिंगस(खाटू)से राष्ट्रपति द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित संतोष व्यास जी अपनी अपनी टीमों के साथ पधार रहे हैं। स्थानीय स्तर पर राजवीर श्रीवास्तव मंच सहयोगी के रूप में रहेंगे। महोत्सव स्थल पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जा रहा है।

## इंटरनेशनल साइंस ओलंपियाड में ऑल इंडिया में 84 रैंक लाकर जिले का बढ़ाया मान

सुल्तानपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के गाँव कवरी रामनगर कोर्ट के निवासी सियाराम शर्मा के पुत्र देवांश शर्मा ने इंटरनेशनल साइंस ओलंपियाड में ऑल इंडिया में 84 रैंक और इंटरनेशनल में 186 रैंक लाकर जिले का नाम किया। इंटरनेशनल साइंस ओलंपियाड (त्र्ह्रस्) कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों के लिए एक प्रतिष्ठित वैश्विक प्रतियोगिता है, जो वैज्ञानिक सोच, तर्क क्षमता और विषय के ज्ञान का परीक्षण करती है।

## सम्पादकीय

# बांग्लादेश में राजनैतिक बदलाव

भारत से पड़ोसी देश बांग्लादेश में एक बड़ा राजनैतिक बदलाव आया है। देश आखिरकार एक स्थिर सरकार हासिल करने की तरफ बढ़ा है। 2024 में शेख हसीना की सरकार गिरा दी गई थी, और उन्हें भारत में राजनैतिक शरण लेकर अपनी प्राणरक्षा करनी पड़ी। इसके बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार चली और इस दौरान न केवल अल्पसंख्यक हिंदुओं के लिए अविचारित हिंसा की गई, बल्कि भारत के खिलाफ तल्खी बढ़ाने वाले कई बयान अहम पदों पर बैठे नेताओं ने दिए। बांग्लादेश ने उस पाकिस्तान के साथ नजदीकी बढ़ाई है, जिसके अत्याचारों के कारण उसे इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान से अलग करवाया था। बहरहाल, युनूस सरकार पर लगातार चुनाव करवाने का दबाव बना, आखिरकार 12 फरवरी 2026 को बांग्लादेश में आम चुनाव हुए थे। इस चुनाव में अवामी लीग को हिस्सा लेने नहीं दिया गया। शेख हसीना ने इन चुनावों को रद्द करने की मांग की है, लेकिन अब यह तय है कि तारिक रहमान देश की कमान संभालने जा रहे हैं। पिछले 35 सालों में शेख हसीना और खालिदा जिया ही बांग्लादेश का नेतृत्व करती रहीं, लेकिन अब बेगमों का राज बांग्लादेश में इतिहास बन गया है और दिवंगत खालिदा जिया के बेटे देश संभालने जा रहे हैं। 17 फरवरी को तारिक रहमान प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे और इसमें उन्होंने सार्क देशों के नेताओं को आमंत्रित किया है। जिसके बाद सवाल उठने लगे हैं कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसमें शामिल होंगे, क्योंकि जाहिर है सार्क में पाकिस्तान भी है और शाहबाज शरीफ संभवतरू बांग्लादेश पहुंचेंगे ही। बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को तारिक रहमान से फोन पर बात की और सोशल मीडिया पर बधाई भी दी। तारिक रहमान ने भी भारत के साथ अच्छे संबंध बनाने की इच्छा जताई है। लेकिन क्या मात्र इच्छा जताने से दोनों देशों के बीच उलझे हुए तार सुलझेंगे, ये देखना होगा। तारिक रहमान ने अमेरिका फर्स्ट के नारे की तरह श्बांग्लादेश फर्स्टश का नारा दिया है। जो राष्ट्रवाद के नए फैशन की तरह बन चुका है। बेशक हर राजनेता, हर राष्ट्रप्रमुख अपने ही देश को सर्वोपरि रखता है, लेकिन उसे फलाना फर्स्ट या ढिकाना फर्स्ट के नारे के तहत व्याख्यायित करना जुबानी प्रचार से ज्यादा कुछ नहीं है। तारिक रहमान ने कहा है कि भारत, चीन और पाकिस्तान से बराबर दूरी रखना चाहते हैं। उन्होंने पहले कहा था, श्न दिल्ली, न पिंडी, बांग्लादेश सबसे पहले।श अब जीत के बाद अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में तारिक रहमान ने कहा कि उनकी सरकार की विदेश नीति बांग्लादेश और उसके लोगों के हितों पर आधारित होगी। कोई देश-केंद्रित नीति नहीं होगी। उन्होंने कहा, श्चीन विकास के मामले में दोस्त है, लेकिन अगर कुछ बांग्लादेश के हित में नहीं होगा तो हम उसे नहीं मानेंगे। बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव को देखेंगे कि क्या यह हमारी अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा है।श वहीं शेख हसीना के प्रत्यर्पण के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह कानूनी प्रक्रिया पर निर्भर करेगा। अवामी लीग समर्थकों पर केस और परेशानी के बारे में कहा कि कानून का राज चलेगा। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से एकता की अपील की और कहा कि राष्ट्र निर्माण में सबकी जरूरत है। चुनाव के बाद कोई बदला या हिंसा नहीं होगी। उन्होंने अपनी पार्टी बीएनपी के कार्यकर्ताओं से शांति बनाए रखने को कहा और विजय जुलूस नहीं निकालने का निर्देश दिया। बता दें कि बीएनपी ने 300 में से करीब 209 सीटें जीतीं। वहीं जमात-ए-इस्लामी ने 68 सीटें जीतीं हैं, जो भारत के लिए चिंता का सबब है। तारिक रहमान ने तो भारत के साथ अच्छे संबंधों को रखने की इच्छा जताई है, लेकिन शेख हसीना का प्रत्यर्पण और जमात के प्रभाव में उठती भारत-विरोधी आवाजों को शांत करने के मुद्दे पर वे क्या करते हैं, उसी के आधार पर पता चलेगा कि आगे जाकर भारत और बांग्लादेश के संबंध कैसे रहेंगे। जमात-ए-इस्लामी और उसके 11 सहयोगियों ने जिन सीटों पर जीत हासिल की है, उनमें से एक बड़ा हिस्सा पश्चिम बंगाल और असम की सीमा से लगे बांग्लादेशी जिलों में स्थित हैं। जमात की चुनावी ताकत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उसने पश्चिम बंगाल के छह जिलों जलपाईगुड़ी, मालदा, मुर्शिदाबाद, नदिया, उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना से लगी सीमा के साथ-साथ असम के सिलचर से लगे क्षेत्रों में अपना प्रभुत्व फिर से स्थापित कर लिया है।

# मोहन सरकार का सशक्त विजन : एक ट्रिलियन डॉलर की ओर बढ़ता मध्य प्रदेश

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्पष्ट मानना है कि राज्य का विकास देश के समग्र विकास से जुड़ा हुआ है। वे अक्सर कहते हैं कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत नई ऊँचाइयों को छू रहा है और इसी दिशा में मध्यप्रदेश भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। विकसित भारतअ2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए राज्य ने एक व्यापक दृष्टिपत्र तैयार किया है, जिसमें आने वाले 25 वर्षों में प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प लिया गया है। पिछले कुछ वर्षों में एक तरह से देखें तो जिस गति से आर्थिक प्रगति की है, वह प्रेरणादायक है। प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय वर्तमान में लगभग 1 लाख 55 हजार रुपये तक पहुंच चुकी है, जिसे अगले 25 वर्षों में 22 लाख 50 हजार रुपये तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसे व्यापक औद्योगिक निवेश, कृषि उत्पादन और सेवा क्षेत्र के विस्तार से हासिल किया जाएगा। राज्य सरकार ने औद्योगिक निवेश को आकर्षित करने के लिए 18 नई औद्योगिक नीतियां लागू की हैं। इन नीतियों का उद्देश्य बड़े शहरों के साथ ही छोटे और दूरस्थ क्षेत्रों तक उद्योगों को पहुँचाना है। इसके लिए संभागीय स्तर पर अलग-अलग सेक्टरों पर केंद्रित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका सकारात्मक परिणाम अब दिखाई देने लगा है। मप्र में तेजी से बढ़ते उद्योगों और निवेश के कारण रोजगार के नए अवसर लगातार पैदा हो रहे हैं। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का युवा रोजगार देने वाला बने। इसी उद्देश्य से स्वरोजगार और युवा उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। यही कारण है कि वर्तमान में प्रदेश की बेरोजगारी दर मात्र 1 से 1.5 प्रतिशत के बीच रह गई है, जोकि देश के कई राज्यों की तुलना में काफी कम है। इसका सीधा संबंध उद्योगों के विस्तार, एमएसएमई सेक्टर की मजबूती और कृषि आधारित रोजगार से है। वस्तुतः यहां देखने में यह भी आ रहा है, जैसा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्पष्ट मानना भी है कि एमएसएमई क्षेत्र राज्य के औद्योगिक विकास की बैकबोन है। छोटे और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देकर ही व्यापक स्तर पर रोजगार सृजित किया जा सकता है। यही कारण है कि राज्य सरकार एमएसएमई और लघु उद्योगों को विशेष अनुदान, कर में रियायत और आसान ऋण सुविधा उपलब्ध करा रही है। औद्योगिकरण को विशेष रूप से जनजाति और पिछड़े क्षेत्रों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।**

मध्यप्रदेश आज एक ऐसे परिवर्तनकारी दौर से गुजर रहा है, जहाँ विकास नारा न होकर धरातल पर उतरती हुई वास्तविकता बन चुका है। राज्य की आर्थिक गति, औद्योगिक विस्तार, कृषि समृद्धि और रोजगार सृजन की दिशा में हो रहे सतत प्रयासों ने इसे देश के तेजी से उभरते राज्यों की श्रेणी में खड़ा कर दिया है। इस परिवर्तन के केंद्र में हैं डॉ. मोहन यादव, जिनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त बनने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्पष्ट मानना है कि राज्य का विकास देश के समग्र विकास से जुड़ा हुआ है। वे अक्सर कहते हैं कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत नई ऊँचाइयों को छू रहा है और इसी दिशा में मध्यप्रदेश भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। विकसित भारत@2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए राज्य ने एक व्यापक दृष्टिपत्र तैयार किया है, जिसमें आने वाले 25 वर्षों में प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प लिया गया है। पिछले कुछ वर्षों में एक तरह से देखें तो जिस गति से आर्थिक प्रगति की है, वह प्रेरणादायक है। प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय वर्तमान में लगभग 1 लाख 55 हजार रुपये तक पहुंच चुकी है, जिसे अगले 25 वर्षों में 22 लाख 50 हजार रुपये तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसे व्यापक औद्योगिक निवेश, कृषि उत्पादन और सेवा क्षेत्र के विस्तार से हासिल किया जाएगा। राज्य सरकार ने औद्योगिक निवेश को आकर्षित करने के लिए 18 नई औद्योगिक नीतियां लागू की हैं। इन नीतियों का उद्देश्य बड़े शहरों के साथ ही छोटे और दूरस्थ क्षेत्रों तक उद्योगों को पहुँचाना है। इसके लिए संभागीय स्तर पर अलग-अलग सेक्टरों पर केंद्रित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका सकारात्मक परिणाम अब दिखाई देने लगा है। मप्र में तेजी से बढ़ते उद्योगों और निवेश के कारण रोजगार के नए अवसर लगातार पैदा हो रहे हैं। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का युवा रोजगार देने वाला बने। इसी उद्देश्य से स्वरोजगार और युवा उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। यही कारण है कि वर्तमान में प्रदेश की बेरोजगारी दर मात्र 1 से 1.5 प्रतिशत के बीच रह गई है, जोकि देश के कई राज्यों की तुलना में काफी कम है। इसका सीधा संबंध उद्योगों के विस्तार, एमएसएमई सेक्टर की मजबूती और कृषि आधारित रोजगार से है। वस्तुतः यहां देखने में यह भी आ रहा है, जैसा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्पष्ट मानना भी है कि एमएसएमई क्षेत्र राज्य के औद्योगिक विकास की बैकबोन है। छोटे और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देकर ही व्यापक स्तर पर रोजगार सृजित किया जा सकता है। यही कारण है कि राज्य सरकार एमएसएमई और लघु उद्योगों को विशेष अनुदान, कर में रियायत और आसान ऋण सुविधा उपलब्ध करा रही है। औद्योगिकरण को विशेष रूप से जनजाति और पिछड़े क्षेत्रों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। कटनी और शहडोल जैसे क्षेत्रों में माइनिंग सेक्टर में निवेश बढ़ा है, वहीं नर्मदापुरम के बाबई-मोहासा क्षेत्र में इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट्स के निर्माण के लिए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। यही कारण है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मिले लगभग 30 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों में से करीब 8 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि निवेशकों का भरोसा मध्यप्रदेश की नीतियों और वातावरण पर लगातार बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश लंबे समय से कृषि क्षेत्र में अग्रणी रहा है और सरकार इसे और सशक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। कृषक कल्याण वर्ष के तहत किसानों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने का संकल्प लिया गया है। कृषि उत्पादन के साथ-साथ फूड प्रोसेसिंग और पशुपालन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। दूध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। सिंचाई के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। पिछले डेढ़ साल में ही 7.5 लाख हेक्टेयर सिंचाई रकबा बढ़ाया गया है और इसे 100 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नर्मदा का जल क्षिप्रा नदी में पहुंचने से मालवा क्षेत्र के किसानों को विशेष लाभ मिला है। इसके साथ ही नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य देश में तीसरे स्थान पर पहुंच चुका है। मुरैना में उत्तर प्रदेश के साथ मिलकर एक बड़ा सोलर प्रोजेक्ट स्थापित किया जा रहा है, जिससे दोनों राज्यों को बिजली का लाभ मिलेगा। किसानों को सोलर पंप देकर ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। मंदसौर के गांधी सागर बांध में पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट की स्थापना भी राज्य की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह सब प्रयास पर्यावरण संरक्षण के साथ आर्थिक विकास को भी गति दे रहे हैं। औद्योगिक गतिविधियों के बढ़ने के साथ भविष्य में कुशल श्रमिकों की मांग भी बढ़ेगी। इसे ध्यान में रखते हुए शिक्षा नीति 2020 के तहत युवाओं के कौशल उन्नयन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इंजीनियरिंग कॉलेजों में आईटी सेंटर खोले जा रहे हैं और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है। सरकार तकनीक को चुनौती नहीं, बल्कि अवसर के रूप में देख रही है और युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी की मंशा के अनुरूप महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी ठोस काम मध्यप्रदेश में मोहन सरकार के नेतृत्व में होता हुआ इन दिनों बड़े स्तर पर देखा जा सकता है। प्रदेश के एक लाख से अधिक स्वसहायता समूहों को बाजार और तकनीकी सहायता दी जा रही है। उद्योगों में महिलाओं को 48 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है और उनके लिए विशेष औद्योगिक क्षेत्र बनाए जा रहे हैं। वहीं धार्मिक पर्यटन को नई गति देने के लिए होम-स्टे जैसी योजनाओं को बढ़ावा दिया गया है। इससे एक ओर पर्यटकों को बेहतर सुविधा मिल रही है, तो दूसरी ओर ग्रामीणों को रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं। पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था ग्रामीण क्षेत्रों में समृद्धि का नया मार्ग खोल रही है, महिला सशक्तिकरण की इसमें बड़ी भूमिका है। राज्य ने विकास के साथ-साथ सुरक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। अमित शाह के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सहयोग से मध्यप्रदेश नक्सलवाद से लगभग मुक्त होने वाला राज्य बन गया है। यह उपलब्धि विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने में अहम भूमिका निभा रही है। ऐसे में कहना यही होगा कि आज डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश ने यह दिखा दिया है कि सही नीतियों, स्पष्ट दृष्टि और मजबूत इच्छाशक्ति के साथ किसी भी राज्य को विकास के नए शिखर तक पहुंचाया जा सकता है। जब विदेशी कंपनियां भी यहां निवेश करने के लिए उत्साहित हैं, युवा उद्यमिता की ओर बढ़ रहे हैं और किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास सफल हो रहे हैं, तब यही कहना होगा कि मध्यप्रदेश एक नए औद्योगिक और आर्थिक युग की दहलीज पर खड़ा है। **– डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

# मौत का कारण बनते ऑनलाइन गेम

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

कोरियन लवर गेम के चलते गाजियाबाद की तीन बहनों की खुद्कुशी ने आज के हालात और बच्चों की बदलती मानसिकता को लेकर झकझोर कर रख दिया है। अभी तीन बहनों की चिता की आग ठंडी भी नहीं हुई कि ऑनलाइन गेम के चलते मेरठ का 22 वर्षीय युवक मोहम्मद कैफ हेडफोन लगाकार गेम खेलते खेलते ही बेहोश होकर गिर गया और ब्रेन हेमरेज होने से मौत के आगोश में समा गया। इसे इंटरनेट गेमिंग डिसआर्डर के रुप में देखा व समझा जा सकता है। इस तरह की घटनाएं देश-दुनिया में आये दिन हो रही है और इनमें से कुछ ही घटनाएं हमारे सामने आ पाती है। ऐसा नहीं है कि ऑनलाइन गेम की गिरफ्त में हमारे देश के बच्चे या युवा आ रहे हों अपितु दुनिया के अधिकांश देश इस समस्या से दो-चार हो रहे हैं। इस तरह की घटनाओं को हत्या के रुप में ही देखा जाना चाहिए। आत्महत्या कहकर इसे हल्का किया जा रहा है। हालात यहां तक है कि बच्चे या ऑनलाइन गेम खेलने वाले रात को सोने की स्थिति में गेम में चल रहे टास्क से संबंधित बातें बोलते हुए देखे जा सकते हैं। पिछले दिनों ऑनलाइन गेम से ग्रसित बच्चे द्वारा नींद में फायर-फायर चिल्लाने का समाचार आम होता देखा गया। दरअसल, ऑनलाइन गेम मनोस्थिति को इस कदर प्रभावित कर देते हैं कि उठते-बैठते टास्क ही टास्क दिमाग में घूमता रहा है। इसी कारण से दुनिया के कई देशों में बच्चों के लिए इंटरनेट के उपयोग को लेकर सख्ती या रोक जैसे कदम उठाने शुरु किये हैं। आस्ट्रेलिया, फ्रांस, ब्रिट्रेन, सिंगापुर दक्षिण कोरिया आदि देश इस दिषा में सक्रिय हुए हैं। दरअसल, देखा जाएं तो आनलाइन गेम की लत अन्य नशों से भी अधिक गंभीर होती जा रही है। माना जाता है कि दुनिया के देशों में 1982 में आनलाइन गेमिंग के चलते पहली मौत का मामला सामने आया था जबकि उस समय तो इंटरनेट की पहुंच एक प्रतिशत तक भी नहीं थी। 2022 के बाद ऑनलाइन गेमों की बाढ़ सी आ गई और भारत ही नहीं दुनिया के देशों में गेमिंग के चलते होने वाले दुष्प्रभावों से हिला कर रख दिया है। देखा जाए तो जहां तक बच्चों में ऑनलाइन गेमिंग के चस्के का प्रमुख कारण माना जाए तो इसे कोविड के साइड इफ़ेक्ट के रुप में देखा जा सकता है। कोविड के चलते बच्चों की जिस तरह से ऑनलाइन कक्षाएं शुरु हुई और जिस तरह से आज भी इसे देखा जा सकता है तो बच्चों के हाथों में एंड्रायड़ फोन आने और ऑनलाइन कक्षाओं के बाद स्क्रिन की अवधि बढ़ने और आकर्षक भ्रमित करने वाले गेमों से बच्चों के जुड़ने से हालात दिन-प्रतिदिन खराब ही हुए हैं। इस लत में बच्चे ही नहीं अपितु युवा भी आते जा रहे हैं। ब्लू व्हेल चैलेंज, पबजी, चोकिंग गेम, फार्टनाइट, फ्री फायर, पपी प्ले टाइम, द बेबी इन येलो, एविल नन, आइसक्रीम आदि गेम ने सर्वाधिक प्रभावित किया है। ऑनलाइन गेमिंग की दुनिया मुख्यतौर से दो दिशाओं में चलती है। एक टास्कबेस्ड गेम है तो दूसरे इमर्सिव गेम है। टास्कबेस्ड गेम में लगातार नए नए टास्क दिए जाते हैं। यहां तक कि ऐसा भी गया है कि इस तरह के गेम में कई बार तो खेलने वाले को स्वयं को नुकसान पहुंचाने वाले टास्क दे दिए जाते हैं। वाइल्ड हंट, विचर 3, होरिजोन जैसे इस तरह के अनेक गेम है। यह तो केवल उदाहरण मात्र है। इसी तरह से इमर्सिंग गेमों में तकनीक और ग्राफिक्स के माध्यम से यर्थाथ दुनिया जैसे हालात दिखाते हैं। जीरो डॉन, रेड डेड, फॉलआउट और इसी तरह के अनेक गेम उपलब्ध है। खतरनाक तथ्य यह है कि 10-12 से लेकर 40 वर्ष तक के लोग इनके ज्यादा शिकार हो रहे हैं। ऑनलाइन गेमिंग की दुनिया की बात करें तो यह अपने आप में बड़ा व्यापार है। 2024 में 3.7 बिलियन के कारोबार को माना जा रहा है। साल 2029 तक इसके 9.1 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है। यानी 2029 तक लगभग तीन गुणा बढ़ जाएगा। सबसे बड़ी चिंतनीय बात यह है कि ऑनलाइन गेम के कारण भले ही मौत के समाचार कभी कभार ही सामने आते हो पर इससे ज्यादा गंभीरता यह है कि मनोवैज्ञानिक असर अधिक दिखाई देने लगा है। ऑनलाइन गेम के लत वालों में डर, अकेलापन, अनिंद्रा, खुद को नुकसान पहुंचाने के साथ ही शारीरिक और मानसिक विकार आम होते जा रहे हैं। कुंठा, आक्रोश, संवेदनहीनता, तनाव आम होते जा रहे हैं। समय आ गया है जब ऑनलाइन गेमिंग की समस्या का हल खोजा ही जाना चाहिए। अन्यथा हालात दिन-प्रतिदिन बद से बदतर ही होंगे।

## सेहत मंत्र

# कई बीमारियों का रामबाण इलाज है जामुन का बीज

रोग निवारण में सहायक मैथी

अनेक गुण हैं मैथी में। हरी मैथी हो या सूखी मैथी अथवा दाना मैथी। औषधीय गुणों का भण्डार है मैथी। कई प्रकार के रोग ठीक किये जा सकते हैं मैथी से। एक सस्ता उपाय है प्राकृतिक चिकित्सा का। यदि किसी भी व्यक्ति के शरीर में जलन हो तथा इस कारण परेशानी हो तो हरी मैथी के पत्तों को पीस लें। दो चम्मच पिसी मैथी, एक छोटा गिलास पानी में घोल कर पी लें। आराम पा लेंगे। जो व्यक्ति बवासीर का कष्ट झेल रहे हैं, उन्हें मैथी का काढ़ा आराम देगा। पच्चीस ग्राम मैथीदाना लें। इसे डेढ़ गिलास पानी में उबालें। जब पानी आधा रह जाए तो इसे छानें। ठंडा करके पी लें। यह प्रतिदिन लेवें। तीस दिन तक निरन्तर लेते रहें। चिकित्सक का परामर्श भी लें। यदि कहीं चोट लग जाए, सूजन आ जाए तो मैथी के पत्तों को कूटकर पुल्टिस के रूप में प्रभावी अंग पर बांधे। दो-तीन दिन, प्रतिदिन। खांसी, दमा या सांस की कोई तकलीफ हो तो एक गिलास पानी में बीस ग्राम मैथीदाना अच्छी तरह उबालें। छानें और पी लें। कुछ दिनों तक इसे लेते रहें। आराम आता रहेगा। जिन्हें शुगर रोग हो तो मैथीदाना उन्हें भी आराम देता है। रात को भिगोकर रखें दो चम्मच, इसकी दो खुराकें बनाकर अगले दिन चबा-चबा कर खाएं। पानी भी पी लें। फैंके नहीं। जिन्हें आमातिसार का रोग हो, उनके लिए भी ताजी मैथी के पत्ते लाभकर रहते हैं। मैथी के पत्तों को घी में तलें, खाएं और आराम पाएं। जो लोग वात पीड़ा से दुःखी हों, वे मैथी का साग खाया करें। साथ ही, जिस दिन साग न खाएं उस दिन मैथीदाना रात को भिगोकर अगली प्रातः खाली पेट खाएं। वात पीड़ा नहीं रहेगी।

## धर्म मंत्र

# शनिवार को करें शनि स्तोत्र का पाठ अवश्य मिलेगी शनि के कोप से मुक्ति

राजा दशरथ की शनि के कोप से रक्षा करने में शनि स्त्रोत की महत्वपूर्ण भूमिका थी। इसलिए शनिवार की पूजा में इसका पाठ अत्यंत लाभकारी माना जाता है। शनिवार को शनिदेव की पूजा का विधान है। इस दिन यदि पूजा के साथ शनि स्तोत्र का पाठ किया जाए तो शनि की कुद्रष्टि से रक्षा हो सकती है ऐसी मान्यता है।

नमः कृष्णाय नीलाय शितिकण्ठ निभाय च।
नमः कालाग्निरूपाय कृतान्ताय च वै नमः।1
नमो निर्मांस देहाय दीर्घश्मश्रुजटाय च।
नमो विशालनेत्राय शुष्कोदर भयाकृते। 2
नमः पुष्कलगात्राय स्थूलरोम्णेथ वै नमः।
नमो दीर्घाय शुष्काय कालदंष्ट्र नमोस्तु ते। 3
नमस्ते कोटराक्षाय दुर्नरीक्ष्याय वै नमः।
नमो घोराय रौद्राय भीषणाय कपालिने। 4
सूर्यपुत्र नमस्तेस्तु भास्करेभयदाय च। 5
अधोदृष्टेः नमस्तेस्तु संवर्तक नमोस्तु ते।
नमो मन्दगते तुभ्यं निस्त्रिंशाय नमोस्तुते। 6
तपसा दग्ध-देहाय नित्यं योगरताय च।
नमो नित्यं क्षुधार्ताय अतृप्ताय च वै नमः। 7
ज्ञानचक्षुर्नमस्तेस्तु कश्यपात्मज-सूनवे।
तुष्टो ददासि वै राज्यं रुष्टो हरसि तत्क्षणात। 8

## पर्यटन



# हिमालय की गोद में बसा है शंकर का धाम केदारनाथ

कहते हैं केदारनाथ धाम के मात्र दर्शन से भक्तों को समस्त पापों से मुक्ति मिल जाती है। यहीं वजह है कि हर साल यहां लाखों भक्त केदारनाथ के दर्शन के लिए आते हैं। लेकिन जून 2013 में आयी केदारनाथ में भयंकर त्रासदी ने कोहराम मचा दिया। केदारनाथ में जो कुदरत ने विनाशलीला रची थी उसे देखकर ऐसा लगा मानों शिव स्वम अपने तांडव रूप में आ गये हो। केदारनाथ में आई प्राकृतिक आपदा के बाद तुरंत किसी को भी समझ नहीं आया कि आखिर इतना बड़ा संकट किस वजह से आ गया। कयास तो बहुत लगाए गए, लेकिन पुख़्ता वजह किसी को पता नहीं थी। साल भर बाद ही केदारनाथ धाम के द्वार फिर भक्तों के लिए खुल गये और एक बार फिर यह साबित हो गया कि भक्त की भक्ति के आते कोई भी संकट आ जाए लेकिन शिव की भक्ति करना भक्त नहीं छोड़ सकते। केदारनाथ धाम एक बार फिर शिव के हिमालय की तरह खड़ा हो गया, करोड़ो श्रद्धालु दर्शन के लिए शिव की नगरी जाने लगे। केदारनाथ एक पवित्र स्थान होने के साथ-साथ एक बेहद खूबसूरत जगह भी है। सर्दियों के मौसम में यहां खूब बर्फबारी होती है। श्रद्धालु भगवान के दर्शन के साथ यहां की खूबसूरत वादियों और बर्फबारी का भी मजा उठाते हैं। भारत के उत्तराखंड राज्य में स्थित, हिमालय की गोद में बसा यह एकांत सा कस्बा प्राचीन युग का एक दिलचस्प पवित्र स्थान है। इसके आसपास बर्फ से ढंकी ऐसी पहाड़ियां हैं जो अचरज में डाल देती हैं। उत्तराखण्ड में हिमालय पर्वत की गोद में केदारनाथ मन्दिर बारह ज्योतिर्लिंग में सम्मिलित होने के साथ चार धाम और पंच केदार में से भी एक है। शिव के इस मंदिर को पत्थरों से कत्यूरी शैली में बनाया गया है। यहां के पुजारियों की मानें तो इस विशाल मंदिर का निर्माण पाण्डव वंश के जनमेजय ने कराया था। यहाँ स्थित स्वयम्भू शिवलिंग अति प्राचीन है। सदियों बाद इस मंदिर का जीर्णोद्धार आदि शंकराचार्य ने करवाया था।

मण्डलायुक्त राजेश कुमार ने तहसील सिरौली गौसपुर का किया सघन निरीक्षण

# राजस्व वादों का समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

❒ फरियादियों से भी रूबरू हुए राजेश कुमार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। मण्डलायुक्त अयोध्या राजेश कुमार ने तहसील सिरौली गौसपुर व विकास खण्ड का सघन निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यालयों, अभिलेखागारों एवं न्यायालय शाखाओं का अवलोकन कर अभिलेखों के रखरखाव, पत्रावलियों के निस्तारण तथा कार्यालय की कार्यप्रणाली की सघन समीक्षा की।

मण्डलायुक्त तहसील परिसर में उपस्थित फरियादियों से रूबरू हुए और उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि तहसील आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की हर संभव सहायता की जाए। उन्होंने कहा कि आमजन के साथ सहयोगपूर्ण, संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। जनता दर्शन एवं आइजीआर एस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की। मंडलायुक्त श्री कुमार ने निर्देश दिया कि सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं संतुष्टि आधारित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि शिकायतकर्ता को वास्तविक राहत प्राप्त हो।

एसडीएम न्यायालय की पड़ताल : उपजिला मजिस्ट्रेट न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय सहित सभी राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण किया तथा संबंधित पीठासीन अधिकारियों से लंबित राजस्व वादों के निस्तारण की स्थिति का गहन अवलोकन किया। उन्होंने निर्देशित किया कि माननीय परिषद द्वारा निर्धारित समयावधि के भीतर वादों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर वादों के निस्तारण में तीव्रता के भी निर्देश दिए।


मण्डलायुक्त ने कहा कि सभी कर्मचारी समय-समय पर मानव सम्पदा पोर्टल पर अपनी सेवा संबंधी जानकारियों को अद्यतन रखें, जिससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता एवं सुगमता बनी रहे।

डीएम ने कमिश्नर को आश्वस्त किया : जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी द्वारा आयुक्त श्री कुमार को आश्वस्त किया कि आपके द्वारा दिए गए जनोपयोगी सुधारात्मक निर्देशों का अनुपालन न केवल उक्त तहसील में, बल्कि जनपद की समस्त तहसीलों में प्रभावी रूप से सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाएगा।

तहसील बार ने सौंपा ज्ञापन : तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष काशी प्रसाद द्विवेदी महामंत्री राम हृदय यादव ने अपने दर्जन भर अधिवक्ता साथियों समेत मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपा। इसमें तहसील कर्मचारियों की खामियों का भी उल्लेख है। सुशील कुमार बाजपेई, सुशांत द्विवेदी, दिलीप कुमार मिश्रा ,अरविंद तिवारी तेज बहादुर सिंह आदि अधिवक्ता मुख्य रूप उपस्थित रहे। इस दौरान अजयकांत सैनी, अपर आयुक्त अयोध्या मण्डल, निरंकार सिंह, अपर जिलाधिकारी, तेजस के, जॉइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सिरौली गौसपुर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# आजादी के मतवाले सपूत रफी का कोई नाम लेवा नहीं, शासन प्रशासन को नहीं सुध

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। देश के लिए जंग-ए-आजादी में संघर्ष करने वाले रफी अहमद किदवई अब अतीत की स्मृतियों में खो गए हैं। जिले के इस सपूत की स्मृतियां को संजोने का प्रयास शासन प्रशासन द्वारा नहीं किए गए। मसौली कस्बे में रफी साहब की याद में संगमरमर से बनाया गया स्मारक भले ही उनकी गौरव गाथा गा रहा हो, पर उनके नाम से बने प्रतिष्ठान व उनका मकबरा आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है।

जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर मसौली कस्बा में 18 फरवरी 1894 में एक मध्यम वर्गीय जमीदार इम्तियाज अली के घर जन्में रफी अहमद शिक्षण के दौरान महात्मा गांधी की अपील पर जंग-ए-आजादी में कूद पड़े। अपनी असाधारण संगठन शक्ति के चलते वह शीघ्र ही आजादी के मतवालों की अग्रिम कतार में पहुंच गए। रफी साहब ने महात्मा गांधी व नेहरू से प्रभावित होकर स्वतंत्रता आंदोलन में जाने का कदम उठाया जिसके चलते जेल जाने के बाद भी एक नए जोश के साथ ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ जन सभाए कर लोगों को प्रेरित किया। किसानों को जमींदारी प्रथा से मुक्त कराने के लिए उन्होंने कृष्णानंद खरे के साथ किए गए आंदोलन को भी याद किया जाता रहेगा।

कस्बा मसौली के स्वतंत्रता सेनानी अजीमुद्दीन, अब्दुल हलीम को लेकर बड़ा गांव के जमीउल रहमान किदवई के यहां एक मीटिंग की गई, जिसमें विद्रोह का कार्यक्रम बनाया गया और बिंदौरा रेलवे स्टेशन में तोड़फोड़ की गई। रफी साहब के साहस और जोश को देखकर सैकड़ों स्वतंत्रता के आंदोलन में कूद पड़े। रफी साहब ने कारावास की सजा ही नहीं काटी बल्कि देश की आजादी के संघर्ष में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। देश का यह सच्चा सपूत 24 अक्टूबर 1954 को सदा के लिए सो गया।

रफी साहब की मौत की खबर पर मसौली कस्बा पहुंचे तत्कालीन देश के प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने उनका मकबरा व बाग बगीचा बनवाए जाने की बात कही थी। रफी साहब को जहां पर सुपुर्दे खाक किया गया वहीं पर संगमरमर का खूबसूरत मकबरा बनवा कर फव्वारे लगाए गए तथा बगीचा विकसित किया गया। परन्तु प्रशासनिक लापरवाही एक देखरेख के आभाव में संगमरमर के बने मकबरे एव फव्वारों में टूट फुट शुरू हो गयी है तथा बगीचे का पूरी तरह खत्म हो गया है।

## बस की टक्कर से युवक की मौत

**रामनगर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र में चौकाघाट रेलवे क्रासिंग के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 927 पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार विजयपाल 30 वर्ष की मौत हुई। मृतक ग्राम मड़ना मजरे हरिनारायणपुर निवासी बताया गया। बताते हैं कि कैसरबाग डिपो की सरकारी बस यूपी 32 टीएन 2618 ने टक्कर मार दी।बस चालक मौके से फरार हो गया था जिससे रोड पर जाम लग गया पुलिस टीम ने बस हटवाकर आवागमन शुरू कराया।

## ग्रामीण की संदिग्ध दशा में मौत

**रामनगर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के ग्राम रेलीबाजार मजरे लोहटी जई निवासी 55 वर्षीय ग्रामीण हरिद्वार पुत्र धनपत यादव की पेट दर्द की तकलीफ के बाद सीएचसी में इलाज के दौरान हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया जहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित किया।परिजनों ने आरोप लगाया कि समय पर रेफर न करने और लापरवाही के कारण उनकी मौत हुई।वहीं सीएचसी अधीक्षक डॉ.प्रणव श्रीवास्तव ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि मरीज हार्ट पेशेंट था और बेहतर उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल भेजा गया था।

## अयोध्या लखनऊ मार्ग पर डंफर बना आग का गोला, आवागमन बाधित

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर कोतवाली क्षेत्र मे अयोध्या-लखनऊ हाईवे पर पल्हरी बाईपास के पास चलते ट्रक में भीषण आग लग गई। इस घटना से हाईवे पर लंबा जाम लग गया और आसमान में धुएं का गुबार छा गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, 18 टायरों वाला यह डंपर अयोध्या से लखनऊ की ओर जा रहा था। अचानक उसके इंजन से धुआं निकलने लगा। चालक ने तुरंत ट्रक को सड़क किनारे खड़ा कर दिया और कूदकर अपनी जान बचाई। 'कुछ ही क्षणों में आग ने पूरे ट्रक को चपेट में ले लिया। आग इतनी भीषण थी कि उसकी लपटें दूर से दिखाई दे रही थीं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को डायवर्ट किया। आग लगने के कारण हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे भीषण जाम की स्थिति बन गई। फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आशंका है कि शॉर्ट सर्किट या इंजन में तकनीकी खराबी के कारण यह घटना हुई। गनीमत कि कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## पागल सियार का आतंक, हलचल

**निंदूरा बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पलटूपुर गांव में मंगलवार को एक पागल सियार ने 25 वर्षीय युवक लवकुश गौतम व 10 वर्षीय बालिका दामिनी पर हमला कर घायल कर दिया। युवक को खेत जाते समय बाग के पास काटा गया, जबकि बालिका पर दोपहर में खेलते समय हमला हुआ। परिजनों ने दामिनी को सीएचसी घुंघटेर में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। वन दरोगा प्रशांत कुमार ने बताया कि सियार की तलाश के लिए वन विभाग की टीम गांव में भेजी गई है।

## दि बार एसोसिएशन का चुनाव कार्यक्रम घोषित

**फतेहपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय दि बार एसोसिएशन का चुनाव वर्ष 2026 के कार्यक्रमों की घोषणा की गई है। एल्डर्स कमेटी द्वारा की गई घोषणा। चुनाव अधिकारी मुरलीधर वर्मा व चेयरमैन शीतलाप्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि दि बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के कार्यक्रम इस प्रकार है। 17 फरवरी को मतदाता सूची का प्रकाशन और आपत्ति।18 फरवरी को आपत्तियों का निस्तारण और अंतिम मतदाता सूचीका प्रकाशन 19 फरवरी को होगा।मतदाता 20 फरवरी नामांकन पत्र की जांच व वापसी,21फरवरी को प्रत्याशियों के नामों की सूची का प्रकाशन।एल्डर्स कमेटी द्वारा दी गयी जानकारी मुताबिक 26 को मतदान और मतगणना तथा 28 फरवरी 26 सामान्य सभा और नव निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की जायेगी।

## आग में नगदी व गृहस्थी खाक,

**बेलहरा-बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहम्मदपुर खाला थानाक्षेत्र के अवसेरीपुर गांव में मंगलवार दोपहर एक छप्पर नुमाघर में अज्ञात कारणों से आग लग गई।जब तक लोग कुछ समझ पाते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से करीब 25 हजार की नगदी समेत हजारों रुपये की घर गृहस्थी जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अवसेरीपुर गांव निवासी दिनेश के मुताबिक वह मंगलवार दोपहर परिवार के साथ खेत मे काम कर रहा था। इसी दौरान उनके छप्पर नुमा घर में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। जब तक वह घर पहुचता तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने से घर में रखे 25 हजार रुपये नगदी,अनाज,कपड़े,बर्तन समेत हजारो रुपये की गृहस्थी जलकर खाक हो गई। आग लगने से गांव में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। घटना की सूचना यूपी 112 के साथ हल्का लेखपाल को दी गई है। पीड़ित ने प्रशासन से नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

# होली में नशे से रहे दूर प्रेम सौहार्द से मनाए रंगोत्सव : गरिमा पंत

❒ डीएसपी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक सम्पन्न



❒ रमजान व होली को लेकर सौहार्द, संयम और जिम्मेदारी का दिया संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। आगामी रमजान एवं होली पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को मसौली क्षेत्र में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंत ने की।

बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं, ग्राम प्रधानों, समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पुलिस उपाधीक्षक गरिमा पंत ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक परंपरा आपसी भाईचारे, सहिष्णुता और सौहार्द की मिसाल रही है।

उन्होंने कहा त्योहार समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। रमजान और होली का एक साथ पड़ना हमें आपसी सम्मान, संयम और जिम्मेदार नागरिक होने का अवसर प्रदान करता है। हम सभी का दायित्व है कि उत्सव की खुशियां किसी भी वर्ग, धर्म या समुदाय के लिए असुविधा या तनाव का कारण न बनें। होली पर्व को लेकर उन्होंने विशेष रूप से अपील करते हुए कहा कि रंग-गुलाल खेलते समय मर्यादा एवं कानून व्यवस्था का पूर्ण पालन किया जाए। ल्ररंगोत्सव उल्लास और प्रेम का प्रतीक है, इसे विवाद या बवाल का रूप न दें। जबरदस्ती रंग लगाने, अभद्रता अथवा किसी भी प्रकार की अराजकता से बचें, ताकि होली का पर्व सुखद एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो सके।ङ्क रमजान के मद्देनजर उन्होंने कहा कि रोज़ेदारों की भावनाओं का सम्मान करना हम सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है। ल्लधार्मिक भावनाओं का सम्मान और आपसी समन्वय ही सामाजिक सौहार्द की असली पहचान है। गरिमा पंत ने नशामुक्त पर्व मनाने की अपील करते हुए स्पष्ट कहा कि ल्लनशे से दूर रहकर, प्रेम, सद्भाव और जिम्मेदारी के साथ त्योहार मनाना ही सच्ची सभ्यता और संस्कारों का परिचायक है। बैठक में प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि होली एवं रमजान के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अफवाह फैलाने या कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक के अंत में सभी उपस्थित गणमान्य नागरिकों एवं धर्मगुरुओं ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने तथा दोनों पर्व शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने का भरोसा दिलाया।

# बाराबंकी में गरजे राकेश टिकैत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

दिल्ली की कलम बेईमान, अमेरिका के बीच ट्रेड डील, आंदोलन का आवाहन



बाराबंकी। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने भाजपा सरकार के काम काज की कड़े शब्दों में निंदा की। कहा कि

खेती घाटे का सौदा नही है लेकिन दिल्ली की कलम बेईमान है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का वहन किया कि संगठन को गांव गांव मजबूत करना पड़ेगा,देश मे आंदोलन करने पड़ेंगे,ये देश आंदोलन से ही बचेगा,देश की सरकारों की नीयत साफ नही है। श्री टिकैत आज मंगलवार को तहसील फतेहपुर में सूरतगंज मार्ग स्थित दादनपुर चौराहा पर भारतीय किसान यूनियन द्वारा आयोजित किसान मजदूर स्वाभिमान बचाओ महापंचायत को संबोधित कर रहे थे।बतौर मुख्य अतिथि भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने किसानों को सम्बोधित करते हुए आगे कहा कि देश की सरकारों की नीयत साफ नही है।सरकार किसानों की जमीनों को पूंजीपतियों को देना चाहती है।इसका उदाहरण भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील है।आने वाले समय मे अमेरिका अपने कृषि उत्पाद भारत मे बेचेगा जिसका मुकाबला भारत का किसान नही कर पायेगा।उन्होंने जोर देते हुए कहा कि गांव गांव संगठन को मजबूत करना पड़ेगा।अपने हक अधिकारों के लिए धरना प्रदर्शन/घेराव करने पड़ेंगे।पंचायत स्थल पहुंचने से पूर्व सीतापुर से आते समय बाराबंकी सीमा पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।इसके पश्चात फतेहपुर सूरतगंज मार्ग पर जरखा पुल से

राकेश टिकैत ने पंचायत स्थल तक करीब 3 किमी ट्रैक्टर मार्च का नेतृत्व किया।पंचायत को मुख्य अतिथि के अलावा राजवीर सिंह जादौन,अनुज सिंह,राजपाल शर्मा,सालिकराम यादव आदि ने भी संबोधित किया।पंचायत के दौरान में कार्यकर्ताओं द्वारा प्रतीक चिन्ह में राकेश टिकैत को हल और गदा भेंट किया।

पंचायत के अंत मे समस्याओं से सम्बंधित एक ज्ञापन एडसीएम फतेहपुर को सौंपा गया। इसके साथ ही भाकियू जिलाध्यक्ष हौसिला प्रसाद ने पंचायत को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार जताया। इस मौके पर राम किशोर पटेल,अनिल बर्मा,अनुपम वर्मा,उत्तम सिंह,सतीश वर्मा रिन्कू,निसार मेहंदी,बलराम यादव,समीर यादव,ओम प्रकाश,शिव नरायन सिंह,बाबादीन,निर्मल कुमार,रामानंद,भगौती प्रसाद,शारदा बक्श सिंह,डॉ हरीराम पाल,डॉ राम सजीवन आदि मौजूद थे।

# पी.एम श्री विद्यालयों की खेलकूद प्रतियोगिताओं का यादगार समापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। पी.एम.श्री विद्यालयों की जनपद स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता मंगलवार को शहर स्थित पुलिस लाइन मैदान में उत्साह के साथ संपन्न हुई द्य जिसमें जनपद की विभिन्न ब्लॉकों से पी.एम.श्री कंपोजिट विद्यालयों की 18 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में ओवरआल चैंपियन में विजेता प्रियंका इंग्ले हाउस व उपविजेता अंजू बॉबी जॉर्ज हाउस रही वही व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा में तीन स्वर्ण पदक जीतकर कंपोजिट विद्यालय बहरौली की छात्रा अंशिका पहले स्थान पर रही है जबकि भिटौरा के छात्र मृदुल सिंह दो स्वर्ण पदक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे द्य जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक नें प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को ट्रैकसूट तथा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया द्य

आयोजित प्रतियोगिता के दौड़ परिणाम मे 100मीटर , 200 मी व 400 मी दौड़ में विकासखंड निंदूरा के कंपोजिट विद्यालय बहरौली की अंशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त कर व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा में तीन स्वर्ण पदक प्राप्त किया द्य विकास खण्ड रामनगर अंतर्गत भिटौरा विद्यालय के मृदुल सिंह ने 100 मी व 200 मी में प्रथम स्थान प्राप्त कर दो स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

खो-खो एवं कबड्डी प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। प्रतियोगिता में कुल 18 पीएम श्री विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। टीम प्रतियोगिता के लिए चार हाउसों का गठन किया गया।

प्रियंका इंग्ले हाउस
दूती चंद हाउस
अंजू बॉबी जॉर्ज हाउस
रितु नेगी हाउस

उच्च प्राथमिक एवं प्राथमिक स्तर के बालक एवं बालिका वर्ग में विभिन्न हाउसों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता एवं उपविजेता स्थान प्राप्त किए। अंजू बॉबी जॉर्ज हाउस, प्रियंका इंग्ले हाउस, दूती चंद हाउस एवं रितु नेगी हाउस के बीच कड़ा मुकाबला रहा। खिलाड़ियों ने अनुशासन, टीम भावना एवं खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।

गरिमामयी उपस्थिति

इस अवसर पर एस आर जी अवधेश पांडेय,जिला व्यायाम शिक्षिका रितु पाठक, जिला व्यायाम शिक्षक अनिल सिंह, जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) विनीत मिश्रा, जिला समन्वयक (एमडीएम) पीयूष श्रीवास्तव, दिवाकर , ऋषि टंडन, दिलीप तिवारी, पंकज वर्मा एवं सुरेंद्र जायसवाल की विशेष उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी मंच संचालन प्रदीप श्रीवास्तव एवं सुभाष तिवारी जी द्वारा किया गया, जिससे पूरे आयोजन में उत्साह एवं अनुशासन बना रहा। अपने संबोधन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि पीएम श्री विद्यालयों का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है, जिसमें शैक्षिक गुणवत्ता के साथ-साथ खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को भी समान महत्व दिया जाता है। उन्होंने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए अनुशासन एवं खेल भावना बनाए रखने का संदेश दिया।

लोकतंत्र सेनानी समागमः विभिन्न जनपदों से जुटे तमाम लोकतंत्र सेनानी

# देश की दिशा और दशा पर आज और कल गांधी भवन में होगा चिन्तन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। उत्तर प्रदेश लोकतंत्र सेनानी कल्याण समिति के तत्वावधान में 17 फरवरी से 19 फरवरी तक देवा रोड स्थित गांधी भवन में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय लोकतंत्र रक्षक सेनानी चिन्तन शिविर शुरू हुआ। मंगलवार से शुरू हुए इस शिविर का उद्घाटन सुप्रसिद्ध समाजवादी नेता एवं लोकतंत्र रक्षक सेनानी राजनाथ शर्मा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनकवि, लेखक एवं लोकतंत्र सेनानी धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम के संयोजक एवं लोकतंत्र सेनानी कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष रामसेवक यादव ने बताया कि यह चिन्तन शिविर देश की दशा और दिशा पर केन्द्रित होगा। यह शिविर तीन दिनों तक चलेगा। इस शिविर में प्रदेश भर के विभिन्न जनपदों से लोकतंत्र रक्षक सेनानी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इसके अर्न्तगत कई चरणों में बैठक आयोजित होगी। प्रदेश अध्यक्ष रामसेवक यादव ने बताया कि पहले दिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्व युद्ध की स्थिति और अमेरिका एवं चीन की वज़ह से उपज रहा दादागिरी का माहौल में लोकतंत्र सेनानियों की भूमिका पर चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष रामसेवक यादव ने बताया कि बुधवार को सुबह 11 बजे से भारत में भूख और रोजगार के मुद्दे को दरकिनार कर परस्पर प्रतिद्वंदता की बढ़ रही राजनीति में लोकतंत्र सेनानियों की भूमिका पर विचार विनिमय होगा। अपराह्न 1 बजे सहभोज के बाद अगला चरण शुरू होगा। जिसमें लोकतंत्र सेनानियों के गिरते स्वास्थ्य, निजी समस्याओं के निदान और जरूरतों पर परिचर्चा करते हुए प्रस्ताव पास किया जाएगा। गुरूवार को धन्यवाद प्रस्ताव के बाद शिविर का समापन होगा। इस तीन दिवसीय शिविर में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक डॉ राम नारायण वर्मा (महमूदाबाद, सीतापुर), कृष्ण दत्त पाठक (अमेठी), भीमसेन शर्मा (अलीगढ), सुरेन्द्र सिंह (बदायूं), प्रदेश उपाध्यक्ष परमानंद जायसवाल, पूर्व विधायक कुशलपाल सिंह (मथुरा), आगरा मंडल प्रभारी नरेश कुमार शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, मोहम्मद कामिल (पूर्व चेयरमैन नगर पंचायत मवाना, मेरठ), जिलाध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता (आगरा), मो युनुस (हाथरस), सहदेव सिंह (इटावा), मायाशंकर पासी, (भदोही), जिलाध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह (बलिया), रामअधार यादव (गाजीपुर), राधाकृष्ण (कुशीनगर), इन्द्रपाल सिंह (मैनपुरी), पूर्वांचल प्रभारी सुभाष चन्द्र उपाध्याय, उमाशंकर वर्मा (सीतापुर), रामप्रकाश अवस्थी संगठन मंत्री, जिला पंचायत सदस्य बेचई यादव (सिद्धार्थ नगर), जिलाध्यक्ष देवधारी सिंह यादव (गाजीपुर) आदि सम्मिलित हुए।

# धर्मांतरण का आरोप, भड़के अधिवक्ता, फूंका चेम्बर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। रजिस्ट्री कार्यालय में बैनामा लिखने वाले दुराचार के आरोपी कथित वकील जफर हयात का चेम्बर पर आक्रोशित वकीलों ने धावा बोलकर तख्त,कुर्सी को आग लगा दी।

इस तथाकथित वकील पर लखनऊ के गोमती नगर में मसाज कैफ़े/हुक्का बार के सहारे लड़कियों को आन लाइन बहला फुसलाकर, दुराचार करने के साथ ही धर्मांतरण कराने जैसा गंभीर आरोप भी है।

दिल्ली के दरिया गंज इलाके की 20 वर्षीय युवती तैय्यबा पुत्री अताउल्ला ने लखनऊ के मोहल्ला गोमती नगर थाने में 16 फरवरी को इस संबंध में कमरू जमाल उर्फ जावेद,जफर हयात,कमर हयात,आमिर व तीन अन्य के विरुद्ध बी एन एस एस की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। तैय्यबा ने एफ आई आर में कहा है कि उसे ऑन लाइन नौकरी के बहाने कमर जमाल ने लखनऊ गोमती नगर बुलाया और फिर उसे बाउन गर्ल कैफ़े गोमती नगर में नशे की हालत में रखा तथा उसके साथ बलात्कार कर वीडियो बनाया।इसके बाद उसे स्पा सेंटर ले जाया गया जहां पर जफर हयात इदरीशी ,कमर हयात इदरीशी ने बलात्कार किया वीडियो बनाया तथा उसे अन्य स्पा सेंटरो पर एल जाकर उसके साथ बलात्कार कराया गया और धन वसूला गया। इस सम्बंध में लखनऊ पुलिस ने दावा किया है कि यह आरोपी धर्मांतरण कार्य भी कराते हैं।

इन आरोपियों में जफर हयात,कमर हयात बाराबंकी के रहने वाले हैं जिसमे जफर हयात कथित वकील है।

इनमे कमर हयात तो पुलिस के हत्थे चढ़ चुके है जबकि जफर हयात वकील अभी फरार बताए जाते हैं।17 फरवरी को अपराह्न रजिस्ट्री कार्यालय के बहुत से वकीलों ने जफर हयात वकील के चैंबर पर धावा बोलकर पूरा फर्नीचर में आग लगा कर फूंक दिया।

# अहमदाबाद को अभिषेक से आक्रामक पारी का इंतजार

## स्पिनरों के सामने सुधार करना चाहेगा भारत

एजेंसी



अहमदाबाद। अपनी पिछली दो पारियों में खाता खोलने में नाकाम रहे सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा नीदरलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के मैच में बड़ी पारी खेलने के लिए प्रतिबद्ध होंगे जबकि भारतीय टीम के अन्य बल्लेबाज भी सुपर आठ चरण से पहले स्पिन के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। अभिषेक शर्मा ने पिछले 18 महीने में खुद को इस प्रारूप का खतरनाक खिलाड़ी साबित किया है लेकिन घरेलू मैदान पर खेली जा रही आईसीसी प्रतियोगिता में वह अभी तक अपना जलवा नहीं दिखा पाए हैं। अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में शून्य पर आउट होने के बाद वह पेट के संक्रमण के कारण नामीबिया के खिलाफ दूसरे मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में वापसी की लेकिन खाता खोलने में नाकाम रहे। लेकिन दूसरे छोर पर ईशान किशन की शानदार फॉर्म के कारण अभिषेक के बल्ले से रनों की कमी का टीम की स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ा है। अभिषेक जोखिम लेने से नहीं कतराते हैं और उनकी इस तरह की बेखौफ बल्लेबाजी से भारत को कई मैच में जीत भी मिली है। लेकिन इस 25 वर्षीय बल्लेबाज का पिछली छह पारियों में चार बार शून्य पर आउट होना यह संकेत देता है कि उन्हें पावरप्ले में अपनी रणनीति की समीक्षा करने की जरूरत है। अभिषेक की आक्रामक बल्लेबाज की छवि को देखते हुए यह स्पष्ट है कि विरोधी टीमों ने भारत के इस सलामी बल्लेबाज का सामना करने के लिए अतिरिक्त तैयारी की है। अभिषेक के स्वयं यह स्वीकार करते हैं कि उनके पास टीम के अन्य बल्लेबाजों की तरह शॉट की व्यापक रेंज नहीं है और वह क्रीज का उपयोग करने और अपने बल्ले की स्विंग पर भरोसा करते हैं ताकि विपक्षी टीम में खौफ पैदा कर सकें। उन्हें पावरप्ले में डीप कवर बाउंड्री पर शॉट मारना पसंद है और विरोधी टीमों ने उनके लिए उस क्षेत्र में एक फील्डर तैनात करके समझदारी दिखाई है। अमेरिका और पाकिस्तान ने उनके लिए इसी तरह की फील्डिंग लगाई थी जिसमें डीप मिड-विकेट भी शामिल था। भारत पहले ही टूर्नामेंट के अगले चरण में पहुंच चुका है और ऐसे में नीदरलैंड के खिलाफ मैच अभिषेक के लिए रन बनाने का शानदार अवसर होगा। किशन और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने पाकिस्तान को आसानी से हरा दिया था। लेकिन लगातार दूसरे मैच में भारत के अन्य बल्लेबाजों ने किशन जैसा आत्मविश्वास नहीं दिखाया।

# टी20 विश्व कप 2026 : युवराज के रिकॉर्ड शतक पर भारी पड़ी फिलिप्स की तूफानी पारी, सुपर आठ में पहुंचा न्यूजीलैंड

एजेंसी



चेन्नई। युवराज समरा टी20 विश्व कप में शतक जड़ने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बने लेकिन यह उलटफेर करने के लिए पर्याप्त साबित नहीं हुई क्योंकि न्यूजीलैंड ने ग्लेन फिलिप्स की तूफानी पारी के दम पर मंगलवार को यहां ग्रुप डी के मैच में कनाडा को 29 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से हराकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की। भारत के विश्व कप विजेता ऑलराउंडर युवराज सिंह के नाम पर 19 वर्षीय समरा का नाम रखा गया था और उन्होंने अपने नाम को सही साबित करते हुए आखिरी ओवर में आउट होने से पहले 65 गेंद पर 110 रन बनाए जिसमें 11 चौके और छह छक्के शामिल हैं। उनकी इस पारी की मदद से कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 173 रन बनाए। फिलिप्स की 36 गेंद पर चार चौकों और छह छक्कों की मदद से खेली गई नाबाद 76 रन की पारी तथा रचिन रविंद्र (39 गेंद पर नाबाद 59) के साथ उनकी 146 रन की अटूट साझेदारी की मदद से न्यूजीलैंड ने 15.1 ओवर में दो विकेट पर 176 रन बनाकर कनाडा के स्कोर को बौना साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और शान से अगले चरण में प्रवेश किया। न्यूजीलैंड ने चार मैच में छह अंक के साथ ग्रुप चरण के अपने अभियान का समापन किया। वह ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका के बाद दूसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर तक अपने दोनों सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट (06) और फिन एलन (21) के विकेट गंवा दिए। एलन ने दिलन हेइलिगर पर चौका और छक्का लगाया लेकिन इसी गेंदबाज ने अगले ओवर में उन्हें पवेलियन की राह दिखा दी। न्यूजीलैंड ने पावरप्ले में दो विकेट पर 60 रन बनाए। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए फिलिप्स ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और कनाडा के अनुभवहीन आक्रमण की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने पारी के 11वें ओवर में अंश पटेल पर दो छक्के लगाकर केवल 22 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जो टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड की तरफ से नया रिकॉर्ड है। उन्होंने आरोन रेडमंड का 2009 में आयरलैंड के खिलाफ और वर्तमान टूर्नामेंट में सीफर्ट का यूएई के खिलाफ 23 गेंद में अर्धशतक बनाने के रिकॉर्ड को तोड़ा। वर्तमान टूर्नामेंट में इससे पहले रन बनाने के लिए जूझ रहे रविंद्र ने शिवम शर्मा पर छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया और सुपर आठ के महत्वपूर्ण मुकाबलों से पहले फॉर्म में वापसी की। उन्होंने अपनी पारी में तीन छक्के और चार चौके लगाए जिसमें विजयी चौका भी शामिल है। इससे पहले युवराज टूर्नामेंट में 19 साल और 141 दिन की उम्र में अर्धशतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी भी बने थे जिसमें उन्होंने अब नया अध्याय जोड़ा।

# संक्षिप्त समाचार

### यूएई के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के मुकाबले में ब्रेविस पर होगी निगाह

**नयी दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के अपने अंतिम और महत्तवहीन जैसे मुकाबले में बुधवार को यहां जब संघर्ष कर रहे संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ उतरेगा तो उसकी निगाहें युवा विस्फोटक बल्लेबाज डेवॉल्ड ब्रेविस की फॉर्म पर टिकी होंगी। दक्षिण अफ्रीका तीन जीत के साथ पहले ही सुपर आठ में जगह बना चुका है। इसमें अफगानिस्तान के खिलाफ दो सुपर ओवर तक चले रोमांचक मुकाबले में जीत और न्यूजीलैंड पर सात विकेट की प्रभावशाली विजय शामिल है। यूएई के लिए यह मुकाबला मार्को यानसन, कागिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी जैसे तेज गेंदबाजों के खिलाफ खुद को परखने का मौका होगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उन्हें ऐसी आक्रमण पंक्ति का सामना कम ही करने को मिलता है, क्योंकि प्रोटियाज के अधिकांश खिलाड़ी एसए20 में खेलते हैं। एसए 20 का आयोजन यूएई की घरेलू टी20 लीग आईएलटी20 से टकराती है। दक्षिण अफ्रीका के लिए यह मैच अभ्यास जैसा होगा और टीम फिरोजशाह कोटला मैदान की सपाट पिच का पूरा फायदा उठाने के लिए पहले बल्लेबाजी करना चाहेगी। शीर्ष क्रम में क्विंटन डिकॉक, एडेन मार्करम और रयान रिकेल्टन तीन मैचों में कम से कम एक-एक अर्धशतक जड़ चुके हैं, लेकिन ब्रेविस (छह, 23 और 21) अभी तक अपनी पूरी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। महान एबी डिविलियर्स से बल्लेबाजी शैली की समानता के कारण 'बेबी एबी' के नाम से मशहूर ब्रेविस के शानदार शॉट्स के बीच गैर-जिम्मेदाराना स्ट्रोक खेलने की प्रवृत्ति उनके अगले स्तर पर पहुंचने में बाधा बनी है। यही कारण है कि 22 वर्षीय ब्रेविस को अभी शुभमन गिल, हैरी ब्रूक और यशस्वी जायसवाल जैसे समकालीन युवा सितारों की श्रेणी में नहीं रखा जाता। यूएई के पास ज्यादा तेज रफ्तार वाले गेंदबाज नहीं हैं और कोटला की बल्लेबाजों के अनुकूल पिच ब्रेविस को अहमदाबाद में भारत के खिलाफ होने वाले सुपर आठ मुकाबले से पहले लय हासिल करने का अवसर दे सकती है। दक्षिण अफ्रीका अपनी बल्लेबाजी क्रम में शायद ही बदलाव करे लेकिन कप्तान मारक्रम मुख्य तेज गेंदबाज रबाडा और एनगिडी को आराम देकर एनरिक नॉर्किया और युवा क्वेना मफाका को मौका दे सकते हैं। यूएई के लिए रन बनाने की जिम्मेदारी जामिया मिलिया इस्लामिया के पूर्व छात्र सोहैब खान पर होगी, जिन्होंने टूर्नामेंट में लगातार दो अर्धशतक जड़कर टीम की बल्लेबाजी की रीढ़ की भूमिका निभाई है। कप्तान मोहम्मद वसीम और अलीशन शरफू से भी लालचंद राजपूत की कोचिंग वाली टीम को अहम योगदान की उम्मीद होगी। टीम: एडेन मारक्रम (कप्तान), क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन, डेवॉल्ड ब्रेविस, ट्रिस्टन स्टब्स, मार्को यानसन, केशव महाराज, जॉर्ज लिंडे, कागिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, कॉर्बिन बॉश, क्वेना मफाका, एनरिक नोर्कयाजे, डोनोवन फरेरा, डेविड मिलर। यूएई: मुहम्मद वसीम (कप्तान), अलीशन शराफू, सोहैब खान, सैयद हैदर (विकेटकीपर), आर्यांश शर्मा (विकेटकीपर), मयंक कुमार, हर्षित कौशिक, ध्रुव पराशर, मोहम्मद फारूक, हैदर अली, जुनैद सिद्दीकी, मोहम्मद जवादुल्लाह, मोहम्मद अरफान, मोहम्मद रोहिद, सिमरनजीत सिंह।

### प्रतिका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में शामिल

**नयी दिल्ली।** सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल को टखने की चोट से उबरने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिसबेन में 24 फरवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए मंगलवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम में शामिल किया गया। प्रतिका पिछले साल विश्व कप के दौरान बांग्लादेश के खिलाफ मैच में फील्डिंग करते समय चोटिल हो गई थी। उनकी जगह शेफाली वर्मा को उस टूर्नामेंट के लिए टीम में शामिल किया गया था। भारत ने पहली बार यह टूर्नामेंट जीता था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, ''महिला चयन समिति ने ऑस्ट्रेलिया की टीम के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए प्रतिका रावल को भारतीय टीम में शामिल किया है। बयान के अनुसार, ''प्रतिका ने बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपना रिहैबिलिटेशन पूरा कर लिया है और वह अक्टूबर में आईसीसी महिला वनडे विश्व कप 2025 के दौरान लगी टखने की चोट से पूरी तरह उबर चुकी हैं। ब्रिसबेन में पहले मैच के बाद वनडे श्रृंखला के अन्य दो मैच 27 फरवरी और एक मार्च को होबार्ट में खेले जाएंगे। यह 25 वर्षीय खिलाड़ी पहले से ही पर्थ में छह मार्च से शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम का हिस्सा है। भारतीय वनडे टीम: हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, रेणुका ठाकुर, श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा, क्रांति गौड़, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), काशवी गौतम, अमनजोत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देयोल, प्रतिका रावल।

### कृत्रिम मेधा भारतीय कंपनियों के लिए बड़े अवसर लेकर आई है, कारोबार को नुकसान नहीं: नैसकॉम

**नयी दिल्ली।** उद्योग संगठन नैसकॉम में कृत्रिम मेधा (एआई) प्रमुख अंकित बोस ने मंगलवार को कहा कि दुनिया भर में एआई का तेज विकास भारतीय कंपनियों के लिए बड़े अवसर उत्पन्न कर रहा है और इससे उनके कारोबार पर नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि नौकरियों में कटौती की जगह भारत में कामकाज की प्रकृति बदलेगी क्योंकि कृत्रिम मेधा (एआई) के बढ़ते उपयोग के साथ भूमिकाएं भी बदलेंगी। बोस ने 'कहा, '' कृत्रिम मेधा पूरी दुनिया में विकसित हो रही है लेकिन इसे क्रियानवित कौन करेगा३ इसके लिए लोगों की जरूरत है। अब भारत क्षमता बढ़ा रहा है। व्यापक स्तर पर एआई का इस्तेमाल किया जा रहा है और भारतीय पेशेवर इसे क्रियानवित करेंगे। यह हमारे लिए बड़ा अवसर है लेकिन हमें समय से आगे रहना होगा और अपनी क्षमताओं को लगातार निखारना होगा। अंकित बोस ने यहां 'एआई इम्पैक्ट समिट' के एक सत्र से इतर बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि क्षमता निर्माण के लिए सरकार और निजी क्षेत्र कदम उठा रहे हैं। बोस ने कहा, '' आने वाले कुछ महीनों में हम करीब डेढ़ लाख लोगों को कृत्रिम मेधा आधारित विकास कार्यों के लिए सक्षम बनाएंगे। हम सरकार के साथ मिलकर कॉलेज के लिए जरूरी पाठ्यक्रम भी तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तेजी से बढ़ती प्रौद्योगिकी के कारण घरेलू या वैश्विक कंपनियों को सेवाएं देने वाली भारतीय कंपनियों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। वास्तव में ये कंपनियां आगे बढ़ेंगी। बोस ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कृत्रिम मेधा के इस्तेमाल के लिए अधिक लोगों की जरूरत है और इसमें भारत की बड़ी ताकत है, हालांकि अल्प अवधि में कुछ उतार-चढ़ाव संभव है। ये टिप्पणियां अहम हैं क्योंकि भारत, सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रौद्योगिकी आधारित सेवाओं का बड़ा निर्यातक है। सत्र में सिफी टेक्नोलॉजीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक राजू वेगेसना ने कहा कि कृत्रिम मेधा के मोर्चे पर अभी लंबा रास्ता तय करना है।

# पाकिस्तान के लिए करो या मरो का मुकाबला नामीबिया पर हर हाल में करनी होगी जीत

एजेंसी



कोलंबो। अपने चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से मिली करारी शिकस्त के बाद पाकिस्तान का टी20 विश्व कप में अभियान नाजुक मोड़ पर पहुंच गया है और इससे नामीबिया के खिलाफ बुधवार को होने वाला मैच उसके लिए करो या मरो जैसा बन गया है। एक समय पाकिस्तान सुपर आठ में जगह बनाने की अच्छी स्थिति में दिख रहा था लेकिन भारत से हार ने उसे बुरी तरह से झकझोर दिया है जिसके कारण उसे ग्रुप ए के अपने आखिरी मैच में करो या मरो की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। विश्व कप में प्रत्येक ग्रुप से केवल शीर्ष दो टीमें ही सुपर आठ में पहुंचेंगी। पाकिस्तान वर्तमान में भारत और अमेरिका के बाद तालिका में तीसरे स्थान पर है। भारत ने तीन मैचों में तीन जीत के साथ सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर लिया है जबकि अमेरिका चार अंक और बेहतर रन रेट के कारण दूसरे स्थान पर है। नामीबिया से हार कागजों पर असंभव लगती है लेकिन पाकिस्तान की अस्थिर बल्लेबाजी को देखते हुए इसे पूरी तरह से नकारा भी नहीं जा सकता है। इस मैच में हार से पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगा और अमेरिका सुपर आठ में जगह बनाने की अच्छी स्थिति में पहुंच जाएगा। हालांकि पाकिस्तान जिस टीम का सामना करेगी वह अपने तीनों मैच हार चुकी है और ग्रुप में सबसे निचले स्थान पर है। ऐसे में सारा ध्यान पाकिस्तान की बल्लेबाजी पर होगा जिसमें बाबर आजम, सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान, साइम अयूब और कप्तान सलमान अली आगा शामिल हैं। भारत के खिलाफ पाकिस्तान की बल्लेबाजी में कमजोरी उजागर हो गई थी। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या की जोड़ी ने पाकिस्तान का स्कोर तीन विकेट पर 13 रन कर दिया था। पाकिस्तान के मध्य क्रम ने कोई प्रतिरोध नहीं दिखाया और नामीबिया जैसी टीम के खिलाफ भी यह चिंताजनक संकेत है। तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी भी संघर्ष करते नजर आए और उन्होंने अपने दो ओवरों में 31 रन लुटाकर एक विकेट लिया। एकमात्र सकारात्मक पहलू साइम अयूब का रहा, जिन्होंने तीन विकेट लेकर भारत के शीर्ष क्रम को मुश्किल में डाल दिया था। नामीबिया के खिलाफ अफरीदी को शुरुआत में ही विकेट लेने होंगे क्योंकि पहले छह ओवरों में प्रमुख बल्लेबाजों को आउट करने से पाकिस्तान को मैच पर हावी होने का मौका मिल जाएगा।

# खेलो इंडिया विंटर गेम्स के लिए गुलमर्ग में सजेगा सपनों का मंच, खिलाड़ी तैयार

गुलमर्ग (जम्मू-कश्मीर)। बर्फ से ढकी ढलानों, देवदार के पेड़ों और पीर पंजाल की गुलाबी सुबह के बीच गुलमर्ग एक बार फिर देश के शीतकालीन खेलों का केंद्र बनने जा रहा है। 23 से 26 फरवरी तक यहां खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2026 का दूसरा चरण आयोजित होगा। इससे पहले पहला चरण 20 से 26 जनवरी तक लद्दाख में संपन्न हुआ था, जिसमें आइस स्केटिंग और हॉकी जैसे बर्फीले खेल खेले गए थे। यह लगातार छठा वर्ष है, जब विंटर गेम्स का आयोजन गुलमर्ग में हो रहा है। इसी निरंतरता के कारण गुलमर्ग को भारत की विंटर स्पोर्ट्स कैपिटल कहा जाने लगा है। गुलमर्ग चरण में स्की माउंटेनियरिंग, अल्पाइन स्कीइंग, नॉर्डिक स्कीइंग (क्रॉस-कंट्री) और स्नोबोर्डिंग की कुल चार पदक स्पर्धाएं आयोजित होंगी। करीब 400 खिलाड़ी इसमें भाग लेंगे, जिनमें सर्वाधिक संख्या अल्पाइन स्कीइंग में होगी।

# महिला क्रिकेट: पाकिस्तान ने तीसरे टी20 में दर्ज की सांत्वना जीत, दक्षिण अफ्रीका ने 2-1 से श्रृंखला जीती

एजेंसी



किम्बरली। किम्बरली में सोमवार देर रात खेले गए तीसरे अंतरराष्ट्रीय ट्वेंटी-20 मुकाबले में फातिमा सना के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को 53 रन से हराकर जीत के साथ तीन मैचों की सीरीज का समापन किया। हालांकि तीन मैचों की इस सीरीज पर मेजबान दक्षिण अफ्रीका ने 2-1 से कब्जा जमाया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही। सलामी बल्लेबाज मुनीबा अली और गुल फिरोज़ा पहले ही दो ओवर में सस्ते में आउट हो गईं और टीम का स्कोर 10 रन पर दो विकेट हो गया। इसके बाद आयशा जफर (19) और सिदरा अमीन (26) ने संभलकर बल्लेबाजी करते हुए शुरुआती छह ओवर की अवधि समाप्त होने तक टीम को 46 रन पर दो विकेट तक पहुंचाया। लेकिन 61 रन पर चार विकेट और 73 रन पर पांच विकेट गिरने के बाद पाकिस्तान दबाव में आ गया। ऐसे समय सना और आलिया रियाज ने छठे विकेट के लिए 45 गेंदों में 69 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। सना ने अंतिम ओवरों में आक्रामक रुख अपनाते हुए 30 गेंदों पर नाबाद 47 रन बनाए, जिसमें चार चौके और दो छक्के शामिल रहे। पारी के दौरान तीन बार रन आउट होने के बावजूद पाकिस्तान ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 144 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत भी खराब रही। सना ने पहले ही ओवर में ताजमिन ब्रिट्स को आउट किया और बाद में कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट को भी पवेलियन भेज दिया। सादिया इकबाल ने मध्यक्रम को झकझोरते हुए तीन विकेट लेकर केवल 18 रन दिए। शुरुआती छह ओवरों के भीतर ही दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 36 रन पर चार विकेट हो गया। नादिन डी क्लर्क (27) और एनेरी डर्कसन (30) ने पांचवें विकेट के लिए 50 रन जोड़कर कुछ उम्मीद जगाई, लेकिन 85 रन के स्कोर पर डर्कसन के रन आउट होते ही टीम फिर बिखर गई। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका ने अंतिम पांच विकेट मात्र सात रन के भीतर गंवा दिए और पूरी टीम 16 ओवर और पांच गेंद में 91 रन पर सिमट गई। मैरीज़ान कैप बिना कोई गेंद खेले अस्वस्थ होने के कारण मैदान से बाहर चली गईं।

# एफआईएच प्रो लीग : होबार्ट चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित, हार्दिक सिंह होंगे कप्तान

एजेंसी

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को एफआईएच पुरुष प्रो लीग 2025ऽ26 के होबार्ट चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। यह मुकाबले 20 से 25 फरवरी तक ऑस्ट्रेलिया के होबार्ट स्थित तस्मानिया हॉकी सेंटर में खेले जाएंगे। इस चरण में भारत के साथ स्पेन और मेजबान ऑस्ट्रेलिया की टीमें भी हिस्सा लेंगी। राउरकेला चरण में बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ मुकाबले खेलने के बाद अब भारतीय टीम की नजर होबार्ट में बेहतर प्रदर्शन करने पर है। टीम में अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं का संतुलित मिश्रण देखने को मिल रहा है। दो बार ओलंपिक कांस्य पदक विजेता हार्दिक सिंह को टीम की कमान सौंपी गई है। वहीं, हरमनप्रीत सिंह निजी कारणों से इस दौरे का हिस्सा नहीं होंगे। राउरकेला चरण में सीनियर टीम में पदार्पण करने वाले अमनदीप लकड़ा और मनमीत सिंह को भी टीम में जगह दी गई है। गोलकीपर की जिम्मेदारी सूरज करकेरा और मोहित होन्नेनहल्ली शशिकुमार संभालेंगे। डिफेंस में अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, संजय और सुमित जैसे अनुभवी खिलाड़ी मौजूद हैं। इनके साथ अमनदीप लकड़ा, यशदीप सिवाच और पूवन्ना चंदूरा बॉबी जैसे युवा खिलाड़ी भी शामिल हैं। मिडफील्ड की अगुवाई कप्तान हार्दिक सिंह के साथ संजय, विवेक सागर प्रसाद और राज कुमार पाल करेंगे। इनके अलावा राजिंदर सिंह, मनमीत सिंह, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह और विष्णु कांत सिंह भी टीम का हिस्सा हैं। फॉरवर्ड लाइन में मनदीप सिंह, अभिषेक और शिलानंद लकड़ा जैसे स्थापित खिलाड़ी शामिल हैं। मनींदर सिंह की टीम में वापसी हुई है, जो 2022 एशिया कप और प्रो लीग 2022-23 तथा 2023-24 में टीम का हिस्सा रहे थे। अराइजित सिंह हुंडाल, आदित्य अर्जुन लालागे और अंगद बीर सिंह भी आक्रमण को मजबूती देंगे।

# अडाणी समूह एआई सक्षम डेटा केंद्र विकसित करने के लिए 100 अरब डॉलर निवेश करेगा

एजेंसी




नई दिल्ली। अडाणी समूह ने नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित अत्याधुनिक एआई सक्षम डेटा केंद्रों को 2035 तक विकसित करने के लिए 100 अरब अमेरिकी डॉलर (9 लाख करोड़ रुपये) का निवेश करेगा। अडाणी समूह ने मंगलवार को नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित अत्याधुनिक एआई सक्षम डेटा केंद्रों को विकसित करने के लिए अगले 9 साल यानी 2035 तक 100 अरब यूएस डॉलर का निवेश करने की घोषणा की। यह दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत 'एनर्जी-कंप्यूट' प्रतिबद्धताओं में से एक है। समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज ने बयान में कहा कि इस पहल से 'सर्वर' निर्माण, 'क्लाउड' मंच एवं सहायक उद्योगों में अतिरिक्त 150 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश होने की उम्मीद है। इससे भारत में 250 अरब डॉलर का अनुमानित एआई अवसंरचना परिवेश तैयार होगा। अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने कहा कि दुनिया एक ऐसी बुद्धिमत्ता क्रांति में प्रवेश कर रही है, जो पिछली किसी भी औद्योगिक क्रांति से कहीं अधिक गहन है। ऊर्जा एवं कंप्यूटर के बीच सामंजस्य स्थापित करने में निपुण राष्ट्र ही आने वाले दशक को आकार देंगे। उन्होंने कहा कि भारत नेतृत्व करने के लिए अद्वितीय स्थिति में है। गौतम अडाणी ने कहा कि अडाणी समूह में हम डेटा केंद्रों और हरित ऊर्जा में अपनी मजबूत नींव पर काम करते हुए भारत की प्रौद्योगिकी संप्रभुता पर केंद्रित पांच स्तरीय एआई ढांचे में विस्तार कर रहे हैं। एआई युग में भारत केवल उपभोक्ता नहीं रहेगा।

# सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी के भाव में मामूली गिरावट

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज दिन के पहले सत्र के कारोबार में गिरावट का रुख बना हुआ है। सोना आज 1,200 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,310 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। वहीं चांदी के भाव में सौ रुपये प्रति किलोग्राम की सांकेतिक कमजोरी दर्ज की गई है। सोने के भाव में गिरावट आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,56,430 रुपये से लेकर 1,56,580 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,43,390 रुपये से लेकर 1,43,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में मामूली कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,67,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,56,580 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,43,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,56,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,43,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,56,480 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,43,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,56,430 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,43,390 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,56,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,43,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,56,480 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,43,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,56,580 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,43,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,56,480 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,43,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,56,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,43,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# देश में एआई में दो सालों में आएगा 200 अरब डॉलर निवेश : अश्विनी वैष्णव

एजेंसी




नई दिल्ली। केंद्रीय इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में कहा कि आने वाले दो वर्षों में भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्षेत्र की पांचों परतों में 200 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश आने की उम्मीद है। जोखिम पूंजी कंपनियां गहन तकनीक स्टार्टअप्स, बड़े समाधान और अनुप्रयोगों, अत्याधुनिक मॉडल्स पर शोध और बुनियादी ढांचा और ऊर्जा परतों में निवेश कर रही हैं। इस मौके पर केंद्रीय इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद भी मौजूद रहे।

वैष्णव ने यहां भारत मंडपम में एक सत्र में कहा कि भारत की एक बड़ी ताकत यह है कि देश की 51 प्रतिशत बिजली उत्पादन क्षमता स्वच्छ ऊर्जा स्त्रोतों से आती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता और स्वच्छ ऊर्जा के प्रति प्रतिबद्धता के कारण यह संभव हुआ है। एआई के लिए ऊर्जा परत में निवेश का यह बड़ा लाभ भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएगा।

उन्होंने एआई के संभावित खतरों को बताते हुए कहा कि वैश्विक नेताओं के बीच इस बात पर सहमति बन रही है कि एआई का इस्तेमाल अच्छे कार्यों के लिए होना चाहिए और इसके हानिकारक प्रभावों को रोकना जरूरी है। इसके लिए केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि तकनीकी और कानूनी दृष्टिकोण अपनाना होगा। भारत का कृत्रिम बुद्धिमत्ता सुरक्षा संस्थान कई शैक्षणिक संस्थानों के साथ मिलकर ऐसे तकनीकी समाधान तैयार कर रहा है, जो एआई के दुष्प्रभावों को रोक सकें। एनवीडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेनसन हुआंग के सम्मेलन में शामिल न होने पर वैष्णव ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से आने में असमर्थता जताई, लेकिन अपनी वरिष्ठ टीम को भेजा है। एनवीडिया भारत की कई कंपनियों के साथ मिलकर एआई ढांचा और सॉफ्टवेयर के बड़े निवेश कर रहा है। वैष्णव ने कहा कि भारत अपने मजबूत आईटी सेक्टर में तकनीकी बदलाव को रणनीतिक रूप से संभाल रहा है। सरकार, उद्योग और शिक्षा संस्थानों के सहयोग से कर्मचारियों की प्रतिभाओं को निखारना, नई प्रतिभा तैयार करना और भविष्य की पीढ़ियों को तैयार करना प्रमुख उद्देश्य है।

# चिकित्सकों के लिए मददगार होगा एआई : पटेल

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चिकित्सकों का स्थान लेने के लिए नहीं बल्कि उनकी सहायता के लिए है और इससे डॉक्टरों को जटिल मामलों और महत्वपूर्ण निर्णयों पर अधिक ध्यान देने का अवसर देगा।

श्रीमती पटेल ने मंगलवार को यहां भारत मंडपम में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के दौरान ''नवाचार से प्रभावः सार्वजनिक स्वास्थ्य में बदलाव लाने वाली एआई'' विषय पर एक सत्र में भाग लिया। इस सत्र में सार्वजनिक स्वास्थ्य में एआई की परिवर्तनकारी भूमिका और भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सशक्त बनाने में इसकी संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

इस दौरान श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप ''भारत के लिए एआई केवल कृत्रिम बुद्धिमत्ता नहीं बल्कि सर्व-समावेशी बुद्धिमत्ता है।'' उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत में स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई का मूल्यांकन केवल उन्नत एल्गोरिद्म के आधार पर नहीं, बल्कि इस आधार पर होना चाहिए कि यह तकनीक लोगों के जीवन को कितना प्रभावित करती है और स्वास्थ्य असमानताओं को किस हद तक कम करती है।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। भारत की विशाल एवं विविध आबादी, ग्रामीण-शहरी अंतर तथा संक्रामक और असंक्रामक रोगों का दोहरा बोझ विशेष चुनौतियाँ प्रस्तुत करता है। ऐसे परिदृश्य में एआई एक अपरिहार्य सहायक बन जाती है।

उन्होंने बताया कि एआई को रोग निगरानी, रोकथाम, निदान और उपचार सहित स्वास्थ्य सेवा की पूरी श्रृंखला में एकीकृत किया गया है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि एआई चिकित्सकों का स्थान लेने के लिए नहीं, बल्कि उनकी सहायता के लिए है। इससे डॉक्टरों को जटिल मामलों और महत्वपूर्ण नैदानिक निर्णयों पर अधिक ध्यान देने का अवसर मिलेगा। ''चिकित्सा केवल विज्ञान नहीं, बल्कि एक कला भी है, जिसमें संवेदनशीलता और मानवीय स्पर्श की अहम भूमिका है।

इस अवसर पर नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) वी के पॉल ने कहा कि एआई भारत को सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ाने का रणनीतिक अवसर प्रदान करता है। उन्होंने मजबूत नियामक ढांचे, नैतिक मानकों और सरकारी-शैक्षणिक-औद्योगिक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

## शाह ने 'मोबाइल ब्लड कलेक्शन वैन', 'नियोनेटल वेंटिलेटर' का किया लोकार्पण

अहमदाबाद। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात में अहमदाबाद के सोला सिविल में अत्याधुनिक 'मोबाइल ब्लड कलेक्शन वैन' और 'नियोनेटल वेंटिलेटर' का मंगलवार को लोकार्पण किया। श्री शाह की सांसद ग्रांट से मिली यह मोबाइल ब्लड कलेक्शन वैन मॉडर्न मेडिकल टेक्नोलॉजी से लैस है। इस वैन के ज़रिए शहर के दूर-दराज और ज़रूरतमंद इलाकों में ब्लड डोनेशन कैंप लगाये जा सकेंगे। जिससे ब्लड कलेक्शन का प्रोसेस आसान हो जाएगा और इमरजेंसी में ब्लड की जरूरत जल्दी पूरी हो सकेगी। बच्चों की सेहत का खास ध्यान रखते हुए, हॉस्पिटल को एक (नियोनेटल) वेंटिलेटर भी डोनेट किया गया। यह वेंटिलेटर बहुत गंभीर हालत में नवजात बच्चों को तुरंत जान बचाने वाला इलाज देने में सहायक साबित होगा। यह नयी सुविधाएं गुजरात की हेल्थ सर्विसेज को और ज़्यादा आसान और मज़बूत बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अत्याधुनिक साधन लगने से आम लोगों को उनके दरवाजे पर ही सबसे अच्छा इलाज मिलेगा।

## बारामती में दुर्घटनाग्रस्त विमान के ब्लैकबॉक्स जलकर नष्ट

**नयी दिल्ली।** महाराष्ट्र के बारामती में पिछले महीने हुए विमान हादसे के दोनों ब्लैक बॉक्स जलकर नष्ट हो चुके हैं और अब जांच सिर्फ डिजिटल फ्लाइट डाटा रिकॉर्डर (डीएफडीआर) तथा कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) के आधार पर होगी। बारामती में 28 जनवरी को वीएसआर वेंचर्स का लीयरजेट 45 विमान उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और उसमें आग लग गयी थी। हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और दोनों पायलट समेत विमान में सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गयी थी। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने मंगलवार को बताया कि विमान में दो स्वतंत्र फ्लाइट रिकॉर्डर (ब्लैक बॉक्स) थे। दोनों लंबे समय तक काफी अधिक तापमान में रहे जिससे वे क्षतिग्रस्त हो गये। ब्लैक बॉक्स के डाटा अब नहीं मिल सकेंगे। डीएफडीआर का डाटा एएआईबी फ्लाइट रिकॉर्डर प्रयोगशाला में डाउनलोड कर लिया गया है। कॉकपिट वॉयस रिकॉर्ड के डाटा के लिए विनिर्माता कंपनी हनीवेल के विशेषज्ञों को बुलाया गया है।

# ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा का पांच दिवसीय भारत दौरा आज से

एजेंसी

नयी दिल्ली। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा बुधवार को भारत की पांच यात्रा पर यहां पहुंच रहे हैं और इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय रणनीतिक समझौते करेंगे।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार श्री दा सिल्वा भारत की सरकारी यात्रा पर आएंगे और वह भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए वार्ता करेंगे। इस वार्ता में रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, कृषि और स्वास्थ्य क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। राष्ट्रपति दा सिल्वा के इस दौरे के दौरान ऊर्जा, नागरिक उड्डयन, महत्वपूर्ण खनिज और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।

राष्ट्रपति दा सिल्वा अपनी भारत यात्रा के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलेंगे। बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति ने इस दौरान उनके सम्मान में भोज का आयोजन भी करेंगी। श्री दा सिल्वा इस दौरान उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से भी मुलाकात करेंगे। सूत्रों ने यह भी बताया कि ब्राजील के राष्ट्रपति इस दौरान भारतीय पर्यटकों के लिए 10 साल का बहु-प्रवेश वीजा शुरू करने और दोनों देशों के बीच व्यापार वीजा नियमों को सरल बनाने को लेकर भी समझौता कर सकते हैं। इस समझौते से भारतीय पर्यटकों को ब्राजील में बहु प्रवेश की अनुमति दी जा सकती है। आधिकारिक सूत्रों ने यह भी बताया कि श्री दा सिल्वा 19-20 फरवरी को यहां चल रहे भारत-एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और 21 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी के साथ वार्ता करेंगे। ब्राज़ील के राष्ट्रपति लगभग 14 कैबिनेट मंत्रियों और 200 से अधिक व्यापारिक नेताओं सहित एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत यात्रा पर आ रहे हैं। ब्राजील के किसी नेता की यह अब तक की सबसे बड़ी ब्राज़ीलियाई प्रतिनिधिमंडल यात्रा होगी। राष्ट्रपति और उनके साथ आए व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल निवेश और वाणिज्यिक एकीकरण को बढ़ावा देने पर चर्चा करने के लिए ब्राज़ील-भारत व्यापार मंच में भाग लेंगे। श्री दा सिल्वा की यह छठी भारत यात्रा होगी। उन्होंने पहली बार 2004 में गणतंत्र दिवस समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप में भारत की यात्रा की थी और फिर सितंबर 2023 में जी20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत आए थे। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति दा सिल्वा इस बीच लगातार मुलाकात करते रहे हैं।

# मानवाधिकारों की रक्षा दायित्व सरकार के साथ साथ लोगों की भी : एनएचआरसी

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के महासचिव भरत लाल ने कहा है कि मानवाधिकारों की रक्षा और संवर्धन का दायित्व केवल सरकार ही नहीं बल्कि लोगों की भी है।

एनएचआरसी का वर्ष 2026 का प्रथम द्विसाप्ताहिक ऑनलाइन अल्पकालिक इंटर्नशिप कार्यक्रम संपन्न हो गया है। यह कार्यक्रम दो फरवरी को आरंभ हुआ था। दूरवर्ती क्षेत्रों सहित 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 71 विश्वविद्यालय स्तरीय छात्रों ने इसे सफलतापूर्वक पूरा किया। इस अवसर पर श्री भरत लाल ने प्रशिक्षुओं को इंटर्नशिप पूरी होने पर बधाई देते हुए आह्वान किया कि वे इंटर्नशिप के दौरान प्राप्त ज्ञान को आत्मसात करें जिससे उनमें संवेदनशीलता और दायित्वबोध विकसित हो और वे अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक आदर्श नागरिक बनें। उन्होंने परिवर्तन का उत्प्रेरक बनने के लिए उनसे आत्मनिरीक्षण और कार्यों के चिंतन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मानवाधिकारों की रक्षा और संवर्धन का दायित्व केवल सरकार ही नहीं बल्कि लोगों की भी है। उन्होंने कहा कि न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व संवैधानिक ढांचे के स्तंभ हैं जो सभी के साथ सम्मान, गरिमा और समानता का व्यवहार सुनिश्चित करते हैं। अधिकांशतः असुरक्षित लोग परिस्थितियों के शिकार होते हैं। भिखारी, ट्रांसजेंडर, दिव्यांग जन आदि को अक्सर अपने अधिकारों और गरिमा के गंभीर उल्लंघन का सामना करना पड़ता है और उन्हें उनका अधिकार दिलाने में सहायता की आवश्यकता पड़ती है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से स्कूलों का दौरा कर विद्यार्थियों में स्वच्छता, साफ-सफाई, यौन अपराधों और ऐसे अन्य मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाने को कहा जो मानवाधिकारों को प्रभावित करते हैं।

उन्होंने जोर दिया कि ऐसे छोटे प्रयासों से ही समाज में सार्थक योगदान दिया जा सकता है।

## एआई वैश्विक सम्मेलन में कुप्रबंधन की खबरें सरकार की अक्षमता का परिणाम : खरगे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि एआई पर वैश्विक सम्मेलन का आयोजन दुनिया में भारत की क्षमताओं को प्रदर्शित करने का एक बेहतर अवसर था लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रचार पाने की भूख के कारण इस शिखर सम्मेलन का पूरा माहौल अराजक हो गया है। श्री खरगे ने मंगलवार को यहां एक बयान में कहा कि भारत की डिजिटल और एआई क्षमताओं को प्रदर्शित करने का यह एक शानदार अवसर था लेकिन इस एआई शिखर सम्मेलन में अव्यवस्थाओं को लेकर खबरें आ रही हैं। उनका कहना था कि खबरों के अनुसार 'प्रचार की भूखी' मोदी सरकार के घोर कुप्रबंधन के कारण यह सम्मेलन अराजकता में तब्दील हो गया है। इसमें शामिल संस्थाएं, अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने वाले लोगों तथा आगंतुकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले ही दिन फोटो खिंचवाने के लिए सम्मेलन स्थल पर अचानक पहुंचने के कारण लोगों को सुरक्षा कारणों से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने अपने बयान में कहा ''बताया जा रहा है कि प्रदर्शकों को भोजन और पानी नहीं मिला, उनके उत्पाद चोरी हो गए, डिजी यात्रा बुरी तरह विफल रही, लैपटॉप, व्यक्तिगत इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और यहाँ तक कि बैग भी प्रतिबंधित कर दिए गए, डिजिटल यूपीआई भुगतान के बजाय केवल नकद भुगतान स्वीकार किया गया और हितधारकों को बुनियादी सुविधाओं के बिना भारी रकम चुकानी पड़ी। उन्हें और भी कई कारणों से परेशानी हुई।' श्री खरगे ने कहा ''यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे देश को अपनी ही सरकार की अक्षमता के कारण इस वैश्विक शर्मिंदगी का सामना करना पड़ रहा है। शायद मोदी सरकार को बेंगलुरु टेक समिट (बीटीएस) से सीखना चाहिए, जो इस तरह के बड़े पैमाने पर डिजिटल और तकनीकी सम्मेलनों को सुचारू रूप से आयोजित करने का वार्षिक कार्यक्रम है।

## एआई को तेजी से अपना रहा है भारत : प्रधान

**नयी दिल्ली।** शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि दुनिया तेज़ी से भारत की तरफ देख रही है क्योंकि देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को बहुत तेज़ी से अपना रहा है। श्री प्रधान ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में ''भारत में एआई की सीमा को आगे बढ़ाना'' पर मंगलवार को आयोजित एक सत्र में हिस्सा लिया। इस दौरान श्री प्रधान ने सम्मेलन को भारत में एआई की वृद्धि को दिखाने और तेज़ करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोची हुई एक नई पहल बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया तेज़ी से भारत की तरफ देख रही है क्योंकि देश एआई को बहुत तेज़ी से अपना रहा है। उन्होंने भरोसा जताया कि एआई भारत को ग्लोबल नॉलेज सुपरपावर बनाने में एक बदलाव लाने वाली भूमिका निभाएगा और विकसित भारत 2047 के विज़न में अहम योगदान देगा। उन्होंने कहा कि भारतीय युवा पिछली पीढ़ियों से अलग तरीके से सोच रहे हैं। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि शिक्षा में एआई और एआई में शिक्षा आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं इसलिए छात्रों और युवाओं को एआई का प्रयोग करके सशक्त बनने की अपील की।

# पेज एक का शेष

### तारिक रहमान...

होंगे। पूर्ण कैबिनेट रैंक पाने वालों में मिर्ज़ा फखरुल इस्लाम आलमगीर, अमीर खुसरू महमूद चौधरी, सलाहुद्दीन अहमद, इकबाल हसन महमूद, मेजर (सेवानिवृत्त) हाफिज उद्दीन अहमद बीर बिक्रम, अबू जफर मोहम्मद जाहिद हुसैन, डॉ. खलीलुर रहमान (टेक्नोक्रेट), अफरोजा खानम रीता और निताई रॉय चौधरी शामिल होंगे। वहीं, राज्य मंत्री बनने वालों की सूची में एम राशिदुज्जमां मिल्लत, अनिंद्य इस्लाम अमित, मोहम्मद शरीफुल आलम, शमा ओबैद इस्लाम, सुल्तान सलाहुद्दीन टुकू, बैरिस्टर कैसर कमाल और फरजाना शरमीन शामिल हैं। इससे पहले सुबह, बीएनपी सांसदों को मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिरउद्दीन ने बंगलादेश राष्ट्रीय संसद के साउथ प्लाजा में शपथ दिलाई। यह उन संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप है जो अध्यक्ष या उपाध्यक्ष की अनुपस्थिति में चुनाव प्रमुख को यह जिम्मेदारी सौंपते हैं। तारिक रहमान (60) पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के संस्थापक एवं पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान के पुत्र हैं। सत्रह साल के स्वनिर्वासन के बाद तारिक रहमान के बांग्लादेश लौटने के कुछ समय बाद ही उनकी मां का दिसंबर 2025 में निधन हो गया था। गौरतलब है कि 1981 में एक सैन्य तख्तापलट के दौरान जियाउर रहमान की हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद खालिदा जिया ने राजनीति में प्रवेश किया और पहली बार 1991 में प्रधानमंत्री का पद संभाला। तारिक रहमान 2018 में अपनी मां की जेल यात्रा के बाद से पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे। सांसदों के शपथ ग्रहण के बाद, मुख्य चुनाव आयुक्त ने संविधान सुधार आयोग के सदस्यों को भी शपथ दिलाई। संसद परिसर के चारों ओर चार-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित इस समारोह में एक हजार से अधिक स्थानीय और विदेशी मेहमान शामिल हुए। पार्टी सूत्रों के अनुसार, बीएनपी सांसदों ने अपनी संसदीय दल की बैठक में निर्णय लिया कि वे शुल्क-मुक्त वाहन या सरकारी आवास स्वीकार नहीं करेंगे। बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11-दलीय गठबंधन से निर्वाचित सांसदों और निर्दलीय सदस्यों ने भी मंगलवार को शपथ ली। उन्होंने भी संविधान सुधार आयोग के सदस्यों के रूप में शपथ ली। इससे पहले, बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के नायब-ए-अमीर अब्दुल्ला मुहम्मद ताहेर ने कहा था कि यदि बीएनपी सांसद शपथ लेने से इनकार करते हैं, तो उनकी पार्टी भी आयोग के सदस्य के रूप में शपथ लेने से परहेज करेगी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी संवैधानिक सुधार के बिना संसद को 'अर्थहीन' मानती है। यह समारोह शेख हसीना सरकार के पतन के बाद कार्यभार संभालने वाली अंतरिम सरकार के अंत का भी प्रतीक है। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने अपने विदाई भाषण में संस्थागत सुधारों और 'जुलाई चार्टर' के मसौदे पर सरकार के ध्यान का उल्लेख किया। उल्लेखनीय है कि जुलाई चार्टर का उद्देश्य तानाशाही की प्रवृति को रोकना और बंगलादेश के लोकतांत्रिक संस्थानों में स्थिरता सुनिश्चित करना है।

### नेताओं को देश में ...

अंततः सिब्बल के अनुरोध पर मामले को दो सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया, इस दौरान नई याचिका दायर की जाएगी। याचिका पूर्व सिविल सेवकों, राजनयिकों, शिक्षाविदों और सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित बारह नागरिकों के समूह द्वारा दायर की गई है। इसमें विभिन्न सार्वजनिक पदाधिकारियों द्वारा दिए गए कथित भड़काऊ और विभाजनकारी भाषणों का उल्लेख करते हुए सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया गया है कि ऐसे भाषण संवैधानिक मूल्यों – समानता, धर्मनिरपेक्षता, बंधुत्व तथा अनुच्छेद 14 और 21 के मानकों – के अनुरूप होने चाहिए और इसके लिए उपयुक्त दिशानिर्देश बनाए जाएं, बिना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अनावश्यक प्रतिबंध लगाए।

### भारत एवरेस्ट तक...

संभव नहीं है, इसके लिए साथ मिलकर काम करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि इस इनोवेशन ईयर के दौरान दोनों देशों का लक्ष्य लोगों के बीच संबंधों को और मजबूत करना है। चाहे रक्षा का क्षेत्र हो, स्वच्छ ऊर्जा, अंतरिक्ष या नई तकनीकें, हर क्षेत्र में दोनों देश अपने उद्योगों और इनोवेटर्स को एक-दूसरे से जोड़ेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्टार्टअप और छोटे व मध्यम उद्योगों के बीच मजबूत नेटवर्क बनाया जाएगा। साथ ही छात्रों और शोधकर्ताओं के बीच आदान-प्रदान आसान किया जाएगा और जॉइंट इनोवेशन के लिए नए सेंटर भी खोले जाएंगे मैक्रों ने कहा कि मेरे चौथे भारत दौरे पर स्वागत करने के लिए पीएम मोदी का धन्यवाद। हमने ये भी फैसला किया है कि इस साझेदारी को स्पेशल स्ट्रैटेजिक साझेदारी में बदलेंगे। हम पिछले 8 सालों से यही कर रहे हैं। स्पेशल स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप का मतलब है दो देशों के बीच ऐसी खास और मजबूत साझेदारी, जिसमें वे लंबे समय तक महत्वपूर्ण क्षेत्रों में मिलकर काम करते हैं। इसमें दोनों पक्ष रक्षा, व्यापार, तकनीक या सुरक्षा जैसे जरूरी मामलों में एक-दूसरे की मदद करते हैं। दोनों देशों ने भारत-फ्रांस संबंधों को ''विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी'' के स्तर तक उन्नत करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया। उन्होंने इस उन्नत साझेदारी और फ्रांस के होराइजन 2047 रोडमैप के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा के लिए वार्षिक विदेश मंत्रियों के बीच संवाद की शुरूआत की है। दोनों पक्षों ने प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के क्षेत्र में भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष की शुरुआत के साथ-साथ भारत-फ्रांस नवाचार नेटवर्क का शुभारंभ किया। उन्होंने रक्षा एवं सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग को बढाते हुए कर्नाटक के वेमगल में एच125 हेलीकॉप्टर की असेंबली लाइन का उद्घाटन किया। दोनों देशों ने रक्षा सहयोग समझौते का नवीनीकरण भी किया। इसके अलावा भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और सैफरान के बीच भारत में हैमर मिसाइलों के उत्पादन के संयुक्त उद्यम की भी सहमति बनी। साथ ही भारतीय थलसेना और फ्रांसीसी थलसेना प्रतिष्ठानों में अधिकारियों की पारस्परिक तैनाती पर भी सहमति व्यक्त की गयी। दोनों देशों ने रक्षा सहित महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में संयुक्त उन्नत प्रौद्योगिकी विकास समूह के गठन, महत्वपूर्ण खनिज एवं धातुओं में सहयोग की संयुक्त घोषणा और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) और फ्रांस के सीएनआरएस के बीच उन्नत सामग्रियों पर केंद्र स्थापित करने हेतु आशय पत्र पर भी सहमति व्यक्त की। भारत और फ्रांस ने अर्थव्यवस्था, स्टार्टअप, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, नवीकरणीय ऊर्जा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में भारत और फ्रांस के बीच दोहरा कराधान परिहार समझौते में संशोधन प्रोटोकॉल, टी-हब और नॉर्ड फ्रांस के बीच स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी में रणनीतिक सहयोग हेतु आशय पत्र की घोषणा की। उन्होंने डीएसटी और सीएनआरएस के बीच वैज्ञानिक सहयोग हेतु समझौता ज्ञापन, भारत-फ्रांस डिजिटल विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र की स्थापना पर संयुक्त आशय घोषणा, नई दिल्ली स्थित एम्स में इंडो-फ्रेंच एआई इन हेल्थ सेंटर के शुभारंभ, जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) और एएनआरएस (फ्रांस) के बीच संक्रामक रोग एवं वैश्विक स्वास्थ्य अनुसंधान में अनुसंधान एवं विकास सहयोग हेतु आशय पत्र, भारत- फ्रांस मेटाबोलिक हेल्थ साइंसेज सेंटर की स्थापना हेतु समझौता, एरोनॉटिक्स क्षेत्र में कौशल विकास के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना हेतु आशय पत्र, नवीकरणीय ऊर्जा सहयोग पर भारत के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और फ्रांस के अर्थव्यवस्था, वित्त एवं औद्योगिक, ऊर्जा और डिजिटल संप्रभुता मंत्रालय के बीच समझौता ज्ञापन के नवीनीकरण के साथ-साथ भारत के डाक विभाग और ला पोस्ट, फ्रांस के बीच आशय पत्र की भी घोषणा की गयी।

### विधायक की पत्नी...

नाम काटने की शिकायतें भी फर्जी पाई गई। बस्ती में सिर्फ इकाई में वोटरों के नाम ही कटे हैं। ऐसे में निराधार आरोप लगाए जा रहे हैं। नवदीप रिणवा ने कहा है कि कोई भी व्यक्ति किसी का नाम वोटर लिस्ट से ऐसे ही नहीं कटवा सकता। अगर कोई व्यक्ति मतदाता सूची से किसी दूसरे व्यक्ति का नाम कटवाना चाहता है तो उसके लिए एक पारदर्शी प्रक्रिया है। पहला तो उस वोटर को उसी विधानसभा क्षेत्र का मतदाता होना चाहिए, जहां से वह किसी दूसरे का नाम कटवाने को फॉर्म-7 भर रहा है। फिर उसे अपना नाम, वोटर आईडी कार्ड नंबर, वोट कटवाने का कारण और फिर हस्ताक्षर करने होते हैं। फॉर्म -7 भरकर आपत्ति करने वाले व्यक्ति और जिसका नाम काटा जाना है दोनों को नोटिस देकर सुनवाई की जाती है। फिर साक्ष्यों के आधार पर यह तय किया जाता है कि नाम काटा जाना है या नहीं। राजधानी स्थित उपाम में चित्रकूट, बलरामपुर, बस्ती, हाथरस, श्रावस्ती एवं कौशांबी के डीएम व 55 ईआरओ को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन करने और शिकायतों का निस्तारण करने के बारे में जानकारी दी गई। ईआरओ नेट प्रणाली, बीएलओ एप और मतदाता सूची प्रबंधन से जुड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म की जानकारी दी गई।

### 'लाल आतंक' का ...

प्रशासन के अनुसार, सरकार की पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति, बेहतर जीवन की संभावनाओं और विकास कार्यों के विस्तार से प्रभावित होकर नक्सलियों ने हथियार छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का निर्णय लिया है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को नियमानुसार पुनर्वास सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रशासनिक अधिकारियों ने इसे नक्सल मुक्त भारत अभियान की दिशा में एक मजबूत कदम बताया है। उनका कहना है कि आने वाले समय में नक्सलवाद के प्रभाव वाले क्षेत्रों में शांति, विकास और विश्वास का माहौल और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। यह कदम क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### मोदी अगले हफ्ते...

गुलधर, मुरादनगर, मोदीनगर साउथ, मोदीनगर नॉर्थ और मेरठ साउथ जैसे खास स्टेशन शामिल हैं। वे बड़े आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक क्लस्टर को जोड़ने वाले रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम की रीढ़ हैं। आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य में छह कॉरिडोर पर मेट्रो सेवा दी जा रही है और मेरठ कॉरिडोर का उद्घाटन प्रधानमंत्री 22 फरवरी को करेंगे।

### 27 साल बाद शिया...

की ओर से डीजीसी फौजदारी एवं एडीजीसी ने 9 गवाहों की न्यायालय में गवाही कराई। अदालत ने 13 फरवरी को ही 12 आरोपितों को दोषी करार दिया और अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 17 फरवरी मंगलवार की तिथि तय की थी। आज सजा पर सुनवाई करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश जय प्रकाश पांडेय की अदालत ने हुसैन अहमद निवासी हैदराबाद, मोहम्मद अयूब फैजी, फहीम अख्तर, असरार अहमद, मोहम्मद याकूब सभी निवासी दुल्हनपूरा, अली जहीर, इरशाद निवासी पूरा सोफी, मोहम्मद असद, अफजाल, अलाउद्दीन, दिलशाद व वसीम निवासी हैदराबाद को आजीवन कारावास की सजा और प्रत्येक को 66 हज़ार 500 का अर्थदंड भी लगाया है। इनमें मोहम्मद अयूब फैजी, फहीम अख्तर और मोहम्मद याकूब सगे भाई हैं।

### आज शुरू होंगी...

परिषद, प्रयागराज के टोल-फ्री नंबर 18001805310 एवं 18001805312 भी सक्रिय रहेंगे। ईमेल, फ़ेसबुक, एक्स हैंडल और व्हाट्सएप के माध्यम से भी शिकायत एवं सुझाव दर्ज कराए जा सकेंगे। प्रयागराज मुख्यालय के साथ-साथ वाराणसी, मेरठ, बरेली और गोरखपुर के क्षेत्रीय कार्यालयों में भी कंट्रोल सेंटर स्थापित किए गए हैं। नकल रोकने के लिए विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। आकस्मिक स्थिति के लिए सभी विषयों के अतिरिक्त रिजर्व प्रश्नपत्र सेट डबल लॉक अलमारी में सुरक्षित रखे गए हैं। उत्तर पुस्तिकाओं में चार रंगों में क्रमांक, परिषद का लोगो तथा सूक्ष्म ळ्ठघ्ख्रट्टघ्ङ्क अंकन सहित विशेष सुरक्षा फीचर जोड़े गए हैं, जिससे अदला-बदली की संभावना समाप्त हो सके। इस वर्ष पहली बार यूपी संस्कृत शिक्षा परिषद की परीक्षा की भी ऑनलाइन मॉनीटरिंग की जाएगी। प्रदेश में लागू 'उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024' के तहत प्रश्नपत्र निर्माण, मुद्रण, वितरण, मूल्यांकन आदि में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर कठोरतम कार्रवाई का प्रावधान है। मंत्री ने कहा कि सार्वजनिक परीक्षाओं में कदाचार युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय है और सरकार ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए अपील की कि वे बिना तनाव और भय के आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें तथा इसे एक सकारात्मक अवसर के रूप में लें। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव (बेसिक और माध्यमिक शिक्षा) पार्थ सारथी सेन शर्मा, सचिव, माध्यमिक शिक्षा चन्द्र भूषण सिंह, महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी, विशेष सचिव, माध्यमिक शिक्षा उमेश चन्द्र और शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) डॉ महेन्द्र देव उपस्थित रहे।

# धामी सरकार का अभियान तेज शत्रु संपत्तियां होंगी कब्जा मुक्त

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



देहरादून। उत्तराखंड में चिन्हित शत्रु संपत्तियों को लेकर एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के बाद प्रशासन ने राज्यभर में चिन्हित शत्रु संपत्तियों की फाइलें खंगालने शुरू कर दी हैं।केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि चिन्हित शत्रु संपत्तियों को जिलाधिकारी अपने कब्जे में लेकर शासन के माध्यम से रिपोर्ट भेजें। इन संपत्तियों का उपयोग केवल जनहित में किया जा सकता है और इन्हें किसी निजी व्यक्ति को हस्तांतरित नहीं किया जा सकता।सरकारी आंकड़ों के अनुसार, उत्तराखंड में कुल 34 शत्रु संपत्तियां चिन्हित हैं। नैनीताल स्थित एक शत्रु संपत्ति को खाली कराकर उसके जनहित में उपयोग की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। हरिद्वार और उधम सिंह नगर के किच्छा क्षेत्र में भी शत्रु संपत्तियों के मामले सामने आए हैं। आईएसबीटी के पास टर्नर रोड पर करीब 70 बीघा भूमि शत्रु संपत्ति के रूप में चिन्हित है। माजरा क्षेत्र में लगभग 1800 बीघा जमीन भी शत्रु संपत्ति के रूप में दर्ज बताई जा रही है। इन दोनों संपत्तियों की अनुमानित कीमत अरबों रुपये में आंकी जा रही है। देहरादून में फैज मोहम्मद के नाम दर्ज संपत्तियों की कार्रवाई फिर धीमी पड़ती दिखाई दे रही है। आरोप है कि कुछ भू-माफिया फर्जी दस्तावेजों के आधार पर इन जमीनों पर अवैध कब्जा जमाए हुए हैं।सूत्रों के अनुसार, 34 शत्रु संपत्तियों की फाइलें खोली गई थीं। जिला प्रशासन ने कुछ मामलों में दस्तावेजों की जांच और मौका मुआयना भी किया, लेकिन इसके बाद फाइलें ठंडे बस्ते में चली गईं।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य में चिन्हित सभी शत्रु संपत्तियों की पहचान करा ली गई है और अब उन्हें अवैध कब्जों से मुक्त कराने की प्रक्रिया जारी है। उत्तराखंड में जितनी भी शत्रु संपत्तियों के विषय में केंद्र से सूचना आई है, उनकी पहचान कराई गई है। शासन स्तर से सभी जिला अधिकारियों को कहा गया है कि वे इन्हें खाली करवा कर उनका जनहित में उपयोग करें। नैनीताल स्थित शत्रु संपत्ति को प्रशासन खाली करा चुका है। इसका उपयोग पार्किंग के लिए किए जाने की अनुमति दी गई है। बताया जाता है कि उत्तराखंड गठन के बाद भी देहरादून और हरिद्वार के पुराने राजस्व अभिलेख सहारनपुर कमिश्नरी में सुरक्षित थे। इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर कथित रूप से फर्जीवाड़ा किया गया। पूर्व में जिला प्रशासन की ओर से मूल अभिलेख मंगवाने के बाद जांच शुरू हुई थी, लेकिन अब कार्रवाई की रफ्तार धीमी है। उन संपत्तियों को शत्रु संपत्ति घोषित किया गया है, जिनके मालिक देश विभाजन के समय पाकिस्तान या बाद में चीन जाकर बस गए और वहां की नागरिकता ले ली। ऐसी संपत्तियों का नियंत्रण केंद्र सरकार के अधीन होता है।

# भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दी श्रद्धांजलि

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पटना। भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को देशरत्न मार्ग स्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में राज्य के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, कृषि मंत्री रामकृपाल यादव सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर जननायक कर्पूरी ठाकुर के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस अवसर पर कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की ओर से सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जननायक कर्पूरी ठाकुर के जीवन, संघर्ष और कृतित्व पर आधारित गीत, भजन-कीर्तन तथा निर्गुण गीत प्रस्तुत किए गए। कलाकारों ने उनके सामाजिक न्याय, समानता और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को सांगीतिक प्रस्तुति के माध्यम से याद किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि कर्पूरी ठाकुर का जीवन सादगी, ईमानदारी और जनसेवा का प्रतीक रहा। उन्होंने शिक्षा और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में ऐतिहासिक निर्णय लेकर समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया। समारोह के अंत में उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाबः मोहाली में स्कूल व अस्पताल को बम से उड़ाने की धमकी

**चंडीगढ़।** राजधानी चंडीगढ़ से सटे मोहाली में एक बार फिर से स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मंगलवार सुबह यह धमकी मिलने से स्कूलों में अफरातफरी मच गई। आज ही सीबीएससी तथा अन्य कई कक्षाओं की परीक्षाएं भी शुरू हुई हैं। मोहाली के जिन स्कूलों को धमकी दी गई है वह सभी फोर्टिस हार्ट अस्पताल के आसपास हैं। फोर्टिस में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान उपचाराधीन हैं। वह सोमवार रात दोबारा यहां भर्ती हुए हैं। स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्कूलों को खाली करवा लिया गया है। आज सुबह साढ़े 8 बजे के करीब यह मेल आई है जिसमें स्कूल के साथ-साथ फोर्टिस अस्पताल का भी जिक्र है। मेल मिलने के बाद एक तरफ से फ़ेज-2 के ज्ञान ज्योति स्कूल में छुट्टी कर दी है, वहीं फोर्टिस अस्पताल की सुरक्षा की भी बढ़ा दी गई है। पुलिस ने अभी इस बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। बताया गया है कि खालिस्तान नेशनल आर्मी के नाम से ये धमकी जारी की गई है। इससे पहले भी इस तरह की धमकियां मोहाली और चंडीगढ़ में सामने आ चुकी है जो झूठी निकली है लेकिन पंजाब पुलिस सतर्कता के साथ पूरे मामले की जांच कर रही है।

### मोहाली प्रशासन ने फ़ेज-10 में अवैध कब्जों पर की बड़ी कार्रवाई

**मोहाली।** पंजाब के मोहाली प्रशासन ने शहर को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के लिए शुरू की गयी विशेष मुहिम के तहत प्रशासन ने आज फ़ेज-10 क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। प्रशासन की टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में अवैध रूप से किये गये निर्माणों और कब्जों को हटाने की कार्रवाई की। बुलडोजर की मदद से सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थानों पर किये गये अस्थायी ढांचों को तोड़ा गया। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे।

### प्रशासनिक निष्पक्षता की रक्षा के लिए राज्यपाल तत्काल हस्तक्षेप करें: कैंथ

**चंडीगढ़।** पंजाब भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के उपाध्यक्ष परमजीत सिंह कैंथ ने मोगा में सोमवार को भगवंत मान सरकार द्वारा आयोजित नशा विरोधी रैली के दौरान राज्य की प्रशासनिक मशीनरी के कथित दुरुपयोग की कड़ी निंदा की है। श्री कैंथ ने मंगलवार को कहा कि वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों तथा पुलिस प्रशासन की एक राजनीतिक मंच पर दिखाई देने वाली उपस्थिति और भागीदारी नौकरशाही की निष्पक्षता के संवैधानिक सिद्धांत पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सिविल सेवक संविधान और पंजाब की जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं, न कि किसी राजनीतिक दल के प्रचार या पक्षपातपूर्ण लाभ के साधन बनने के लिए।

### मुख्यमंत्री ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में शामिल हो रहे विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह समय वर्षभर के परिश्रम को निखारने का एक सुनहरा अवसर है और विद्यार्थियों को पूरे आत्मविश्वास एवं उत्साह के साथ परीक्षा में भाग लेना चाहिए। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट पर अपने संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को परीक्षा को उत्सव की तरह लेने की प्रेरणा दी है। उनका मूल मंत्र ल्लआपका आत्मविश्वास ही आपकी सबसे बड़ी पूंजी हैङ्क छात्रों को मानसिक रूप से मजबूत बनाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रसन्नचित्त होकर अपनी मेधा का परिचय देने और धैर्य एवं निरंतर प्रयास को अपनी असली शक्ति बनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि दिल्ली के छात्र अपनी लगन और मेहनत से सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

### छात्रों को लेकर पटना जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त दो शिक्षकों की मौत, 11 छात्र जख्मी

डेहरी ओन सोन। रोहतास जिले के परसथूआ थाना क्षेत्र के ग्राम सोहसा के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 319 पर छात्रों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो शिक्षक की मौत हो गई,जबकि पांच शिक्षक और 11 छात्र गंभीर रूप से जख्मी हैं। पुलिस के अनुसार सभी शिक्षक और छात्र कैमूर जिला के चैनपुर थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय बढौना के हैं। बस छात्रों और शिक्षकों को लेकर शैक्षणिक परिभ्रमण पर पटना जा रही थी। घटना सोमवार रात डेढ़ बजे की बताई जाती है। मृतकों में शिक्षक पुनीत कुमार और सुमित कुमार शामिल हैं। एसपी रौशन कुमार ने बताया कि बस दुर्घटना में दो शिक्षक की मौत हो गई है तथा पांच शिक्षक और 11 छात्र जख्मी हुए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम ले जाया गया है। बताया कि बस कुल सात शिक्षक और 36 छात्र के अलावा एक अभिभावक भी सवार थे। एसपी ने बताया कि दोनों शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल सासाराम ले जाया गया है।

### मैट्रिक परीक्षा शुरू होते ही क्लासरूम का वीडियो वायरल, प्रशासन में हड़कंप

**सीवान।** मैट्रिकुलेशन परीक्षा शुरू होते ही एक परीक्षा केंद्र के क्लासरूम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो जाने से प्रशासनिक महकमे में खलबली मच गई है। महाराजगंज अनुमंडल में कुल 29 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से एक केंद्र गोरखनाथ आईटीआई, सीवान है, जो दारौंदा प्रखंड के अंतर्गत आता है।बताया जा रहा है कि परीक्षा शुरू होते ही अंदर के क्लासरूम का लाइव वीडियो प्रिंस सिंह आईडी से बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया गया। कुछ ही देर में वीडियो तेजी से वायरल हो गया और चर्चा का विषय बन गया। मामला प्रशासन तक पहुंचते ही अधिकारियों के बीच सवाल उठने लगे कि सख्त निगरानी और प्रतिबंध के बावजूद क्लासरूम के अंदर वीडियो कैसे बनाया गया। परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों को जूता-मोजा पहनकर प्रवेश की अनुमति नहीं है। साथ ही किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, विशेषकर मोबाइल फोन, लेकर जाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। केंद्र अधीक्षक को छोड़कर किसी भी शिक्षक या कर्मी को मोबाइल लेकर केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाती।ऐसे में क्लासरूम के अंदर से वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट किया जाना नियमों के विरुद्ध माना जा रहा है। अब प्रशासन इस मामले की जांच में जुट गया है और संबंधित व्यक्ति की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

## नैनीताल जिला अदालत को दोबारा बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा बढ़ाई गई

नैनीताल। नैनीताल जिला अदालत को मंगलवार को लगातार दूसरे दिन बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड ने कोर्ट परिसर की जांच की है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आधिकारिक ईमेल पर सुबह 7:11 बजे प्राप्त धमकी भरे संदेश में दावा किया गया कि कोर्ट परिसर में मानव बम और आरडीएक्स से बने विस्फोटक पहले ही रखे जा चुके हैं और वे 11:15 बजे फटेंगे। ईमेल में यह कहा गया कि तमिल टाइगर्स ऑफ ईलम और पाकिस्तानी आईएसआई के सदस्य न्यायालय परिसर में आकर रिमोट कंट्रोल या खुद विस्फोट करके सभी को निशाना बनाएंगे। धमकी मिलते ही पुलिस ने तुरंत बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वायड को न्यायालय परिसर में तैनात कर पूरे क्षेत्र की सघन जांच कराई। प्रशासन ने एहतियातन परिसर को खाली कराकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।

# मुख्यमंत्री ने सड़क सुरक्षा व पर्यावरण जागरूकता दौड़ को दिखाई हरी झंडी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को देहरादून के कैंट रोड से सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित पांच किलोमीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ में विभिन्न आयु वर्गों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना और पर्यावरण की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। राज्य सरकार सड़क सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लगातार ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से आमजन में जागरूकता बढ़ती है और युवा पीढ़ी को सकारात्मक संदेश मिलता है।

## पटियाला में खेत से तोड़ते समय मटर खाने के बाद संदिग्ध हालात में युवती की मौत

चंडीगढ़। पंजाब के पटियाला जिले के अंतर्गत गांव सधानपुर की रहने वाली नाबालिग प्राची देवी की मटर खाने के बाद संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों के अनुसार प्राची 10 फरवरी को अपने पिता के साथ खेत से मटर तोड़ रही थी। इस दौरान उसने कुछ मटर छिलका समेत खा लिए। कुछ देर बाद उसे उल्टियां आने लगीं और हालत गंभीर हो गई। उसे पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया और फिर राजिंदरा अस्पताल में भर्ती करवाया गया। डॉक्टरों ने उसे 15 फरवरी को पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया, वहां इलाज के दौरान बीती रात उसकी मौत हो गई। मृतका के पिता जसवंत सिंह ने बताया कि उन्होंने भी खेत में वही मटर खाए थे, जिसके बाद उन्हें भी उल्टियां हुईं। शक है कि खेत में कीटनाशक छिड़काव के कारण यह घटना हुई हो सकती है। बहरहाल पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज करके अगली कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सम्राट चौधरी ने एआई इंपैक्ट समिट में बिहार स्टॉल का किया उद्घाटन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नई दिल्ली। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने यहां के भारत मंडपम में आयोजित एआई इंपैक्ट समिट परिसर में मंगलवार को बिहार स्टॉल का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह भी मौजूद रहे।

सम्राट चौधरी ने कहा कि आज हम विकसित भारत 2047 की कल्पना कर रहे हैं और इसे जमीन पर उतारने का समय आ गया है। बिहार सरकार ने उद्योगों के लिए अच्छी नीतियां बनाई हैं, वैश्विक क्षमता केंद्र और सेमीकंडक्टर कानून लागू किए हैं। इसी वजह से एआई से जुड़े लोगों का बिहार में स्वागत किया जाएगा। लोग बिहार आएं, सरकार एआई से जुड़कर इसका पूरा लाभ उठाएगी। यह बिहार के लिए ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि एआई सम्मेलन बिहार के लिए नई शुरुआत है। सेमीकंडक्टर और उद्योग नीति के जरिए बिहार विभिन्न क्षेत्रों में नए ढांचे तैयार करेगा। इससे बिहार को कृषि, शिक्षा और तकनीक में एआई का पूरा फायदा मिलेगा।

## ट्रैफिक पुलिस को ब्लैकमेल करने वाला गिरोह बेनकाब, महिला सरगना समेत तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी-रॉबरी एंड स्नैचिंग सेल (एआरएससी) ने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को फर्जी वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाले एक और गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में महिला सरगना समेत अब तक तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त संजीव यादव ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गए आरोपित की पहचान समालखा, हरियाणा निवासी 32 वर्षीय महिला (सरगना), सचिन (35) और सुल्तानपुरी निवासी आमिर उर्फ सिकंदर के रूप में हुई है। आमिर उगाही के लिए फोन करता था। जबकि सचिन वीडियो एडिट करता था। पुलिस ने आरोपितों के पास से वारदात में इस्तेमाल मोबाइल फोन बरामद किया हैं। पुलिस उपायुक्त के अनुसार क्राइम ब्रांच थाने में 19 जनवरी 2026 को एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि एक फर्जी और आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उनसे 1.20 लाख रुपये वसूले गए। पुलिस शिकायतकर्ता के बयान पर संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस उपायुक्त के अनुसार 10 फरवरी को पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर तीनों आरोपितों को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि हरियाणा के समालखा निवासी 32 वर्षीय महिला इस गिरोह की मास्टरमाइंड है। वह अपने साथियों के साथ दिल्ली आकर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की चालान कार्रवाई के दौरान छिपे कैमरों से वीडियो रिकॉर्ड करती थी।

## द्वारका में नाबालिग के स्टंट ने छीनी 23 वर्षीय साहिल की जिंदगी

नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर 'रील' बनाने के खतरनाक जुनून ने द्वारका में एक हंसते-खेलते परिवार की दुनिया उजाड़ दी। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो से स्टंट कर रहे एक नाबालिग छात्र ने बाइक सवार 23 वर्षीय साहिल धनेश्वरा को ऐसी टक्कर मारी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना में एक टैक्सी ड्राइवर भी गंभीर रूप से घायल है। घटना 03 फरवरी लालबहादुर शास्त्री कॉलेज के पास की है। मृतक की मां इना माकन ने हिन्दुस्थान सामाचार से बताया कि 03 फरवरी को साहिल रोज की तरह ऑफिस जा रहा था। आरोप है कि आरोपित नाबालिग अपनी बहन के साथ स्कॉर्पियो में रील बनाने निकला था। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में गाड़ी की तेज रफ्तार साफ नजर आ रही है।

आरोपित ने रॉन्ग साइड में गाड़ी घुसाकर बस के सामने स्टंट करने की कोशिश की। इसी दौरान साहिल की बाइक उसकी चपेट में आ गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो ने पहले बाइक को टक्कर मारी, फिर एक खड़ी कार और उसके बाद टैक्सी से जा भिड़ी। रुंधे गले से न्याय की गुहार लगाते हुए इना माकन ने कहा, ल्लउनके रील के शौक में मेरे कलजे का टुकड़ा चला गया। यह सिर्फ हादसा नहीं बल्कि गंभीर अपराध है।ङ्क उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपित के नाम पर पहले से ओवरस्पीडिंग के कई चालान दर्ज थे। इसके बावजूद उसे बिना लाइसेंस वाहन चलाने से नहीं रोका गया। उन्होंने न्याय की गुहार लगाई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार द्वारका साउथ थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 281, 106(1) और 125(ए) के तहत मामला दर्ज किया है। तीनों क्षतिग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया गया है और सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। वहीं मामले में तब नया मोड़ आया जब 10 फरवरी 2026 को किशोर न्याय बोर्ड ने आरोपित को 10वीं की बोर्ड परीक्षा के आधार पर अंतरिम जमानत दे दी। पहले उसे ऑब्जर्वेशन होम भेजा गया था। जमानत से पीड़ित परिवार में रोष है।

# रामनगर में बनेगी मल्टी स्टोरी पार्किंग शहर को जाम से मिलेगी राहत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रामनगर। कॉर्बेट और पर्यटन नगरी रामनगर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव तथा पर्यटकों की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन ने मल्टी स्टोरी पार्किंग निर्माण की दिशा में पहल तेज कर दी है। प्रस्तावित मल्टी स्टोरी पार्किंग में करीब 343 वाहनों को खड़ा करने की क्षमता होगी। इससे शहर में लंबे समय से चली आ रही पार्किंग समस्या और जाम की स्थिति से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए सड़कों की व्हाइट लाइनिंग, ट्रैफिक मैनेजमेंट और अन्य सुधारात्मक कार्य तेजी से किए जाएंगे। प्रशासन का लक्ष्य रामनगर को पर्यटन के अनुरूप सुव्यवस्थित, स्वच्छ और सुगम यातायात वाला शहर बनाना है, ताकि स्थानीय लोगों और पर्यटकों दोनों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। कॉर्बेट सफारी, वीकेंड पर्यटन और विभिन्न सीजनों में रामनगर में पर्यटकों की भारी आमद रहती है, जिसके कारण शहर की यातायात व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। ऐसे में यह पार्किंग परियोजना शहर के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि पुरानी तहसील के पास जिला विकास प्राधिकरण के तहत प्रस्तावित इस पार्किंग परियोजना को लेकर शासन के संज्ञान में है और जल्द ही इसकी ईएफसी (एक्सपेंडिचर फाइनेंस कमेटी) की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063